वर्ष 72 अंक 197 पृष्ठ 12+8= 20
रीवा, बुधवार 16 अप्रैल, 2025
वैशाख पक्ष 04, विक्रम संवत् 2082
नगर ■■ मूल्य 5 रुपए

आज के अंक के साथ सत्यकथा

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"कुछ लोगों की लापरवाही आसानी से डुबा सकती है, लेकिन अगर सभी की सही सहभागिता हो तो इससे सुरक्षित रूप से बाहर आया जा सकता है।

-सरदार वल्लभ भाई पटेल

## ऑफ बीट

### जिनेवा में नीलाम होगा होल्कर का नीला हीरा



*भारत की शाही विरासत से जुड़ा हीरा 'गोलकोंडा ब्लू' पहली बार नीलामी में बिकने जा रहा है। यह 23.24 कैरेट का चमकदार नीला हीरा है, जिसे पेरिस के मशहूर ज्वेलरी डिजाइनर जार ने एक खूबसूरत अंगूठी में जड़ा है। इसे 14 मई को जिनेवा में क्रिस्टीज नाम की नीलामी कंपनी नीलाम करेगी। इसकी कीमत 300 से 430 करोड़ रुपए (35 से 50 मिलियन डॉलर) के बीच आंकी गई है। क्रिस्टीज का कहना है कि इतने खास और शाही हीरे बहुत ही कम बार बिकने के लिए आते हैं। नाशपाती के आकार का यह हीरा भारत की राजशाही से जुड़ा हुआ है। क्रिस्टीज के मुताबिक, यह हीरा महाराजा यशवंत राव होल्कर (इंदौर) के पास था। होल्कर अपनी लक्जरी और इंटरनेशनल लाइफस्टाइल के लिए जाने जाते थे। इस हीरे को यशवंत राव के पिता पेरिस के फेमस ज्वेलरी ब्रांड शॉमेट से इंदौर लेकर आए थे।*

## आईपीएल में आज

IPL 2025 TATA IPL

राजस्थान बनाम दिल्ली

समय : शाम 7.30 बजे से

प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

# राहुल गांधी और सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ीं, हेराल्ड केस में पहली चार्जशीट दाखिल

### कोर्ट 25 को आरोपों पर सुनवाई करेगी, ईडी से तलब की केस डायरी, 661 करोड़ की संपत्तियों को अटैच करने की भी चल रही कार्रवाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईडी ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पहली चार्जशीट दाखिल कर दी। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को आरोपी बनाया गया है। कोर्ट के विशेष जज विशाल गोगने ने 9 अप्रैल को दायर इस चार्जशीट का मंगलवार को संज्ञान लिया। आगे की कार्यवाही के लिए कोर्ट ने 25 अप्रैल की तारीख तय की है। कोर्ट ने ईडी से मामले की केस डायरी भी मांगी है।

2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया, राहुल और उनकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े लोगों के खिलाफ इस मामले की शिकायत की थी। यह पहली बार है, जब सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम किसी चार्जशीट में शामिल किया गया है। अभी 12 अप्रैल को ईडी ने नेशनल हेराल्ड की दिल्ली, लखनऊ और मुंबई स्थित 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया था। इस नोटिस पर भी कार्रवाई होनी है, जबकि ईडी पहले ही 64 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त कर चुकी है। इस मामले में मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ का भी बयान आया है। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक उत्पीड़न की कार्रवाई है। केंद्र सरकार राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराने लगी है।



#### क्या है नेशनल हेराल्ड केस

- साल 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने पटियाला हाउस कोर्ट में एक याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि कुछ कांग्रेस नेताओं ने गलत तरीके से नेशनल हेराल्ड के मालिकाना हक वाली कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण कर लिया है। इस अधिग्रहण के जरिए दिल्ली के बहादुर शाह जफर मार्ग स्थित हेराल्ड हाउस की करीब 2000 करोड़ की संपत्ति को सिर्फ 50 लाख रु. में हड़प लिया गया। अधिग्रहण का आरोप यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर लगा, जिसमें सोनिया और राहुल गांधी के 38-30 प्रतिशत शेयर हैं।
- अगस्त 2014 में ईडी ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया और मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया। ईडी ने इस मामले में तब सोनिया गांधी, राहुल गांधी, कांग्रेस के तत्कालीन कोषाध्यक्ष मोतीलाल वोरा, पूर्व केंद्रीय मंत्री ऑस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को आरोपी बनाया। अब मोती लाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीज की मौत हो चुकी है। जून 2014 में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने सोनिया, राहुल समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया। दिसंबर 2015 में कोर्ट सभी आरोपियों को जमानत दे दी।

#### राहुल-सोनिया से हो चुकी है पूछताछ

ईडी ने जून 2022 में इस केस में राहुल गांधी से 5 दिनों में 50 घंटे पूछताछ की थी। फिर 21 जुलाई 2022 को सोनिया गांधी से 3 दिन में 12 घंटे तक सवाल किए थे। इस दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए थे। इसके बाद मामला ठंडा पड़ गया था। अब फिर इस मामले को गर्म किया गया है।

#### कांग्रेस नेता बोले- राजनीतिक वजह से उत्पीड़न की कार्रवाई

इस कार्रवाई पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि यह कानून के शासन का मुखौटा ओढ़कर एक राज्य प्रायोजित अपराध है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करना, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा की गई बदले की राजनीति और डराने-धमकाने की कोशिश के अलावा और कुछ नहीं है। अंत में सत्य की जीत होगी। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यह चार्जशीट मोदी की कांग्रेस को खत्म करने की परियोजना का हिस्सा है लेकिन कांग्रेस ऐसे खत्म नहीं होगी।

### गुरुग्राम जमीन घोटाले में रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा मंगलवार को पैदल ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के ऑफिस पहुंचे। जहां उनसे गुरुग्राम के शिकोहपुर लैंड घोटाले में पूछताछ हुई। ईडी ने जमीन सौदे से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच में पूछताछ के लिए उन्हें दूसरा समन भेजा था। वाड्रा इससे पहले 8 अप्रैल को भेजे गए पहले समन पर पेश नहीं हुए थे। ईडी ऑफिस जाते हुए वाड्रा ने कहा कि ये कार्रवाई राजनीतिक मंशा से हो रही है। यह सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग है। मैं हमेशा सभी सवालों के जवाब देता रहा हूं और देता रहूंगा। केस में कुछ है ही नहीं। ईडी के पास 20 बार गया हूं, 15-15 घंटे बैठा हूं। मैंने 23 हजार डॉक्यूमेंट दिए हैं। अब वे फिर कह रहे हैं कि दोबारा डॉक्यूमेंट दो, ऐसा कैसे चलेगा। यह तो परेशान करने वाली बात है। बता दें कि फरवरी 2008 में रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव में 3.5 एकड़ जमीन 7.5 करोड़ रुपए में खरीदी थी। उसी साल, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार ने इस जमीन पर 2.7 एकड़ के लिए व्यवसायिक कॉलोनी विकसित करने का लाइसेंस दिया। इसके बाद कॉलोनी बनाने की जगह स्काईलाइट कंपनी ने इस जमीन को डीएलएफ को 58 करोड़ रुपए में बेच दिया।

**खाने-पीने की चीजों के दाम में कमी**

## मार्च में 6 साल के निचले स्तर पर आई महंगाई की दर



**नई दिल्ली, जेएनएन।** रिटेल महंगाई घटकर 5 साल 7 महीने के निचले स्तर पर आ गई है। मार्च में ये 3.34 प्रतिशत रही। इससे पहले अगस्त 2019 में महंगाई 3.28 प्रतिशत पर थी। मार्च से एक महीने पहले यानी, फरवरी में महंगाई 3.61 प्रतिशत पर थी। सांख्यिकी मंत्रालय ने मंगलवार को महंगाई के आंकड़े जारी किए।

महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने-दर-महीने के आधार पर 3.75 से घटकर 2.67 प्रतिशत हो गई है। वहीं ग्रामीण महंगाई 3.79 से घटकर 3.25 प्रतिशत और शहरी महंगाई 3.32 से बढ़कर 3.43 प्रतिशत हो गई है। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनती है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू



**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमरनाथ यात्रा-2025 के लिए रजिस्ट्रेशन मंगलवार से शुरू हो गए हैं। श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन फीस 220 रुपए रखी गई है। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 600 से ज्यादा बैंकों में किया जा सकता है। इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त (रक्षाबंधन) तक (39 दिन) चलेगी। यात्रा दो रूट- पहलगाम (अनंतनाग) और बालटाल (गांदरबल) से होगी। लगभग 6 लाख श्रद्धालु यात्रा पर आ सकते हैं। 5 मार्च को अमरनाथ श्राइन बोर्ड की 48वीं बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यात्रा की तारीखों की घोषणा की थी।

### राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी



**अयोध्या, जेएनएन।** अयोध्या के राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सोमवार की रात राम जन्मभूमि ट्रस्ट को एक ई-मेल आया था। ट्रस्ट के अकाउंट अफसर महेश कुमार ने मंगलवार को पुलिस की साइबर सेल में केस दर्ज कराया है। धमकी मिलने के बाद जन्मभूमि परिसर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बलों की गश्त बढ़ा दी गई है। इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली को एक्टिव किया गया है। वहीं, बाराबंकी, चंदौली और अलीगढ़ समेत कई जिलों के जिलाधिकारियों को भी धमकी भरा ई-मेल आया है। इसमें उनके ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ये सभी मेल तमिलनाडु से भेजे गए हैं।

## तमिलनाडु बढ़ाएगा अपने अधिकार, पास होगा बिल

### स्टालिन ने किया तीन सदस्यीय कमेटी का गठन



**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्य के अधिकारों को बढ़ाने के लिए मंगलवार को एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड चीफ जस्टिस कुरियन जोसेफ करेंगे। इस समिति को उन मामलों को फिर से स्टेट लिस्ट में लाने की सिफारिश करने का भी काम सौंपा है, जो पहले राज्य सरकार देखती थी, लेकिन अब केंद्र और राज्य सरकार दोनों के अधीन हैं। यानी, राज्य सरकार अपनी शक्तियां बढ़ाने जा रही है।

समिति में पूर्व अधिकारी अशोक शेट्टी और एमयू नागराजन भी शामिल होंगे। इस समिति की अंतरिम रिपोर्ट जनवरी 2026 तक और अंतिम रिपोर्ट 2028 तक आएगी। मुख्यमंत्री स्टालिन ने विधानसभा में कहा कि इसका मकसद तमिलनाडु सहित सभी राज्यों के अधिकारों की रक्षा करना और केंद्र सरकार के साथ बेहतर संबंध बनाना है।

यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब राज्य सरकार और केंद्र के बीच शिक्षा जैसे मुद्दों को लेकर टकराव चल रहा है। विशेष रूप से नीट परीक्षा को लेकर। तमिलनाडु सरकार ने नीट से छूट की मांग की थी। केंद्र और राज्य के बीच भाषा विवाद भी चल रहा है।

### सलमान को धमकी देने वाला शख्स गिरफ्तार

**मुंबई, जेएनएन।** सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने वडोदरा के पास स्थित गांव से धमकी भरा मैसेज भेजा था। आरोपी की पहचान 26 साल के लड़के के रूप में हुई है। 14 अप्रैल को उसने मुंबई वर्ली इलाके में स्थित ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के ऑफिशियल वॉट्सएप नंबर पर मैसेज किया था, जिसमें लिखा था, सलमान को घर में घुसकर मारेंगे और उनकी कार को बम से उड़ा देंगे। रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआत में पुलिस ने आरोपी को समन भेजकर 2-3 दिनों में पेश होने के आदेश दिए थे। हालांकि, बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल आरोपी लड़के का नाम सामने नहीं आया है। उधर, जांच में सामने आया है कि मैसेज भेजने वाले शख्स की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। परिवार का दावा है कि उसका ट्रीटमेंट करवाया जा रहा है। पुलिस इसकी पड़ताल में जुटी है।

## किसानों की आय बढ़ाने कैबिनेट ने लगाई मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन पर मुहर

### किसानों की आय होगी दोगुनी, मंत्रिपरिषद ने कई अहम प्रस्तावों को भी दी मंजूरी



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए सरकार ने मिशन के तौर पर काम करना शुरु किया है। मंगलवार को डॉ.मोहन यादव कैबिनेट ने मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन का गठन करने पर मुहर लगा दी। इसमें जलवायु परिवर्तन के अनुसार खेती करने एवं कृषि से जुड़े दूसरे व्यवसाय करने पर फोकस किया गया है।

कैबिनेट की बैठक के उपरांत मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार प्रधानमंत्री के चार मिशन ज्ञान पर पूरी तरह से फोकस किए हुए है। सरकार ने पहले युवा, महिला और गरीब से जुड़े मिशन गठित कर दिए हैं और मंगलवार की बैठक में मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन को भी हरी झंडी दे दी। इसमें हमने विस्तृत और व्यापक प्रावधान किए हैं। मिशन के तहत किसानों से जुड़ी सभी योजनाओं को एक छत के नीचे लाकर क्रियान्वयन और निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। अन्नदाता की आय बढ़ाने के साथ किसान खेती के साथ-साथ दूसरे व्यवसाय भी कर सके, इसके लिए सरकार ने पॉलिसी तैयार की है। जैविक विविधता के अनुसार परंपरागत कृषि ज्ञान का संरक्षण करने का काम भी मिशन के तहत किया जाएगा। विजयवर्गीय ने बताया कि सरकार ने तय किया है कि कृषि से संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से मिशन अन्नदाता को पूरा करने के लिए काम किया जाएगा।

#### बहनों के खातों में 10 से 15 के बीच आएगी राशि

विजयवर्गीय ने बताया कि कैबिनेट ने यह साफ कर दिया कि लाड़ली बहना योजना को बंद करने का भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि हकीकत यह है कि योजना कभी भी बंद नहीं होगी। सरकार ने तय किया है कि अब हर महीने 10 से 15 तारीख के बीच लाड़ली बहनों की राशि जारी की जाएगी। इस महीने यह राशि 16 अप्रैल को आएगी।

## एनसीईआरटी ने किताबों के इंग्लिश नाम बदलकर हिंदी में रखे, केरल ने किया विरोध

**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** देश भर में नई शिक्षा नीति पर छिड़े भाषा विवाद के बीच राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कई किताबों के इंग्लिश नाम बदलकर हिंदी नाम रख दिए हैं, जिससे एक नया विवाद खड़ा हो गया है।

भाषा विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम गैर-हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी को बढ़ावा देने की कोशिश है। लेकिन दक्षिण के राज्य इस नीति के विरोध में हैं।

केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवकुट्टी ने एनसीईआरटी के इंग्लिश मीडियम की किताबों के लिए हिंदी नाम रखने के फैसले की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा- यह गंभीर तर्कहीनता है और भारत की भाषाई विविधता को कमजोर करने वाला कदम है। मंत्री ने कहा - केरल, अन्य गैर-हिंदी भाषी राज्यों की तरह, भाषाई विविधता की रक्षा करने और क्षेत्रीय सांस्कृतिक स्वतंत्रता को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। एनसीईआरटी का यह निर्णय संघीय सिद्धांतों और संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है। पाठ्यपुस्तकों में शीर्षक केवल नाम नहीं हैं, वे बच्चों की धारणा और कल्पना को आकार देते हैं।

#### इस तरह बदले गए नाम

एनसीईआरटी ने विभिन्न कक्षाओं की किताबों के नए नाम जारी किए हैं। कक्षा 1 और कक्षा 2 की इंग्लिश किताबों का नाम मैरीगोल्ड से बदलकर मृदंग और कक्षा 3 की पुस्तक का नाम संतूर रखा गया है। कक्षा 6 की इंग्लिश की किताब का नाम हनीसकल से बदलकर पूर्वी कर दिया गया है। मैथ्स की किताबों के लिए भी यही पैटर्न अपनाया गया है। कक्षा 6 की गणित की किताब, जो पहले इंग्लिश में मैथमेटिक्स और हिंदी में गणित थी, अब दोनों भाषाओं में यह गणित नाम से आएगी।

### मुर्शिदाबाद: बाप-बेटे की हत्या के आरोपी अरेस्ट

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में 10-12 अप्रैल के बीच वक्फ कानून के विरोध में हुई हिंसा में पिता-पुत्र की हत्या करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक आरोपी बीरभूम और दूसरा बांग्लादेश बॉर्डर से पकड़ा गया है। इनके नाम कालू नदाब और दिलदार नदाब हैं। दोनों ने हरगोबिंद दास और चंदन दास की हत्या की थी। इधर, हिंसा की शुरुआती जांच रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंप दी गई है। इसमें बांग्लादेशी घुसपैठ और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही का जिक्र है। मालूम हो कि मुर्शिदाबाद, नॉर्थ 24 परगना, हुगली और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन में गाड़ियां जला दी गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को फिर फटकारा

## सुनवाई के दौरान गैरजरूरी टिप्पणी करने से बचें जज

#### हाईकोर्ट बोला था- लड़की खुद रेप के लिए जिम्मेदार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने 20 दिन में दूसरी बार इलाहाबाद हाईकोर्ट को हिदायत दी कि उसे किसी भी केस में विवादित टिप्पणी करने से बचना चाहिए। हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को रेप के आरोपी को जमानत देते वक्त कहा था, पीड़ित लड़की ने खुद मुसीबत बुलाई, रेप के लिए वही जिम्मेदार है।



मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट इलाहाबाद हाईकोर्ट की 19 मार्च को की गई एक और टिप्पणी स्तन दबाना और पायजामे की डोरी तोड़ना रेप की कोशिश नहीं मानी जा सकती पर सुनवाई कर रहा था। इसी दौरान, कोर्ट ने हाईकोर्ट की 10 अप्रैल की टिप्पणी का जिक्र किया। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि जज को जमानत के बारे में फैसला केस से जुड़े फैक्ट्स के आधार पर करना चाहिए। पीड़ित लड़की के खिलाफ गैरजरूरी टिप्पणी से बचना चाहिए। जमानत दी जा सकती है, लेकिन यह क्या बात हुई कि पीड़ित ने खुद ही मुसीबत बुलाई।

बता दें कि गौतमबुद्धनगर की एक यूनिवर्सिटी की छात्रा ने 1 सितंबर 2024 को रेप का केस दर्ज कराया था। उसने एफआईआर में कहा था कि 21 सितंबर 2024 को वह अपने दोस्तों के साथ दिल्ली घूमने गई थी। हौज खास में सभी ने पार्टी की, जहां उसकी तीन दोस्तों के साथ तीन लड़के भी आए थे। उनमें से एक लड़के ने रात 3 बजे साथ चलने को कहा। वह नशे की हालत में थी, इसलिए चली गई। लड़के ने नोएडा के एक घर में चलने को कहा था, लेकिन वह वह गुरुग्राम स्थित अपने किसी रिश्तेदार के फ्लैट पर ले गया, जहां उसके साथ दो बार रेप किया। इसी मामले के आरोपी को जमानत देते समय हाईकोर्ट ने विवादित टिप्पणी की थी।

#### इस मामले पर हो रही है सुनवाई

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 19 मार्च को रेप से जुड़े एक मामले में कहा था, स्तन दबाना और पायजामे की डोरी तोड़ना रेप की कोशिश नहीं मानी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने इसका स्वतः संज्ञान लिया है। मंगलवार को इसी मामले में सुनवाई हुई।

### अब बॉम्बे हाईकोर्ट ने की गलत टिप्पणी

बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक फैसले में पॉक्सो के आरोप में 3 साल से जेल में बंद 22 साल के युवक को जमानत दे दी। जस्टिस मिलिंद जाधव की बेंच ने कहा कि 15 साल की नाबालिग को पता था कि वह क्या कर रही है, वह इसके परिणाम भी जानती थी। बता दें कि 8 अगस्त 2020 को 15 साल की एक लड़की अपने घर से लापता हो गई। दो दिन बाद लड़की ने अपने पिता को बताया कि वह उत्तर प्रदेश में एक युवक के गांव में है। मई 2021 में करीब 10 महीने बाद, लड़की ने अपने पिता को बताया कि वह गर्भवती है और युवक शादी करने से मना कर रहा है। पिता पुलिस के साथ उत्तर प्रदेश गए और लड़की को मुंबई वापस ले आए। इस मामले में लड़का जेल गया, जिसे अब जमानत मिल गई है। जमानत के दौरान ही कोर्ट ने गलत टिप्पणी की।

**अच्छी खबर** | मौसम विभाग ने जारी किया मानसून का पूर्वानुमान, सामान्य से ज्यादा गिरेगा पानी

# इस साल 105 प्रतिशत तक बारिश होने का अनुमान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मौसम विभाग ने मंगलवार को बताया कि इस बार जून से सितंबर तक मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। इस साल 105 प्रतिशत तक बारिश होने का अनुमान है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है। मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि चार महीने के मानसून सीजन के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलपीए) 868.6 मिलीमीटर यानी 86.86 सेंटीमीटर रहेगा। यानी मानसून सीजन में कुल 86.86 सेंटीमीटर बारिश होनी चाहिए।

गौरतलब है कि मानूसन 1 जून के आसपास केरल के रास्ते भारत में आता है। 10 जून के आसपास मुंबई में बारिश होती है और फिर पूर्वी भारत की ओर बढ़ता है। कई राज्यों में यह 15 से 25 जून के बीच पहुंचता है। 4 महीने की बरसात के बाद यानी सितंबर के अंत में राजस्थान के रास्ते मानसून की वापसी होती है।



अगर मौसम विभाग का अनुमान सही निकलता है, तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है।

दरअसल, देश का 52 फीसदी खेतिहर इलाका मानसून पर निर्भर करता है। मानसून में पानी के स्रोतों की भी कमी पूरी होती है। ऐसे में सामान्य मानसून बड़ी राहत की खबर है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अब मानसून में बारिश के दिनों की कमी हो रही है और भारी बारिश में बढ़ोतरी हो रही है। इससे लगातार सूखा और बाढ़ के हालात बन रहे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 20 प्रतिशत है। वहीं, देश की आधी आबादी को कृषि क्षेत्र ही रोजगार देता है। अच्छी बारिश का मतलब है कि खेती से जुड़ी आबादी को फेस्टिव सीजन से पहले अच्छी आमदनी हो सकती है। इससे उनकी खर्च करने की क्षमता बढ़ती है, जो अर्थव्यवस्था को मजबूती देती है।

#### मई-जून में लू के दिनों में इजाफा होगा

महापात्रा ने कहा कि इस साल अल नीनो की स्थितियां नहीं बनेंगी। देश के कई हिस्सों में अभी भीषण गर्मी पड़ रही है। मई और जून में लू के दिनों की संख्या बढ़ेगी। पिछले साल मई और जून में 19 दिन लू चली थी। इस बार 24 दिन लू चलने का अनुमान है। इससे पानी की कमी होगी और बिजली की मांग बढ़ेगी। बता दें कि अल नीनो एक जलवायु पैटर्न है। इसमें समुद्र का तापमान 3 से 4 डिग्री बढ़ जाता है। इसके प्रभाव से ज्यादा बारिश वाले क्षेत्र में कम और कम बारिश वाले क्षेत्र में ज्यादा बारिश होती है। भारत में अल नीनो के कारण मानसून कमजोर होता है। गर्मियों के मौसम में कम गर्मी पड़ने के लिए भी अल नीनो को जिम्मेदार माना जाता है।

#### मध्यप्रदेश में सामान्य से ज्यादा होगी बारिश

मौसम विभाग ने मध्यप्रदेश के लिए सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान जताया है। राजस्थान, महाराष्ट्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना में भी सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। उधर, बिहार, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, तमिलनाडु, और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में कम बारिश का अनुमान व्यक्त किया गया है। वर्ष 2003 से ही मौसम विभाग पूरे देश में दक्षिण पश्चिम मानसून के लिए दीर्घावधि अनुमान जारी करता है। इसमें पहले चरण का पूर्वानुमान अप्रैल में जारी किया जाता है तो वहीं दूसरा पूर्वानुमान मई महीने के अंत तक जारी किया जाता है। यानी मौसम विभाग अगले महीने फाइनल अनुमान जारी करेगा।

# एकेएस में पेज एन स्टेज कार्यक्रम का आयोजन



## विद्यार्थियों ने दिखाया आत्मविश्वास और रचनात्मकता का अनूठा संगम

**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय एवं सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 12 अप्रैल 2025 को पेज एन स्टेज नामक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की विचारों की अभिव्यक्ति, संवाद कौशल तथा मंच संचालन क्षमता को विकसित करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रुचिवर्धन, आईजीपुलिस,भोपाल डिवीजन रहीं। विश्वविद्यालय के प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी एवं प्रति कुलपति डॉण् हर्षवर्धन ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विशिष्ट अतिथि डॉ कौशिक मुखर्जी, हेड एवं एसोसिएट डीन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और स्टूडेंट्स के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में भाषण,वाद.विवाद, तत्क्षण भाषण, नाटक,स्किट, एड मैड शो एवं बिजनेस पिचिंग जैसी रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रबंधन संकाय के विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में बढ़.चढ़कर भाग लिया और अपनी तर्कशक्ति,आत्मविश्वास तथा प्रस्तुति कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संकाय के सभी सदस्यों डॉ प्रदीप चौरसिया, डॉ चंदन सिंह डॉ प्रकाश कुमार सेनए प्रमोद द्विवेदी,श्री कृष्ण मिश्रा,अनुराग सिंह परिहार एवं सुश्री किरण छाबड़िया की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के समन्वयन में फैकल्टी शीनू शुक्ला,राशी मोंगिया एवं डॉ सीमा द्विवेदी की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम में विशेष सहयोग डॉ अमरप्रीत सलूजा का रहा।

# दलदल ग्राम पंचायत में मनाई गई डॉक्टर अंबेडकर जयंती

**सतना।** रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दलदल में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच देव मऊ दलदल बृजेश सिंह जनपद सदस्य श्रीमती आशा लता सुरेश सिंह के साथ धीरेंद्र साकेत दद्दू साकेत राम कॉलेस सकेत दशरथ साकेत महेश साकेत राजीव लोचन लालू राजेंद्र साकेत बृजनंदन साकेत जय सिंह राजकुमार साकेत पुष्पेंद्र सिंह वीर विक्रम सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रह ।

# जिले में अयोजित हुई जनरल परेड

**सतना।** पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मैहर डॉ चंचल नागर की उपस्थिति मे जनरल परेड का आयोजन किया गया। परेड का संचालन सूबेदार नृपेंद्र सिंह द्वारा किया गया। जनरल परेड में एसडीओपी अमरपाटन श्रीमति प्रतिभा शर्मा, निरीक्षक रेनू मिश्रा,अभिषेक सिंह परिहार, के एन बंजारे सहित जिले के थानों एवम पुलिस लाइन का बल उपस्थित रहा।



# अपीलीय कोर्ट के आदेश पर सेवानिवृत कर्मचारी को उपादान राशि प्राप्त हुई




**जागरण, सतना।** श्रम कानून की अपीलीय कोर्ट उपश्रमायुक्त भोपाल द्वारा नियत्रंण प्राधिकारी उपादाय भुगतान अधिनियम 1972 एवं सहायक श्रम आयुक्त सतना द्वारा अमर सिंह आत्मज स्व0 मोहन सिंह निवासी बारापत्थरए नागौद जिला सतना के पक्ष में दिए गये आदेश को विधि अनुकूल आदेश मानते हुये कार्यपालन यंत्री विद्युत यांत्रिकी लाईट मशीनरी जल संसाधन विभाग संभाग रीवा एवं अन्य के द्वारा आवदेक के विरूद्ध प्रस्तुत अपील को अपीलीय प्राधिकारी पी0 जासेमिन अली सितारा ने उभयपक्षों के अधिवक्ताओं के अंतिम तर्क श्रवण करने के पश्चात निरस्त कर दिया तथा अपीलार्थी द्वारा अपीलीय कोर्ट में जमा की गई प्रोटेस्ट राशि 6,28,788 रुपये का चेक अधिनस्थ प्राधिकारी सतना को भेज कर आवेदक अमर सिंह को प्रदाय करने का निर्देश जारी किया था। सहायक श्रम आयुक्त रीवा संभाग सतना के कार्यालय प्रभारी श्रम निरीक्षक अनुराग प्रताप सिंह ने आवेदक अमर सिंह को उनके अधिवक्ता राजपाल शर्मा जिन्होंने सतना और भोपाल कोर्ट में आवेदक के पक्ष में प्रकरण पैरवी की थी उनके समक्ष चेक प्रदान किया इस अवसर पर रीडर वेद प्रकाश शर्मा ऑपरेटर आशीष तिवारी उपस्थित रहे।

# ज्ञानोदय विद्यालय आमिन में प्रवेश महोत्सव सम्पन्न

**मुकुन्दपुर।** मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुन्दपुर समीपस्थ ग्राम आमिन में ज्ञानोदय विद्यालय में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उपस्थित लोगों का गीत के माध्यम से स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह दादा भाई पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं पूर्व वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं वर्तमान विधायक और विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य हरीशकान्त त्रिपाठी रहे। दादाभाई के हाथों प्रवेश महोत्सव का शुभारंभ किया गया साथ दादा भाई ने शिक्षा पर जोर देते हुए क्षेत्रीय जनों को ध्यान देने हेतु आग्रह किया गया अंधकार से बाहर निकल कर उजाले की ओर जाने की बात की गई। कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अशोक द्विवेदी और आमिन सरपंच शिवेश बहादुर सिंह चंदेल राहुल सिंह और राकेश दुवेदी कपुरहाई रामदीन कोल सरपंच मुकुन्दपुर, कौशलेंद्र शरण शुक्ला पूर्व सरपंच मुकुन्दपुर और प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद इसहाक मदनी और कांग्रेस ताला मंडल के अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, राजेंद्र मिश्रा आनंदगढ़ आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। प्रवेश महोत्सव में हरी सिंह चंदेल के द्वारा व्यक्त किया गया कि लोग अधिक से अधिक बच्चों का प्रवेश दिलायें और शिक्षा के क्षेत्र को बहुत आगे बढ़ाने का कार्य करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व शासकीय शिक्षक दिनेश सिंह बघेल कस्तरा के द्वारा किया गया।



# प्रेमनगर में श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा आयोजन



**जागरण, सतना।** शहर के प्रेम नगर मोहल्ले में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन विष्णु वर्मा एवं श्रीमती शांती वर्मा के निवास पर हो रहा है। बताया जाता है कि 13 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू हुआ है जो 20 अप्रैल तक चलेगा। कथा का वाचन गर्गाचार्य आशीष महाराज वृंदावन धाम द्वारा किया जा रहा है। कथा श्रवण करने श्रद्धालुओ की खासी भीड उमड रही है।

# पानी के भाव नहीं देंगे जमीन : दयाशंकर

**जागरण, रामपुर बघेलान।** सतना जिले के रामपुर बघेलान तहसील क्षेत्र अन्तर्गत बठिया जमुना पटरहाई जनार्दनपुर आदि गांव के किसानों की जमीन को डालमिया भारत लिमिटेड सीमेंट द्वारा भारत सरकार की गाइडलाइन को दर किनार कर दलालों के माध्यम से आदेश से भी कम दाम पर भूमि अधिग्रहण करने का काम कर रही है जबकि सर्किल रेट 15लाख रु प्रति एकड़ है प्राइवेट उद्योग के लिए चार गुना मुआवजा देने का प्रावधान है जबकि मार्केट रेट एक करोड रुपए प्रति एकड़ है अतः किसानों को सही मुआवजा के साथ एक व्यक्ति को नौकरी की मांग के साथ विस्थापित करने से पहले गरीब किसानों को उन्हें एक जगह बसाने की मांग को लेकर सैकड़ो किसानों ने तंबू गाडकर धरना प्रदर्शन किया । मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मध्य प्रदेश प्रवक्ता दयाशंकर द्विवेदी ब्लॉक अध्यक्षता वरिष्ठ किसान सुंदरलाल सिंह विशिष्ट अतिथि सतना जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह ब्लॉक अध्यक्ष दल प्रताप सिंह तेजभान सिंह रहे। वहीं किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील प्रांगण में ब्लॉक व जिले भर से आए किसान प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक की गई जिसमें मुख्य रूप से राजराखन सिंह रुक्मणी रमन पांडेय भोला कुशवाहा शिवराम सिंह राम विश्वास शुभकरण विश्वकर्मा मोहम्मद शुभराती रामदीन कुशवाहा लाल बहादुर सिंह अजीत सिंह वीरेंद्र शुक्ल नागेंद्र सिंह सहित सैकड़ो किसान बैठक के बाद ज्ञान सौंपने में उपस्थित रहे और किसानों को सुरक्षित रखनें और उनका हक दिलाने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से गुहार लगाई।



# ग्रामोदय के विज्ञान संकाय में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित



**जागरण , सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के अंतर्गत संचालित बीएससी तृतीय वर्ष एनईपी जैविक विज्ञान विभाग के छात्र छात्राओं हेतु पांच दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है । संकाय अधिष्ठाता प्रो यस के चतुर्वेदी और सहजीवन समिति शहडोल की सचिव श्रीमती डॉ मनीषा माथनकर इस कार्यक्रम का संचालन कर रहे है। इस दौरान घरलू स्तर पर उपयोगी व पौष्टिक चीजों के निर्माण एवं उपयोग का प्रायोगिक व सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में अंकुरित चीजों का प्रयोग करते हुए गर्मी के लिए अनुकूल व तुरंत तैयार होने वाला विद्यार्थियों के लिए बनाने योग्य दही पोहा और गुड़हल की चाय बनाया गया। जिसे विद्यार्थियों ने स्वयं बनाया और सबको यह पसंद भी आया। अंकुरित मोठ और चने का पोषक मूल्य इस उत्पाद को हैल्थ फुड की श्रेणी में रखता है। उद्यमिता विकास के इस प्रशिक्षण में शुद्ध, स्वच्छ व पौष्टिक फुड प्रॉडक्ट्स के उत्पादन, पैकिंग, मार्केटिंग व इकाई कैसे शुरु करें आदि पक्षों पर प्रशिक्षण हो रहा है। जिसे छात्र एवं छात्रायें परिवार स्तर से शुरु करके बड़े स्तर तक ले जा सकते हैं।

# लोकतांत्रिक देश बनाने में बाबा साहब की अहम भूमिका थी : डॉ रश्मि सिंह



**जागरण, सतना।** मैहर देवरी में नवयुवक भीम संगठन द्वारा डॉक्टर रश्मि सिंह के मुख्य वक्ता एवं डी एन सिंह के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मैहर ।भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर देवरी स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉक्टर रश्मि सिंह ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण वह कैंडल जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता,ग्रामवासी युवा व बुजुर्ग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रश्मि सिंह ने कहा, बाबा साहब केवल संविधान निर्माता नहीं थे वे सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के पुरोधा थे। उनका जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है। आज हमें उनके सिद्धांतों को अपनाकर समाज में समरसता, न्याय और भाईचारे को बढ़ावा देना है। कांग्रेस पार्टी हमेशा उनके विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी।

# सेंट क्लारेट बराकला में विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल ने दिया धरना



**सतना।** बिगत दिवस मिशनरी स्कूल बराकला में छात्रा द्वारा लगाई गई फांसी के संबंध में जिले के कोठी रोड में बराकला स्थित सेंट क्लारेट स्कूल के गेट के सामने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ धरना प्रदर्शन किया एवं श्री राम नाम का जाप करते हुए नारा लगाया कि छात्रा के सम्मान में विश्व हिंदू परिषद मैदान में एएवं एसडीएम रघुराजनगर सहित सीएसपी की मौजूदगी में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि असम,अरुणाचल और केरल से हिंदू लड़कियों को पढ़ाई के नाम पर लाया जाता है और उनका धर्मांतरण करवा दिया जाता है अगर इस दौरान लड़कियों के द्वारा जुबान खोलने की कोशिश की गई या फिर किसी से बताने या फिर घर जाने का प्रयास किया गया तो उनकी हत्याएं कर दी जाती हैं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा ऐसे लोगों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई इस दौरान काफी संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पति ने लगातार तीन दिन से की पत्नी से मारपीट साथ ही घर से निकाला बाहर



**जगरण, दिगौड़ा ।** दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बैदऊ में एक महिला के साथ उसके पति व देवरों के द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाए हैं कि उनके पति के दूसरी युवती के साथ संबंध हैं। जिसकी फोटोज हमारे पास है। इसी का विरोध करने पर पति ने अपने भाइयों के साथ मिलकर मेरी मारपीट की गई। आज पति व ससुराल के लोगों ने मुझे घर से बाहर निकाल दिया है। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की एनसीआर दर्ज कर एमएलसी कराई गई है। पीड़ित महिला लक्ष्मी चढ़ार पत्नी अनिल चढ़ार 25 साल निवासी बैदऊ ने आज मंगलवार को पुलिस थाना परिसर में बताया है कि मेरी शादी 2015 में ग्राम बैदऊ के अनिल चढ़ार के साथ हुई थी। मेरे पति व ससुराल पक्ष के लोग 2018 से मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। आज से दो महीने पहले मुझे अपने पति की एक युवती के साथ आपत्तिजनक हालत में फोटोज मिले थे। इसी बात पर 12 अप्रैल की रात को पति अनिलए देवर अजय व चचेरे देवर मोहित ;कुल्लूद्ध चढ़ार ने मेरे साथ मारपीट कर दी। 13 अप्रैल को इस घटना की रिपोर्ट मैंने पुलिस थाने में दर्ज कराई। इसके बाद अपने घर बैदऊ पहुंची तो फिर से रात को पति व ससुराल के लोगों ने विवाद कर मारपीट की गई। पुलिस थाने में रिपोर्ट करने को लेकर मेरे पति अनिल ने 14 अप्रैल की रात को फिर से मारपीट कर दी। इसकी शिकायत भी मैंने पुलिस थाने में आकर की गई। आज 15 अप्रैल को मेरे पति व ससुराल वालों ने मुझे घर से निकाल दिया और मेरा 7 साल का बच्चा मुझे नहीं दिया। इसकी शिकायत पुलिस थाने में की गई जिस पर पुलिस ने ससुराल से बच्चे को लाकर मुझे दिलवा दिया। मेरी मांग है कि मेरे साथ मारपीट करने वाले पति अनिल व उनके भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया जाए।

# जल गंगा अभियान के तहत हुआ चंदेल कालीन तालाब का सफाई कार्यक्रम

**जागरण, टीकमगढ़।** ग्राम पंचायत करमारई अस्तोन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सौजन्य में नवांकुर संस्था सुदर्शन फाउंडेशन के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चंदेल कालीन प्राचीन तालाब की साफ सफाई एवं गाद निकासी का कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत सुबह सात बजे भूमि पूजन के साथ की गयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मण्प्रण् जन अभियान परिषद के प्रांतीय उपनिदेशक श्री आमिताभ श्रीवास्तव जी एवं मुख्य वक्ता परिषद के जिला समन्वयक सुनील कटियार थे।कार्यक्रम में शासी निकाय की सदस्य डॉ जया श्रीवास्तव ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में सुदर्शन फाउंडेशन की ओर से आदित्य योगी एवं अनुपम जैन जी समलित हुए साथ ही करमारई ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति के अध्यक्ष हरीश अहिरवार एवं सचिव सत्य प्रकाश उपाध्यय सहित समिति के सदस्य सम्मलित हुए वही परिषद से ही देवेंद्र अहिरवार एवं मेंटर्स आराध्य बिलगईयाए एवं आरती वर्मा शामिल हुए। ग्राम पंचायत के सरपंच श्री भागीरथ अहिरवार उपसरपंच सहित वड़ी संख्या में ग्रामीण लोगों ने सहभागिता की । विना शासकीय सहायता के जन सहयोग से ही वड़ी मात्रा में तलाव से आवशिष्ट निकाले गये उसके उपरांत अमिताभ श्रीवास्तव जी द्वारा उद्बोधन दिया गया ।ग्रामीणों ने स्वप्रेरणा से इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।अंत में स्वल्पाहार के उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमे सुदर्शन फाउंडेशन की तरफ से आमंत्रित आलोक गुप्ता द्वारा सबका आभार व्यक्त किया गया ।

# आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य शिविर लगाकर मौसमी बीमारी से बचने के बताए उपाय



**जागरण, पलेरा।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर देरी मे स्वस्थ शिविर लगाकर 110 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आयुष डॉक्टर फिरोजा बानो के द्वारा शिविर में मलेरियाए बीपीए मधुमेह समेत अन्य की जांच की गई। इसके साथ ही निशुल्क दवाई का वितरण भी किया गया।शिविर के दौरान ग्रामीणों को घरों के आस पास गड्ढेए नाली की साफ सफाई करनेए मच्छरदानी लगाने व नलकूपों में ब्लीचिंग पाउडर डालने की सलाह दी गई। आयुष डॉक्टर फिरोजा बानो ने मरीजों को बताया कि मौसम परिवर्तन के चलते लोगों को बीमारी के प्रति एहतियात बरतनेएअपने घरों के आसपास साफसफाई रखनेएगंदगी वाले स्थानों पर डीडीटी दवा का छिड़काव करनेएरात्रि के समय में मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करने तथा बीमारी की शिकायत होने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर जांच उपरांत ही दवा का सेवन करने की बात कही। इस मौके पर प्रमेश जैन औषधालय प्रभारीए पारसमणी रायए राघवेंद्र राजपूत योग प्रशिक्षकए हरिबाई लोधीएसंतोष बाल्मीकि का विशेष सहयोग रहा।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आवासीय विद्यापीठ में शुभारंभ




**सतना।** सरस्वती विद्यापीठ सतना में विभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ सरस्वती आवासीय विद्यापीठ में विभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ उद्घाटन के अवसर पर नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी पूर्व छात्र भैया रत्नाकर चतुर्वेदी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय समिति अध्यक्ष माननीय राम अवतार चमड़िया ने की। इस अवसर पर रीवा विभाग समन्वयक रवि मिश्रा,प्राचार्य संतोष मणि शर्मा, व्यवस्थापक जागृत कपूर,पूर्व प्राचार्य डॉक्टर देवेंद्र सिंह,प्रांतीय क्रीड़ा प्रभारी आशीष यादवए जिला क्रीड़ा प्रभारी अशोक द्विवेदी एवं निर्णायक बंधु संरक्षक आचार्य दीदियां एवं भैया बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन वाणी वंदना से हुआ प्राचार्य संतोष मणि शर्मा ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया।

# हाइकोर्ट के निर्देश पर कलेक्टर ने महेंद्र सागर तालाब को कराया अतिक्रमण मुक्त

**टीकमगढ़ ।** जिला प्रशासन ने मंगलवार को शहर की लाइफलाइन महेंद्र सागर तालाब से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की है। तहसीलदार अरविंद यादव के नेतृत्व में कार्यवाही की गई है।पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।मप्र हाई कोर्ट के आदेश के बाद यह कार्रवाई की जा रही है। लेकिन कुछ लोगों ने आरोप भी लगाए है। भेदभाव कर कार्यवाही की जा रही है। जब इस संबंध में तहसीलदार से बात की तो उन्होंने बताया कि जिनको आपत्ति है तो लिखित में दीजिए। हमारे नियमों और कानूनी कार्यवाही के हिसाब से काम किया जा रहा हैं। फिलहाल अब अतिक्रमण पर प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की है। जेसीबी मशीन से तालाब के अंदर लगाई गई।

# कलेक्टर ने सुनी 100 आवेदकों की समस्यायें

**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 100 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने भी लोगों की समस्यायें सुनी और मैदानी अधिकारियों को दूरभाष से चर्चा कर लोगों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में दिशा-निर्देश दिये। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं पुष्पा त्रिपाठी पत्नी श्री अजय त्रिपाठी उम्र 36 साल निवासी वार्ड नंबर 3 विजय बस्ती गढ़िया टोला तहसील रघुराजनगर थाना सिविल लाइन जिला सतना की निवासी होकर शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरे पुत्र निखिल त्रिपाठी के सभी दस्तावेजों जैसे मार्कशीट जन्म प्रमाण पत्र समग्र आईडी एवं पुराने आधार कार्ड में उसका नाम निखिल त्रिपाठी दर्ज है जो सही एवं सत्य है अपने पुत्र का आधार कार्ड मैं अपडेट कराया जिसमें उसका नाम शिवमणि दर्शित हो गया है जो गलत है अतः मेरे पुत्र का नाम शिवमणि को सुधार कर निखिल त्रिपाठी अंकित किया जाये जो सही एवं सत्य है

R.N. 80715

# संविदाकार की मनमानी से आए दिन हो रहे बड़े हादसे






## सड़क पर फैली गिट्टी, बालू, मुरूम मिट्टी से हो रहे हादसे

### 2 बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त, एक की हालत गंभीर

जागरण, मझौली

जिले के मझौली नगर परिषद का हाल इन दिनों हाल बेहाल हो रहा है। जहां विकास के नाम पर विनाश को अंजाम दिया जा रहा है। एक ओर जहां निर्माण कार्यों में संविदाकार कमीशन व पहुंच पकड़ के बलबूते घटिया निर्माण कार्य करा मालामाल हो रहे हैं। वहीं मनमानी पूर्वक कहीं भी चाहे आम रास्ता हो चाहे मेंन रोड निर्माण कार्य के मटेरियल गिट्टी, बालू, मुरूम, मिट्टी फैला लोगों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जिसके प्रति जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी निष्क्रिय व अंजान बने हुए हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। भले ही चाहे अपने आप को बचाने बाद में निर्दोष, गरीब, मजदूर लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने में सक्रिय हो जाए। जिसका ताजा हाल वर्तमान में निर्माणधीन नालियों, पीसीसी सड़कों तथा कायाकल्प योजना के द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में देखने को मिल रहा है। जहां संविदाकारों की मनमानी और जिम्मेदार अधिकारियो कर्मचारियों की निष्क्रियता साफ नजर आ रही है। जिसका ताजा मामला वर्तमान समय में वार्ड क्रमांक 13 रामाश्रय गुप्ता के घर के पास निर्माणाधीन नाली में देखा जा रहा है। जहां बिना किसी रूपरेखा तैयार किये बिना वर्षों पूर्व हुए टेंडर का नाली निर्माण कार्य विगत 10 दिन से अति मन्द गति से चालू किया गया है। यहां भले ही जेसीबी मशीन से अत्यंत गहरी नाली की खुदाई करा मिट्टी सहित गिट्टी, बालू, रोड में फैला दिया गया है लेकिन नाली निर्माण का कार्य अत्यंत मंद गति से दो-चार लेबरों से कराया जा रहा है। जहां सड़क पर फैली गिट्टी, बालू, मुरूम, मिट्टी से लगातार दुर्घटनाएं घटित हो रही है। विगत 14 अप्रैल की रात्रि टर्निंग में आधी रोड तक फैली गिट्टी, बालू, मिट्टी में दो बाइक सवार फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है वहीं एक को संविदाकार एवं जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों की मनमानी एवं कमियो का खामीयाजा भुगतना पड़ रहा है।

### प्रभारी सीएमओ का नहीं उठा फोन, ना आया जवाब

जिसकी जानकारी के लिए प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद मझौली अमित सिंह जो कई वर्षो से मझौली नगर परिषद में पदस्थ हैं। तथा संभवत अपने पहुंच पकड़ एवं धन-बल के प्रभाव से विगत 30 जून 2024 से सीएमओ की कुर्सी संभाल रखे हैं को फोन लगाया गया, जिनका फोन नहीं उठा। तब व्हाट्सएप में वीडियो फोटो डालते हुए जानकारी व बयान चाहा गया लेकिन खबर लिखे जाने के लगभग 3 घंटे बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। जिससे उनकी सक्रियता एवं जिम्मेदारियों पर सवालिया निशान लग रहा है।

### अन्य जिम्मेदार अधिकारी भी कर रहे नजर अंदाज

भले ही छोटे, गरीब, तस्वे राजनीति से पकड़ना ना रखने वाले लोगों को खण्ड स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उनके छोटी मोटी गलतियों के कारण परेशान व प्रताड़ित कर सेवा ले या ना देने पर कार्यवाही कर देना अलग बात है पर बड़े संविदाकार पहुंच पकड़ धन बल से सक्षम लोगों के मनमानी अनियमित को नजर अंदाज कर रहे हैं, भले ही लोगों की जान जाती रहे। विदित हो कि जहां कल 14 अप्रैल की रात दो घटनाएं घटित हुई है। मझौली उपखंड कार्यालय और नगर परिषद कार्यालय की बीचों-बीच लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर विगत एक हफ्ते से नाली की खुदाई कर मिट्टी तथा मटेरियल गिरवा गिट्टी, बालू एव अन्य सामाग्री लगभग हफ्तों से ऐसे स्थान जहां टर्निंग है वहां आधी रोड तक फैलाया गया है। जहां से लगभग एक दिन में कई बार जिम्मेदार अधिकारी गुजरते होंगे लेकिन किसी की भी नजर इस ओर नहीं गई। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभागीय अधिकारी कर्मचारी व खंड स्तर के जिम्मेदार अधिकारी विकास व लोगों के सुख सुविधा के लिए कितने जिम्मेदारी निभा रहे हैं। जबकि बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त एक व्यक्ति जिंदगी और मौत से लड़ रहा है।

# मोदी डॉ. अम्बेडकर के सपने को कर रहे साकारः रीती

## भाजपा ने सच्चे अर्थों में बाबा साहब को दिलाया सम्मानः देवकुमार

जागरण, सीधी




भाजपा कार्यालय में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप मे भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान और अतिथि के रूप में सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, श्रद्धासुमन अर्पित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने बतौर मुख्य वक्ता विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को सच्चे अर्थों में भारतीय जनता पार्टी चरितार्थ कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा अंत्योदय बाबा साहब की विचारधारा है। प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि प्रत्येक दलित, शोषित, वंचित का जीवन स्तर उठे। तभी भारत विश्व की महाशक्ति बनेगा। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत रत्न बाबा साहेब के सपनों को साकार कर रहे हैं। बाबा साहब के जन्म से लेकर अंतिम सोपान तक सभी पांचो केन्द्र को पंच तीर्थ के रूप में विकसित कर उन्हें उचित सम्मान दिलाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंत्र सबका साथ सबका विकास के अंतर्गत ही डॉ. साहब के सपनों की विचारधारा समाहित है। विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि यह दिन न केवल उनके जन्म का उत्सव है, बल्कि उनके द्वारा दिखाए गए समानता, न्याय और सामाजिक सुधार के मूल्यों को भी मनाता है। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष लालचन्द्र गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान, जिला महामंत्री विनोद साकेत, रवि केसरी, विश्व बंधु धर द्विवेदी, कमल कामदार, सुनीता रानी वर्मा, पूनम सोनी, राकेश मौर्य, मुनिराज विश्वकर्मा, पुष्पराज सिंह चौहान, शिवदान साकेत, रन्नू साकेत, हीरालाल कोरी, कंचन केसरी, राजकुमारी, श्रवण सिंह सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्मजयंती पर व्याख्यान माला आयोजित

**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला सीधी के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जन्मजयंती पर व्याख्यान माला आयोजित किया गया। जनपद सभागार रामपुर नैकिन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया रहे। सर्वप्रथम बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुयी। ब्लॉक समन्वयक अनिल कुमार पाठक ने विषय प्रवर्तन कर अतिथियों का स्वागत उद्बोधन किया। लीड नवांकुर संस्था के अध्यक्ष विद्यानिधान पाण्डेय ने सामाजिक समरसता पर प्रकाश डाला, साथी अध्यक्ष सत्यनारायण पाण्डेय एवं वीरेंद्र तिवारी द्वारा भी उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया। प्रतिभागी मेंटर्स के साथ सहभागी बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य अतिथि जिला समन्वयक द्वारा बाबा साहब के जीवन के विविध पक्षो पर प्रकाश डालते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने हेतु चर्चा की गई। कार्यक्रम का बेहतर संचालन आशुतोष द्विवेदी ने किया।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## सोमालोब के सौजन्य से कवि गोष्ठी हुई सम्पन्न



**जागरण, सीधी।** सोंधी माटी लोनी बघेली साहित्यिक मंच मुख्यालय सीधी मध्यप्रदेश के सौजन्य से सोमालोब के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्रीनिवास शुक्ल सरस के निज निवास में एक कवि गोष्ठी जिसमें गीत कवि अंजनी सिंह सौरभ का 60 वां जन्म दिन मनाया गया। सोमालोब के वैनर तले सम्पन्न हुई इस कवि गोष्ठी में सर्व प्रथम शाल-श्रीफल के साथ सौरभ का सम्मान हुआ। डॉ. श्रीनिवास शुक्ल सरस साहित्यकार ने काव्यपाठ करते हुए कहा अपना केरि अंजुरी अँजोर से भरै। आज की गोष्ठी में एसएन त्रिपाठी भ्रमर ने बहुत ही मधुर और रयामन गीत पढकर गोष्ठी को सार्थक बना दिया। शतीश पाण्डेय शलभ ने हास्य व्यंग्य की बघेली रचना प्रस्तुत की तो राजबहेर पाठक मनोज ने चिन्तनपरक गंभीर रचना के माध्यम से काव्य पाठ किया। हरिविलास गुप्ता हरि ने कई प्रभावी गीत पढे तथा कमलेश कुमार कायल ने बघेली हायकू पढकर खूब तालियॉ बटोर ली। इसी प्रकार से अंजनी सिंह सौरभ का गीत एक छोटा सा दीप हूं जहां बहुत ही प्रभावी रहा वहीं आचार्य ब्रजमोहन ब्रजेश की कविता खूब सराही गई। 8 बजे रात से प्रारम्भ हुई कवि गोष्ठी को 11 बजे रात तक बांधे रहने में कवि रमाकांत द्विवेदी सावन की भूमिका महनीय रही। आपके सफल संचालन से यह वर्षगांठ पर केन्द्रित गोष्ठी कम में अधिक सूत्र निर्मित कर दी। डॉ. प्रदीप द्विवेदी सत्यव्रत ने बघेली की व्यंग्य रचनाएं पढी और शिवकुमार शुक्ल शिव ने सबकी उपस्थिति को महनीय बताते हुए आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर धीरेश पाण्डेय, आभा शुक्ला एवं आलेख शुक्ला की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## छात्रों ने किया पंजाब नेशनल बैंक का शैक्षणिक दौरा




**जागरण, सीधी।** रॉयल पब्लिक स्कूल चुरहट के छात्रों ने आज पंजाब नेशनल बैंक चुरहट शाखा सर्रा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को बैंकिंग प्रणाली की जानकारी देना और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना था। बैंक के मनेजर उपेंद्र द्विवेदी ने छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें बैंकिंग की मूलभूत जानकारियां दीं। बच्चों ने सीखा कि बैंक में बचत खाता और चालू खाता कैसे खोला जाता है, एटीएमए चेक बुक और ऑनलाइन बैंकिंग कैसे काम करती है। साथ ही उन्होंने लोन प्रक्रिया और डिजिटल भुगतान की प्रणाली को भी समझा। इस दौरान बच्चों ने सक्रिय रूप से सवाल पूछे और बैंक कर्मचारियों से संवाद किया। बैंक कर्मियों ने भी बच्चों को सरल भाषा में उत्तर देकर बैंकिंग के प्रति उनकी जिज्ञासा को और अधिक प्रोत्साहित किया। स्कूल के संचालक राजेश कुमार गुप्ता ने बताया किए ऐसे शैक्षणिक दौरों से बच्चों को न केवल व्यावहारिक ज्ञान मिलता है, बल्कि यह उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में भी मदद करता है। बच्चों के एक-एक प्रश्न का बैंक मनेजर उपेंद्र द्विवेदी ने बड़ी ही सरलता से जवाब दिया। साथ ही मनेजर सर के द्वारा बच्चों के लिए समोसे का वितरण भी करवाया गया। इस शैक्षणिक टूर में अकेडमिक इंचार्ज मनीष सेन, ऐक्टी विटी इंचार्ज दीपक सिंह, शिक्षकों में प्रवीण सर, राहुल सर स्वाति मैम की भूमिका महत्वपूर्ण रही। वहीं बच्चों में इस शैक्षणिक यात्रा को लेकर काफी उत्साह देखा गया और उन्होंने इसे एक यादगार अनुभव बताया।

## भागवत कथा स्थल पर गाजे-बाजे के साथ पहुंची बारात




**जागरण, मझौली।** नियन्ताकी कालजयी दृष्टि से कलुपित चेतना को शुद्ध करने के लिए मझौली की पावनधरा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानामृत ज्ञान यज्ञ दंण्डी संन्यासी बालयोगी अनंत विभूषित परमहंस परिब्राजकाचार्य निर्भयानंद सरस्वती प्रतिवाद भयंकर आचार्य जी महाराज धर्म संघ काशी के सानिध्य में वार्ड वार्ड क्रमांक 12 नगर परिषद मझौली थाना के पीछे संचारित भागवत कथा में आज छठवें दिन 15 अप्रैल को महारास लीला, गोपी उद्धव संवाद, कथा पाठ का प्रासांगिक वर्णन के साथ अन्तिम पड़ाव में रुक्मिणी विवाह कथा पाठ का रसपान कथा व्यास परम श्रद्धेय नागेंद्र किंकर ध्रुव जी के मुखारविंद से सुमधुर ध्वनि कराया गया। इस दौरान कथा स्थल का पूरा पंडाल फूल मालाओं से सजाया गया था सुंदर सुशोभित झांकियां से सुशोभित बारात गाजे बाजे के साथ कथा स्थल पर पहुंची। पूरा पण्डाल विवाह गीतों में गूंज उठा। श्रोतागण हर्षित मन से बाजे के ध्वनि में जमकर डांस किए। जहां उत्साह पूर्वक रुक्मिणी विवाह संपन्न हुआ। जहां पटाखों की ध्वनि में पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। बताते चलें कि भव्य शुभारंभ विगत 10 अप्रैल गुरुवार को विशाल कलश शोभा यात्रा निकाल किया गया। जहां प्रतिदिन जिले के गणमान्य नागरिकों के साथ दूर-दराज से हजारों की संख्या में पहुंच महिला पुरुष लोग सच्चे मन, लगन से कथा श्रवण कर आनंदित हो रहे हैं। आज 16 अप्रैल दिन बुधवार को कथा का समापन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा पाठ व पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा। कल 17 अप्रैल दिन गुरुवार को हवन पूजन व विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। आयोजक धर्म प्रेमी गणों द्वारा क्षेत्र वासियो से कथा श्रवण कर तथा भण्डरे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

## प्रधानमंत्री कॉलेज में मनाई गई डॉ. अंबेडकर की जयंती

जागरण, सीधी। प्रधानमंत्री कालेज ऑफएक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह के कुशल निर्देशन में दिनांक 14 अप्रैल 2025 को डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि हमें भारत रत्न डॉ. अंबेडकर के जीवन से सीखना चाहिए, जिन्होंने समर्पण और त्याग के दम पर न केवल अपने लिए समाज में स्थान बनाया बल्कि समाज के विकास की मुख्य धारा से अलग पड़े वर्ग के हित में संविधान का निर्माण कर महान कार्य किया, जिसमें सभी वर्गों हेतु विशेष सुविधाएं प्रदान की गई।

# मप्र शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सांसद, विधायक से की भेंट



**जागरण, सीधी।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी जिलाध्यक्ष सीधी सतीश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में दिनांक 13 अप्रैल 2025 को सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्र एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के निज निवास पर जाकर सौजन्य भेट की। सभी पदाधिकारी द्वारा सांसद का पुष्पहार से स्वागत किया गया। सांसद द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियो एवं पूर्व पदाधिकारियो का बड़े ही आत्मीय भाव से पुष्पहार एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया एवं शुभकामनाएं दी गई। अपने उद्बोधन मे कहा कि शिक्षक संघ पुराना संगठन है और इसकी रीत-नीति शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने की है। पूरा विश्वास है कि शिक्षक संघ के पदाधिकारी अपने कार्य के प्रति खरे उतरेंगे मेरा पूरा सहयोग शिक्षक संघ के लिए रहेगा। इसके बाद समस्त पदाधिकारी सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के निज निवास में जाकर विधायक का पुष्पगुच्छ एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया। विधायक द्वारा बहुत ही आदर के साथ शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का स्वागत एवं मुंह मीठा कर शुभकामनाएं दी गई और सभी से वार्तालाप कर अपना मार्गदर्शन दिया गया। कहा गया कि आप सभी छात्रहित, समाजहित में नवाचार कर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर से बेहतर कार्य करें आपको मेरा पूर्ण सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि हम और आप एक-दूसरे के पूरक हैं। आप मुझे याद दिलाए और हम आपको मेरा सहयोग नहीं बल्कि जहां मेरी आवश्यकता हो उपयोग करें। मैं आपके साथ-साथ चलूंगी और जो भी समस्या हो आप मुझे अवगत कराते रहें। उन्होंने 30 मिनट के अपने उद्बोधन में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए अनेको सुझाव दिया। शिक्षक संघ को अपना अमूल्य समय देकर मार्गदर्शन दिया। इस मौके में शिक्षक संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष विजय सिंह, संभागीय अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजबहोर पाठक, संगठन मंत्री शिव शंकर सिंह चौहान, जिला सचिव रामजी शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी, निकिता सोनी, सुभाष चंद्र द्विवेदी, वालेन्दु शेखर द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष सीधी कुमुद पाण्डेय, सिहावल मुकेश सेन, उपाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह, सिहावल सचिव सतीश पाण्डेय खैरा, संजय तिवारी, सूरज मिश्रा, सूर्य प्रताप, अनुराग पाठक, विकास शर्मा आदि एक सैकड़ा शिक्षक उपस्थित रहे।

# गौवंश संरक्षण के तहत समन्वय समिति का हुआ गठन

**जागरण, सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गौवंश संरक्षण अभियान अंतर्गत उपखण्ड स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व समिति के अध्यक्ष होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सचिव सदस्य, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी पशुपालन विभाग सह सचिव, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, अनुविभागीय अधिकारी वन विभाग, सहायक यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सेवा, अनुभाग अधिकारीध्डी.ई. विद्युत वितरण कम्पनी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, वरिष्ठ उद्यानिकी अधिकारी एवं विकासखण्ड प्रबंधक आजीविका मिशन को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। गौ-वंश संरक्षण अभियान अंतर्गत गौशाला निर्माण और संचालन की सतत् निगरानी एवं अनुश्रवण करना, अनुभाग क्षेत्र अंतर्गत निराश्रित गौवंश का चिन्हांकन कर समुचित कार्य व्यवस्था सुनिश्चित करना जिससे एक भी गौवंश की दुर्घटना घटित न हो। जिला समन्वयक समिति का क्रियान्वयन एवं दिशा-निर्देश का पालन कराना। ग्राम पंचायत स्तर पर गठित समिति के कार्यों का अनुश्रवण करना तथा व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कर गौवंश संरक्षण हेत अभियान चलाकर जन जागरूकता रैली का आयोजना करना। विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर जन भागीदारी के माध्यम से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना। अभियान अंतर्गत प्रत्येक 15 दिवस में बैठक आयोजित कर जन समुदायक को गौवंश संरक्षण हेतु प्रेरित करना तथा जन जागरूकता रैली का आयोजन करना। ग्राम पंचायत के द्वारा ग्राम सभा के माध्यम से जारी किए गए दिशा-निर्देशों को जन समुदायक के माध्यम से पालन करना। पशु संरक्षण हेतु जन भागीदारी से विशेष पहल कर, सांसद, विधायक निधि, सीएसआर फंड, धार्मिक संगठनों तथा जन समुदायक से आर्थिक सहयोग प्राप्त कर अभियान को सफल बनाएंगे।

## पंजीयन के नाम पर हो रही मनमानी वसूलीः एड. रामनरेश



**जागरण, सीधी।** राम नरेश मिश्र एडवोकेट जिला न्यायालय सीधी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में जिला अधिवक्ता संघ सीधी द्वारा नये अधिवक्ताओ से पंजीयन शुल्क के नाम पर 1100 रूपये लिया जा रहा है जो घोर आपत्तिजनक है। वार काउसिंल आफ इण्डिया के द्वारा जारी निर्देश के बाद राज्य अधिवक्ता परिसद जबलपुर द्वारा नये अधिवक्ताओ के पंजीयन पर मात्र 650 रूपये शुल्क लेकर रजिस्ट्रेशन प्रदान किया जा रहा है, परन्तु जिला अधिवक्ता संघ सीधी के अध्यक्ष/सचिव द्वारा मनमानी रूप से 1100 रूपये पंजीयन शुल्क लेकर नये अधिवक्ताओ का शोषण किया जा रहा है। स्टेटवार से ज्यादा जिला अधिवक्ता संघ सीधी द्वारा पंजीयन शुल्क लिया जाना कतई उचित नही है। यह नये युवा अधिवक्ताओ के साथ अन्याय हो रहा है। यदि मुझे अधिवक्ता संघ में सेवा का अवसर मिलता है तो मै वादा करता हूं कि ऐसे तमाम युवा अधिवक्ता जिनसे 1100 रूपये पंजीयन शुल्क जिला अधिवक्ता संघ सीधी द्वारा लिया गया है उनकी यह राशि मय ब्याज सहित वापस करूगा। अभी अभिवक्ता संघ सीधी के अध्यक्ष/सचिव द्वारा निर्वाचन तिथि की घोषणा किया गया है वह विधि विरूद्ध है क्योकि अभी मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन नही हुआ है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होने के उपरांत निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया एवं निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा किया जाना चाहिए था परन्तु अधिवक्ता संघ सीधी के अध्यक्ष, सचिव द्वारा मनमानी रूप से बिना मतदाता सूची के प्रकाशन मतदान तिथि की घोषणा अधिवक्ता संघ के बायलाज के विरूद्ध है। जिससे अगामी निर्वाचन निष्पक्ष होने में संदेह है। इन तमाम विसगतियो को दृष्टिगत मेरी राज्य अधिवक्ता परिषद से मांग है कि जिला अधिवक्ता संघ सीधी के स्वच्छ एवं निष्पच्छ निर्वाचन हेतु तदर्त समिति का गठन किया जा कर निर्वाचन संपन्न कराये जाना न्यायोचित होगा।

## पोषण अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

**जागरण, सीधी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने जानकारी देकर बताया है कि जिले में पोषण अभियान अन्तर्गत दिनांक 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक सातवें पोषण पखवाड़ा का आयोजन कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में किया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत दिनांक 15 अप्रैल 2025 को दिन मंगलवार को सीधी जिले की समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रो में जीवन के प्रथम 1000 दिवस केन्द्रित गतिविधिया एवं सी-सैम (समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन) मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन-थीम पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि अन्नप्राशन दिवस का आयोजन कर 6 माह पूरे करने वाले बच्चों का सामूहिक अन्नप्राशन कराया गया। 6 माह से 12 माह तथा 12 से 24 माह के बच्चों के देखभालकर्ता के साथ बच्चों के आहार की मात्रा, खाद्य विविधता एवं स्वच्छता के विषय पर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। 10 दिवसीय शारीरिक माप दिवस का आयोजन कर दिवस हेतु निर्धारित बच्चों का वजन एवं लम्बाई/ऊचाई माप कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पोषण ट्रैकर एप्प में प्रविष्टि की गई। चिन्हित सैम बच्चों की भूख की जांच तथा फेल हुये बच्चों को रेफर किया गया। सी-मैम कार्यक्रम में पंजीकृत बच्चों को प्रदाय दवाओं के अनुपूरण का फॉलोअप एवं निर्धारित साप्ताहिक फॉलोअप किया गया। चिन्हांकित सभी जन्म से लेकर 6 वर्ष तक से लेकर सभी सैम, मैम और एसयूडब्लू वाले बच्चों का वीएफएसएनडी दिवस पर शारीरिक माप कुपोषण के संकेतों दुष्प्रभावों एवं उपचार हेतु परामर्श दिया गया। उक्त आयोजित गतिविधियों में समुदाय सदस्य, जनप्रतिनिधि, महिला समूह सदस्य, विभिन्न समितियां के सदस्य, 3 से 6 वर्ष की आयुवर्ग के बच्चे, स्कूल के बच्चें, आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका उपस्थित रहें।

## आजीविका पुस्तकालय एवं ज्ञान केंद्र का हुआ शुभारंभ

**जागरण, सीधी।** मॉ कॉली सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र मझौली में मुख्य कार्यपालन अधिकारी आजीविका मिशन हार्सिका सिंह आईएएस के निर्देशन में एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में आजीविका पुस्तकालय एवं आजीविका ज्ञान केन्द्र का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी मझौली पीएल सागर एवं सीएलएफ अध्यक्ष सीताबाई सिंह की उपस्थिति में किया गया। आजीविका पुस्तकालय एवं आजीविका ज्ञान केन्द्र का मुख्य उद्देश्य है कि आस-पास के क्षेत्र के बेराजगार युवक/युवतियां पुस्तकालय में आकर प्रतियोगिता संबंधित तैयारी कर सके व ज्ञान अर्जित कर सकें। कार्यक्रम में सहायक विकासखण्ड प्रबंधक भरत जोनी एवं संजीव सिंह तथा सीएलएफ/सीटीसी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने जन सुनवाई के दौरान किया समस्याओं का निराकरण

## शिकायतों के यथाशीघ्र निराकरण हेतु दिए गए निर्देश

### आम जनता की शिकायतों का होता है त्वरित निराकरण

जागरण, सीधी



जिले में हर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जनसुनवाई होती है। पुलिस अधीक्षक सीधी शिकायतें सुनकर वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बंधित अधिकारियों को शामिल कर शिकायतों के यथाशीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित करते है। आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओ के त्वरित निराकरण हेतु आज मंगलवार दिनांक 15 अप्रैल 2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा भापुसे द्वारा जन सुनवाई की गयी। जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 120 शिकायतकर्ता अपनी फरियाद लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आये थे, शिकायतों का सम्बन्ध जमीनी विवाद, पारिवारिक विवाद, लड़ाई-झगड़ा, मारपीट, ऑनलाइन फ्राड इत्यादि से था। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त शिकायतकर्ताओं को संबंधित थाना प्रभारियों से वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम रूबरू कराकर यथाशीघ्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा मे करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारियों/राजपत्रित अधिकारियों को निर्देर्शित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविन्द श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक रीता त्रिपाठी, थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक आरएल साकेत, थाना कोतवाली से उनि गंगा सिंह मार्को, थाना जमोड़ी से सउनि बीरभान साकेत, महिला थाना से सउनि अशोक बंसल एवं कार्यालयीन स्टॉफ पुलिस सभागार में तथा अन्य राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारी वीडियो कॉल के माध्यम से उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने सुनी 103 आवेदकों की समस्याएं



नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 103 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# वन नेशन-वन इलेक्शन के विषय को लेकर गाइड एसोसिएशन खजुराहो ने सर्वसम्मति से पारित किया प्रस्ताव

**खजुराहो।** वन नेशन वन इलेक्शन के अभियान को लेकर कल गाइड एसोसिएशन खजुराहो के विद्वान गाइडों के साथ वन नेशन वन इलेक्शन की प्रदेश टोली की सदस्य और भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती नंदिता पाठक जी, वन नेशन वन इलेक्शन अभियान के छतरपुर जिला सह संयोजक पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा बमीठा खजुराहो श्याम बाबू त्रिवेदी, खजुराहो भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल एवं महिला नेत्री श्रीमती मायंका गौतम की विशेष उपस्थिति में इस संगोष्ठी का आयोजन गाइड एसोसिएशन खजुराहो ने किया। इस संगोष्ठी कार्यक्रम की अध्यक्षता गाइड एसोसिएशन खजुराहो के पूर्व अध्यक्ष सीनियर गाइड राकेश तिवारी जी ने की, मुख्य अतिथि के तौर पर महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती नंदिता पाठक का मार्गदर्शन उपस्थित गाइडो को प्राप्त हुआ, इस अवसर पर श्रीमती पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा की एक साथ चुनाव इस देश की महिती आवश्यकता है संपूर्ण समाज को आगे बढ़कर मोदी जी के इस अभियान का समर्थन करना चाहिए यह देश के विकास में नीव का पत्थर साबित होगा। जबकि इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अभियान के जिला सह संयोजक भाजपा नेता श्याम बाबू त्रिवेदी ने वन नेशन वन इलेक्शन के विषय पर विस्तार से व्याख्यान प्रस्तुत कर इसे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला और विकास को गति प्रदान करने वाला बताते हुए इसका जोरदार समर्थन की वकालत की। तत्पश्चात वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राकेश तिवारी जी ने रखा जिसे उपस्थित गाइडों ने ध्वनि मत के साथ सर्वसम्मति से पारित कर दिया। उक्त प्रस्ताव आज देश की महामहिम राष्ट्रपति महोदय श्रीमती द्रोपति मुर्मू जी को भेज दिया गया है। उक्त कार्यक्रम मे सीनियर गाइड राजकिशोर तिवारी, बलवीर गौतम,अश्वनी चौबे, अनूप जैन, भरत नामदेव, अनिल तिवारी, बृज गोपाल अवस्थी, अवधेश तिवारी सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित गाइडों के अतिरिक्त प्रोफेसर अश्वनी दुबे, राजा बाबू मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, परशुराम तिवारी, पत्रकार तुलसीदास सोनी एवं विनोद भारती उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन गाइड एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विनोद सेन द्वारा किया गया। गाइडों से परिचर्चा और संवाद का उक्त कार्यक्रम शाम 6:30 पर वेस्टर्न ग्रुप टेंपल के मेन एंट्रेंस गेट और बद्री भोजनालय के सामने वाले प्रांगण में आयोजित किया गया।।

## चंदेल कालीन तालाब में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**लवकुश नगर।** मध्यप्रदेश की मोहन सरकार अब पानी की एक-एक बूंद बचाएगी। दरअसल, राज्य सरकार 30 मार्च से %जल गंगा, जल संवर्धन% अभियान कार्यक्रम शुरू किया गया था। इस 90 दिवसीय अभियान की शुरूआत वर्ष प्रतिपदा के दिन उज्जैन की शिप्रा नदी से की गई। जिसका समापन 30 जून को होना था। इस मुहिम की थीम %जन सहभागिता से जल स्त्रोतों का संवर्धन एवं संरक्षण% रखी गई है। यह प्रकृति का अमूल्य उपहार है, जिसका संरक्षण और संवर्धन करना हम सभी की जिम्मेदारी है। आइए, हम सब मिलकर जल संसाधनों की सुरक्षा का संकल्प लें और एक समृद्ध भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं।

**थाना बमीठा पुलिस ने 5 साल पुराने दुकान में चोरी के प्रकरण में शेष फरार 2000 के इनामी आरोपी संजू बुनकर को किया गिरफ्तार :** छतरपुर। थाना बमीठा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहरा में माह सितंबर वर्ष 2020 में एक दुकान में चोरी की घटना हुई थी, थाना बमीठा पुलिस ने पूर्व में चोरी में सम्मिलित दो आरोपियों आशीष विश्वकर्मा एवं कन्हैया सेन निवासी ग्राम पहरा थाना बमीठा को गिरफ्तार किया था। चोरी के अपराध में एक आरोपी की गिरफ्तारी शेष थी।
पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा फरार आरोपी चोर की गिरफ्तारी हेतु 2000 के इनाम के उद्घोषणा की गई थी।

### नाम सुधार सूचना

मैं आदर्श द्विवेदी पिता श्री भास्कर प्रसाद व्दिवेदी उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 1, ग्राम सेमरिया कुंज बिहारी पोस्ट नौढिया तहसील मउगंज जिला मउगंज (म.प्र.) का निवासी हूँ। तथा शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरा आधार नं. 8585 1627 5260 है। मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम आदर्श द्विवेदी लिखा हुआ है जबकि मेरे अंकसूची मे मेरा नाम आदर्श कुमार द्विवेदी लिखा हुआ है। मेरे दोनो नाम आदर्श द्विवेदी व आदर्श कुमार द्विवेदी एक ही व्यक्ति का नाम है। एवं भविष्य में किसी प्रकार की कोई समस्या होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरे स्वंय की होगी। अत: मेरे अंकसूची में मेरा नाम आदर्श कुमार द्विवेदी की जगह आदर्श द्विवेदी दर्ज किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN-82053 आदर्श द्विवेदी

### कार्यालय नगर परिषद कोटर, जिला-सतना (म.प्र.)

www.npkotar.com, E-mail:-cmokothar@mpurban.gov.in

क्रमांक / 1527 /न.प./ई–टेन्डर/2025 कोटर, दिनांक 21.03.2025

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर परिषद कोटर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों/सप्लायरों से ईटेण्डर के माध्यम से ऑनलाईन निविदा प्रपत्र 'अ' मे दरे आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in से एवं कार्यालय नगर परिषद कोटर से प्राप्त की जा सकती है। निविदा मे किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| क्र | सिस्टमटेण्ड रनं. | कार्य का नाम/विवरण | अनुमानित लागत | धरोहरराशि (रू.में) | निविदाफार्म का शुल्क | निविदा अवधि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | | 8 |
| 1 | 2025_UAD_412577_1 | Tata infra v-30 (407Model) (02 नग कचरा गाड़ी) | 1866204.00 | 14000 | 2000 | 30 दिवस | 45 दिन |

उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 12/04/2025 समय 12:30 से 13/05/2025 समय 17:30 बजे तक बेवसाइट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त कर सकेंगे। विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय में एवं वेबसाईट http://wwwmptenders.gov.in पर से प्राप्त की जा सकती है।

शर्ते :–
1. निविदाकार (पैनकार्ड,जीएसटी, डीलर रजिट्रेशन ) की छायाप्रति रखनी होंगी। दरें केवल ऑनलाईन ही मान्य होगी।
2. कर संबंधी अनियमितता को विराम देने हेतु म.प्र. जी.एस.टी. पंजीकरण प्रस्तुति अनिवार्य है।
3. शसर्त निविदा स्वीकार नही की जावेगी।
4. विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पास रहेगा।
5. निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने के समस्त अधिकार परिषद तथा पी.आई.सी के पास सुरक्षित रहेगें।
6. वाहन का रजिस्ट्रेशन एवं इंश्योरेंस निविदाकार द्वारा कराया जाएगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कोटर
जिला सतना (म.प्र.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक /130/कर्मशाला विभाग/2025 रतलाम, दिनांक 09/04/2025

**सार्वजनिक सूचना**
**(प्रथम ई-निविदा आमंत्रण)**

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है:-

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित मात्रा | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025 UAD 415347 | जल वितरण किये जाने हेतु नवीन 4000 लीटर क्षमता के टैंकर क्रय किये जाने के संबंध में। (संलग्न स्पेसिफिकेशन अनुसार) | 05 नग | 14,00,000/- | 28,000/- | 4,000/- | 01/05/2025 |

निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय में अवकाश दिवस को छोड़कर प्राप्त की जा सकती है या ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है:-

प्रभारी अधिकारी
कर्मशाला विभाग
नगर पालिक निगम, रतलाम

### कार्यालय नगर परिषद त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.)

No. NIT/teonthar/2025/13 त्योंथर दिनांक– 15.04.2025

प्रथम निविदा
सेक्सन–1
ई निविदा आमंत्रण सूचना

नगर परिषद त्योथर द्वारा अर्थवर्ष 2025–26 में अर्थात् 15.04.2025 से 30.04.2024 तक के लिये ऑनलाईन निविदा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से इच्छुक संविदाकारों / व्यक्तियों / फर्मो से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर Urban Administration Development Department से एवं कार्यालय नगर परिषद चाकघाट से प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा। विवरण निम्नानुसार है।

| टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (रू. में) | धरोहर राशि (रू.में) | निविदा फार्म का शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_417054_1 | अस्थायी दखल उपविधि के तहत वाहनो से सुल्क कार्य | 446039.00 | 4460.00 | 2000.00 |

उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 15.04.2025 सुबह 05.30 बजे से दिनांक 30.04.2025 सायं 5.30 बजे तक वेबसाईट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑन लाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकेगें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र.)

### कार्यालय नगर परिषद कोटर, जिला-सतना (म.प्र.)

E-mail:-cmokothar@mpurban.gov.in

क्रमांक / 12 /न.प./ई–टेन्डर/2025 कोटर, दिनांक 03.04.2025

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद कोटर द्वारा वर्ष 2025–26 में निम्नानुसार सामग्री हेतु निर्धारित प्रपत्र"सी" में निविदाएँ आमंत्रित की जा रही हैं इच्छुक पंजीकृत एवं अधिकृत फर्म/ठेकेदार, ई–निविदा के माध्यम से ऑनलाइन निविदाऍ डाल सकते है। निविदा प्रपत्र कय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं विस्तृत जानकारी बेवसाइट http://www.mptenders.gov.in से एवं कार्यालय नगर परिषद कोटर से प्राप्त की जा सकती है। निविदा मे किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा। विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. | टेन्डर नं0 | कार्यका नाम | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_416677_1 | स्टेशनरी एवं प्रिंटिंग सामग्री | 300000.00/– | 3,000/– | 2,000/– |
| 2 | 2025_UAD_416677_2 | स्वच्छता सामग्री(सफाई) | 1500000.00/– | 11250/– | 2,000/– |
| 3 | 2025_UAD_416677_3 | विद्युत सामग्री | 1500000.00/– | 11250/– | 2,000/– |
| 4 | 2025_UAD_416677_4 | हैण्ड पम्प सामग्री | 1000000.00/– | 10,000/– | 2,000/– |
| 5 | 2025_UAD_416677_5 | जल प्रदाय सामग्री | 1500000.00/– | 11250/– | 2,000/– |

शर्ते :–
01. इच्छुक निविदाकार का विस्तृत विवरण बेवसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।
02. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 14/04/2025 को समय 10:30 से दिनांक 15/05/2025 को समय 17:30 बजे तक कय एवं भरे जा सकते है।
03. निविदा की समस्त शर्ते निविदा प्रपत्र अनुसार होगी।
04. आपूर्ति स्थल नगर परिषद कोटर कार्यालय होगा।
05. निविदादाता को जी.एस.टी. का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिविार्या होगा।
06. सम्पूर्ण दरें जी.एस.टी छोड़कर प्रस्तुत की जावे। जी.एस.टी पृथक से देय होगा।
07. निविदा दर स्वीकृति होने पर रुपये 100/– के स्टॉम्प पर अनुबन्ध करना होगा।
08. निविदा दर स्वीकृति पश्चात सामग्री आपूर्तिकर्ता आदेश दिनांक से नियत तिथि पर आपूर्ति देना अनिवार्या होगा।
09. निविदि तिथि पर आपूर्ति नहीं देने/करने पर आपूर्ति आदेश निरस्त कर अन्य फर्म से कय की कार्यवाही की जाकर संबंधित के विरुध्द कार्यवाही की जावेगी।
10. शषर्त निविदा दर मान्य नही होगी।
11. वित्तीय वर्ष में सामग्री अंकित अनुसार कय की जावेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।
12. वित्तीय वर्ष में समय–समय पर दिये गये शासनादेश का पालन करना होगा।
13. किसी भी विवाद पर अधोहस्ताक्षरी को अधिकार होगा कि वह निविदा निरस्त कर देवें।
14. सक्षम प्राधिकारी का निर्णय मान्य होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कोटर
जिला सतना (म.प्र.)

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग उमरिया (म०प्र०)

Web Site: www.mppwd.gov.in, email:-eepwdumaria@nic.in
Phone No.- 07653-292716, Fax No.- XXXXXXXXXXX

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना :– 01/व.ले.लि./2025–26 /उमरिया दिनांक : 09/04/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु आन लाईन निविदा e-Tendering System Portal https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक शासन द्वारा जारी आदेश की शर्तो पर आमंत्रित की गई है।

| स. क्र. | आनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र की कीमत | धरोहर राशि (रू. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWD RB_415584 _1 | मार्गो में माईको सरफेसिंग, फिलिंग पॉट, टैक कोट, रोड मार्किंग, किलोमीटर स्टोन एवं ट्राफिक साईन बोर्ड का कार्य:– 1. पाली टाउन मार्ग लंबाई 0.50 किमी.। 2. घंघरी तिराहा बाईपास मार्ग लंबाई 1.50 किमी.। 3. चंदिया से रामपुर मार्ग लंबाई 2.00 किमी.। 4. कालोनी से अमरहा मार्ग लंबाई 3.30 किमी.। 5. बकेली से धौरई मार्ग लंबाई 5.00 किमी.। 6. अमिलिहा से बंधवावारा मार्ग लंबाई 3.80 किमी.। 7. सीतापाल से मझौली मार्ग लंबाई 3.20 किमी.। 8. कटंगी धनगी गोपालपुर मरदरी मार्ग लंबाई 4.00 किमी.। 9. निपनिया से साल्हेटोला मार्ग लंबाई 3.00 किमी.। | 247.86 रू. दो करोड़ सैतालिस लाख छियासी हजार मात्र | 15,000 रू. पन्द्रह हजार मात्र | 2,47,860 रू. दो लाख सैतालिस हजार आठ सौ साठ मात्र | सिविल | 08 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| | | योग | 247.86 | रू. दो करोड़ सैतालिस लाख छियासी हजार मात्र | | | | |

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य बेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगें।
2. निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 17.04.2025 10:30 से 23.04.2025 शाम 17:30 बजे तक है।
3. ऑनलाईन में अमानत राशि की स्केन कापी एवं अन्य डाक्यूमेन्ट स्केन कापी अपलोड एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 23.04.2025 शाम 17:30 बजे तक है।
4. टेण्डर डॉक्यूमेंट (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज तिथि 23.04.2025 शाम 17:30 बजे तक केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जायेंगे।
5. निविदा खुलने का दिनांक 25.04.2025 सुबह 10:30 से शाम 17:30 बजे तक।
6. म0प्र0 शासन लो0नि0वि0 के ज्ञाप क्र. एफ–53/02/2011/यो/19/524 भोपाल दिनांक 14.02.2025 के तहत निम्नानुसार संशोधित निविदा सर्कुलर के अनुसार।

जी–11567/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग उमरिया (म.प्र.)

### उत्तर मध्य रेलवे

**पेंशन अदालत**

**वैगन मरम्मत कारखाना, झाँसी उत्तर मध्य रेल, द्वारा दिनांक 16 जून 2025 को पेंशन अदालत का आयोजन।**



रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार वैगन मरम्मत कारखाना झाँसी द्वारा दिनांक 16.06.2025 (सोमवार) को समय 11.00 बजे मुख्य कारखाना प्रबन्धक कार्यालय के मीटिंग हॉल में पेंशन अदालत आयोजित की जायेगी। सेवानिवृत्त कर्मचारी / मृतक कर्मचारियो के आश्रित, यदि उन्हे सेवानिवृत्ति देय या पेंशन से सम्बन्धित कोई शिकायत है, तो अपना आवेदन विहित रूप में दिनांक 30.04.2025 तक कार्यालय में रखी गई पेटिका में डाले या निम्नलिखित पते पर डाक द्वारा भेज सकते है।

| पता किस पर आवेदन भेजना है। | आयोजन- स्थल |
|---|---|
| उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, वैगन मरम्मत कारखाना, उत्तर मध्य रेल, झाँसी। | मीटिंग हॉल, मुख्य कारखाना प्रबन्धक, कार्यालय। |

**आवेदन का प्रारूप**

1- आवेदन/आवेदिका का नाम 2- भूतपूर्व कर्मचारी का नाम 3- टिकट संख्या/कर्मचारी संख्या 4- पदनाम एवं अन्तिम कार्यस्थल 5- पूर्व कर्मचारी के साथ आवेदक/आवेदिका का सम्बन्धं 6- वर्तमान पता 7- सेवानिवृत्ति तिथि 8- सेवा निवृत्ति का प्रकार (सामान्य/स्वैच्छिक/अनिवार्य) 9- पी.पी.ओ. संख्या (छाया प्रति संलग्न की जाये।) 10- अन्तिमं वेतन एवं वेतनमान 11- शिकायत का विस्तृत विवरण 12- मोबाईल न0 एवं सम्बन्धित पे ग्रुप संख्या

**नोट - कृपया लिफाफे पर पेंशन अदालत जून-2025 का उल्लेख करें तथा आवेदन 03 प्रतियों में समस्त प्रपत्रो सहित उपलब्ध करायें।**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 638/25 (D)

### सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

लेकसिटी हॉस्पिटल
LAKECITY HOSPITAL CARING PARTNERS
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
e-mail: lakecityhospital@gmail.com | www.lakecityhospital.net
www.youtube.com/dranandjayantkale
+91 9111933376, +91 95229 69980
जले मरीजों के विकृतियों (contracture) जैसे हाथों की उंगलियों का टेढ़ापन, अंगूठे का चिपकना, कलाई में विकृति, कोहनी का चिपकना, कंधे का चिपकना, गर्दन का चिपकना, पैरों की उंगलियों के विकार, टखने का चिपकना, घुटने का चिपकना, इत्यादि के ऑपरेशन/प्लास्टिक सर्जरी
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस.,एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
जन्मजात कटे होंठ तालू के मुफ्त ऑपरेशन
Smiletrain योजना के अंतर्गत 3000 से ज्यादा सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं
SmileTrain
जन्म से कटे होंठ और कटे तालु के मुफ्त ऑपरेशन
• जले मरीजों का इलाज मुफ्त • जले मरीजों के विकार, विकृतियों के आपरेशन मुफ्त
ReSurge INTERNATIONAL
जले मरीजों के विकारों के आपरेशन मुफ्त ऑपरेशन
जले मरीजों के विकार विकृतियों के चिन्हित ऑपरेशन रीसर्ज के अंतर्गत नि:शुल्क किए जा रहे हैं

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में 116 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**छतरपुर।** छतरपुर जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, कौशल सिंह, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे।

### कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रीवा मण्डल रीवा

संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्र. 01/2025–26

क्रमांक 332 /ग्रा.यां.से./2025 रीवा, दिनांक 11 /04/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से Cover-3 (तीन लिफाफा पद्वति) राशि रू. 1.00 से अधिक एवं Cover-2 (लिफाफा पद्वति) राशि रू. 1.00 करोड़ तक के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:–

| क्र. | ग्रा.यां.से. संभागीय कार्यालय | सिस्टम आई.डी. नम्बर | कार्य का प्रकार | कार्यो की संख्या | निर्माण कार्यो की अनुमानित लागत (लाख) | एस.ओ.आर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रीवा क्र02 रीवा | 2025_RES_416029 | जवा बरहुला मेन रोड रीवा डभौरा में अग्निहोत्री दुकान से पंचायत भवन तक। | 01 | 49.34 | 11.04.2022 द्वितीय |
| 2 | रीवा क्र02 रीवा | 2025_RES_416031 | हनुमना नाउन खुर्द नाउन खुर्द से मोरहना पहुँच मार्ग लम्बाई 1.00 कि.मी. जी.एस.बी. मार्ग। | 01 | 29.86 | 11.04.2022 द्वितीय |
| 3 | रीवा क्र02 रीवा | 2025_RES_416032 | हनुमना खूटा बिदौलिहान मेन रोड उचेहरा से शान्तिधाम तक लम्बाई 1.00 कि.मी. जी. एस.बी. मार्ग। | 01 | 29.86 | 11.04.2022 द्वितीय |
| 4 | रीवा क्र02 रीवा | 2025_RES_416033 | हनुमना ढावा तिवरियान मुख्य सड़क ढावा तिवरियान से पटहारू टोला लम्बाई 1.00 कि.मी. जी.एस.बी. मार्ग। | 01 | 29.86 | 11.04.2022 द्वितीय |
| 5 | रीवा क्र. 01 | 2025_RES_416034 | परशुराम आश्रम इटौरा में पी.सी.सी. सड़क आर.सी.सी. नाली निर्माण एवं पेवर ब्लाक चबूतरा शेड निर्माण | 01 | 63.37 | 11.04.2022 द्वितीय |
| 6 | रीवा क्र. 01 | 2025_RES_416035 | सिरमौर सुकवार मऊ–सुकवार मोड़ से प्रधानमंत्री सड़क तक लम्बाई 700 मी. डामरीकरण मार्ग। | 01 | 29.07 | 11.04.2022 द्वितीय |
| 7 | सतना | 2025_RES_416036 | फलाहारी तालाब ग्राम पंचायत नयागाँव का विस्तार ब्लाक मझगवॉं जिला सतना। | 01 | 163.75 | 11.04.2022 द्वितीय |
| 8 | सिंगरौली | 2025_RES_416037 | ग्राम पंचायत खम्हरिया में छोटानी के घर के पास भगवान डाड़ नाला पर पुलिया निर्माण। | 01 | 123.46 | 11.04.2022 द्वितीय |
| 9 | सिंगरौली | 2025_RES_416038 | ग्राम पंचायत ओखरावल में प्रधानमंत्री से आंगनवाड़ी भवन होते हुये बैगा मोहल्ला तक मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण। | 01 | 79.36 | 11.04.2022 द्वितीय |
| 10 | सिंगरौली | 2025_RES_416039 | ग्राम पंचायत ओखरावल में प्रधानमंत्री से भादे होते गहिडार पहुंच मार्ग पी.सी.सी. का निर्माण 2.5 कि.मी.। | 01 | 60.08 | 11.04.2022 द्वितीय |
| 11 | सिंगरौली | 2025_RES_416040 | पी.सी.सी. रोड निर्माण डी.ए.व्ही. सूर्य बिहार से जगराम सिंह के घर तक एवं नाली निर्माण ग्राम पंचायत मझौली। | 01 | 119.52 | 11.04.2022 द्वितीय |
| 12 | सिंगरौली | 2025_RES_416041 | पी.सी.सी. रोड निर्माण मायाराम बैस के घर से पी.एच.सी. तियरा तक एवं नाली निर्माण ग्राम पंचायत तियरा। | 01 | 119.52 | 11.04.2022 द्वितीय |
| | | | कुल योग :– | | 847.71 | |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 15.04.2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 30.04.2025 समय 17:30 बजे शाम तक क्रय एवं निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधी सूचनाए केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जावेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें। शीघ्रातिशीघ्र विड जमा करें। वेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

G-11561 /25

अधीक्षण यत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
रीवा मण्डल रीवा

### पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

मंडल सस्त्र केन्द्र, मंडल कार्यालय जबलपुर, 1227, शालीन हाउस, नेपियर टाउन, जबलपुर ( म.प्र. )
Email id - cs8243@pnb.co.in

**आधिपत्य सूचना ( अचल संपत्ति ) [ नियम -8 ( 1 ) परिशिष्ट -IV के अन्तर्गत ]**

सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्योरिटी इंटरेस्ट ( इंफोर्समेंट ) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13 के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ता/बंधककर्ता /जमानतदार को डिमांड नोटिस एवं नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया था। उधारकर्ता/बंधककर्ता /जमानतदार राशि चुकाने में असफल रहे है। अत: इस सूचना द्वारा उधारकर्ता/बंधककर्ता /जमानतदार एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13 की उपधारा 4 के नियम 8 के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का आधिपत्य खाते के सामने उल्लेखित दिनांक को ले लिया है। उधारकर्ता/बंधककर्ता /जमानतदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा ( 8 ) में निहित सम्पत्ति के एवज में उपलब्ध समय के प्रावधान की और आमंत्रित है। उधारकर्ता/बंधककर्ता / जमानतदार को विशिष्ठतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद्द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए पंजाब नैशनल बैंक के अधीन होगा।

| उधारकर्ता/बंधककर्ता / जमानतदार के नाम | संपत्ति का विवरण संपत्ति के मालिक / बंधककर्ता का नाम | माँग सूचना दिनांक / आधिपत्य दिनांक / माँग सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|
| **Branch : J.P. Nagar, Rewa (M.P.)** 1. श्री राजेंद्र प्रसाद दुबे पुत्र लल्लू प्रसाद दुबे ( उधारकर्ता एवं बंधककर्ता ) पता: ग्राम दादर, बनकुईया रोड, वार्ड क्रमांक 15, पोस्ट राहत, तहसील हुजूर, रीवा ( म.प्र. )-486446 2. श्री राजेश प्रसाद शर्मा पुत्र श्री रामसिया तिवारी ( गारंटर ) पता 1: ईसी-14229, डीईपी सीपीपी 1, जेआरपी जेपी नगर, रीवा ( म.प्र. ) 486450 पता 2: 136, ग्राम अमीन, तहसील अमरपाटन, जिला- सतना ( म.प्र. )-486550 A/c No.- 09646011000540 | अचल सम्पत्ति के समस्त भू-भाग व अंश जो मौजा करहिया, जे.नं.81, खसरा नं.720/3/2, पटवारी हल्का नं. करहिया 25, सर्किल एवं ब्लाक रीवा, तहसील हुजूर, जिला रीवा ( म.प्र. ) में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 26X34 = 884 वर्ग फीट यानि 82.156 वर्ग मीटर है तथा जो पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 11.02.2008 के अनुसार निम्नानुसार सीमांकित है : उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण - 20 फीट चौड़ा प्रस्तावित कच्चा रास्ता, पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - कमलेश त्रिपाठी का भूखंड। मालिक एवं बंधककर्ता - श्री राजेन्द्र प्रसाद दुबे पुत्र श्री लल्लू प्रसाद दुबे | 15.10.2024 / 11.04.2025 / Rs.1,89,803.98 Plus Further Interest and Other Charges |
| **Branch : Rewa Sainik School (M.P.)** 1. श्री अभिराम कुमार पटेल पुत्र श्री हीरालाल पटेल ( उधारकर्ता एवं बंधककर्ता ) पता- पटेल जी कॉम्प्लेक्स के पास, सामन नाका, पुलिस चौकी के पास, तह - हुजूर, जिला - रीवा ( म.प्र. ) 2. श्री राकेश पटेल पुत्र श्री सत्यनारायण पटेल ( गारंटर ) पता: 89/15, कोरियान मोहल्ला, प्रजापति रेंजर के घर के पास, संजय नगर, तह - हुजूर, जिला- रीवा ( म.प्र. ) A/c No.- 629300KU00000082 & 629300SG00000040 | अचल सम्पत्ति के समस्त भू-भाग व अंश जो मौजा - रताहरी, जे.एन. 541, नगर पालिका निगम रीवा वार्ड क्रमांक 15, पीएच क्रमांक 19 सामन, सर्किल एवं ब्लाक - रीवा, तहसील हुजूर, जिला- रीवा ( म.प्र. ), खसरा क्रमांक 241/5, क्षेत्रफल ( 24+27 )/2X40= 1020 वर्ग फीट यानि 94.795 वर्ग मीटर जो 31.03.2010 के पंजीकृत विक्रय विलेख के अनुसार निम्नानुसार सीमांकित है- उत्तर - प्रेमकली सिंह का प्लाट, दक्षिण - उपाध्याय एवं अन्य की भूमि, पूर्व - विक्रेता द्वारा प्रस्तावित 20 फीट चौड़ी कच्ची सड़क, पश्चिम - विक्रेता की शेष भूमि। मालिक एवं बंधककर्ता - श्री अभिराम कुमार पटेल पुत्र श्री हीरालाल पटेल | 02.12.2024 (published on 04.01.2025) / 11.04.2025 / Rs.7,50,266.03 Plus Further Interest and Other Charges |
| **Branch : Teonthar, Rewa (M.P.)** 1. मेसर्स एस. के. होंडा अपने मालिक श्री सत्यम केशरवानी ( उधारकर्ता ) के माध्यम से पता - बागेढ़ी, सोहागी हाईवे, चाकघाट ( मप्र ) त्योंथर, रीवा, ( म प्र ) 486226 2. श्री सत्यम केशरवानी पुत्र श्री भरतलाल केशरवानी ( प्रोप्राइटर ) पता- वार्ड क्रमांक 6, ग्राम पंचायत एवं पोस्ट त्योंथर, त्योंथर, रीवा, ( मप्र ) 486220 3. श्री नारायण दास केशरवानी पुत्र श्री जगजीवन लाल केशरवानी ( जमानतदार एवं बंधककर्ता ) पता- जनपद कालोनी के पास, पचामा, वार्ड नंबर 6, त्योंथर, रीवा, ( मप्र ) 486220 A/c No.- 0876008700000174 | 1. अचल संपत्ति के समस्त भू-भाग व अंश जिसका खसरा नंबर 57/2/1/2 क्षेत्रफल 30 फीट X 70 फीट = 2100 वर्ग फीट है, जिसे 03.11.2022 के आदेश के तहत व्यावसायिक उपयोग के लिए डायवर्ट किया गया है, जो मौजा - चुनारी, पीएच. नंबर 22, आरएनएम - गिर्द, ब्लाक और तहसील - त्योंथर, जिला- रीवा ( म.प्र. ) में स्थित है और जो 12.12.2023 को पंजीकृत विक्रय विलेख के अनुसार निम्नानुसार सीमांकित है- उत्तर- नहर, दक्षिण- त्योंथर सोहागी रोड, पूर्व - संध्या मिश्रा का प्लाट, पश्चिम- दिनेश पांडे की जमीन। मालिक और बंधककर्ता - श्री नारायण दास केशरवानी पुत्र श्री जगजीवन लाल केशरवानी 2. बैंक फाइनेंस के माध्यम से खरीदी गई विभिन्न होंडा बाइक और स्कूटर आदि ( खरीदे गए तैयार माल सहित ) मेसर्स एस.के. होंडा - बागेड़ी, सोहागी हाईवे, चाकघाट, त्योंथर, जिला रीवा ( म.प्र. ) में मौजूद हैं। | 31.01.2025 / 11.04.2025 / Rs.30,63,951.12 Plus Further Interest and Other Charges |

वैधानिक सूचना :- उधारकर्ता/बंधककर्ता/जमानतदार को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक के 30 दिनों के अंदर वे उपरोक्त राशि एवं उस देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर दें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी तथा उसके बाद शेष ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित उधारकर्ता/बंधककर्ता/जमानतदार की जाएगी।

दिनांक - 16/04/2025 स्थान - जबलपुर

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

# अग्निशमन सेवा दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

## शहर के मुख्य मार्गों से सायरन बजाते हुए निकली दमकल की गाड़िया

जागरण, कटनी




सोमवार को पूरे प्रदेश के साथ कटनी में भी अग्निशमन सेवा दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। दिवस पर महापौर प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम आयुक्त, एमआईसी सदस्यों व निगम के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्प चढ़ाकर दो मिनट का मौन धारण करते हुए शहीद वीरों को याद किया। भावपूर्ण श्रद्धांजलि के बाद जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली में दमकल की गाड़ियां आग से बचाव संबंधी पोस्टर और बैनर के माध्यम से सायरन बजाते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए लोगों को जागरूक किया।

अग्निशमन दिवस के अवसर पर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि 14 अप्रैल को अग्निशामक दिवस मनाया जाता है ये दिन 1944 में मुंबई बंदरगाह पर हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए अग्निशामकों की याद में मनाया जाता है। आज हमारी कटनी में हर जगह जहाँ भी आग लगती है वहाँ सबसे पहले लोगो को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने का काम यही फायर ब्रिगेड के सिपाही करते हैं जो सबसे ज्यादा पुण्य का कार्य करते हैं। सभी फायर ब्रिगेड के रक्षक सिपाहियों पर हमें नाज है। हमे आपकी काबिलियत पर, काम पर आपकी निडरता पर नाज है, आपके बिना नगर निगम कोई भी अनुकरणीय कार्य नहीं कर सकता। आप नगर निगम की इस व्यवस्था की सबसे बड़ी रीड की हड्डी हैं कुछ दिन पूर्व में बरगवा में बिल्डिंग में भीषण आग लगी थी तब भी इन रक्षको के द्वारा अपनी निडरता का परिचय देते हुए बिना जान माल के नुकसान के आग में नियंत्रण किया। ये एक ऐसा जिम्मेदारी भरा काम है जिसमें कभी भी किसी भी समय आपातकाल के रूप में आप लोगो की जान बचाने के लिए इस कार्य को करने के लिए तत्पर रहते हैं इसके लिए पूरे नगर वासियों की तरफ से आप सब का ह्दय से धन्यवाद देती हूँ आप सब जीवन देने वाले सिपाही है। आज के दिन उन सभी शहीदों को नमन करती हूँ जिन्होंने लोगों की जान बचाने के लिए अपनी जान का बलिदान किया। ये कोई साधारण कार्य नहीं। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, अवकाश जायसवाल, फायर नियंत्रण अधिकारी शैलेंद्र प्यासी, शैलेंद्र दुबे सहित निगम के समस्त फायर विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# विश्व हिंदू परिषद् ने धूम धाम से मनाया बाबा साहेब का जन्मदिन



**सिंगरौली।** विश्व हिन्दू परिषद ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। इस मौके पर जिला मुख्यालय स्थित अम्बेडकर चौक बैढन में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए विहिप के जिलाध्यक्ष डॉ. डीके मिश्रा ने कहा कि भारत की पवित्र भूमि ने कई देशभक्त, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं कुशल व्यक्तित्व को जन्म दिया है। उन विभूतियों में बाबा साहेब एक हैं। वे संस्कृत समेत विश्व के 14 भाषाओं के ज्ञाता थे। समाज में व्याप्त भेदभाव को खत्म करने के लिए उन्होंने जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को देश कभी नहीं भूलेगा।

**इनकी रही मौजूदगी :** उक्त अवसर पर बजरंग दल संयोजक राजबली शाह, बृजेश जायसवाल, रामनिवास साकेत, प्रताप वर्मा, प्रदीप चौबे, अमरेश यादव, अशोक वर्मा, शैलेश सिंह, अनुराग, अरविंद जायसवाल, सुनील, विकास, पिंटू, लकी, मिथिलेश मिश्रा, अशोक कुमार पाण्डेय, विवेक कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे।

## बाबा साहब अंबेडकर की 134वीं जयंती पर निकाली रैली



**कटनी।** नगर मे बाबा साहब अंबेडकर की 134वीं जयंती पर भव्य विशाल रैली का आयोजन किया गया। मुख्य कटनी रेलवे स्टेशन से शुरू हुई रैली में हजारों की संख्या मे लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर स्थानीय क्षेत्र के नेता और अलग अलग संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। रैली मुख्य रेल्वे स्टेशन से होते हुए कमानिया गेट, सुभाष चौक, झंडा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक, मिशन चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली। रैली में शामिल लोगों नें डीजे पर बाबा साहेब की जीवनी से जुड़े प्रेरणा दायक गीतों पर पुरे उत्साह से डांस किया। रैली की समाप्ति पर वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, उनकी सामाजिक सोच और संविधान में दिए गए विशेष अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक और महिलाएं भी बड़ी संख्या में युवाओं की टोली शामिल हुई। रैली में भारी भीड़ के कारण यातायात प्रभावित ना हों इसके लिए पुलिस के जवान जगह जगह तैनात रहें।

# चर भैया धाम में हुआ भंडारे का आयोजन



**जागरण, ब्यौहारी।** ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोंढा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थान चरभैय्या धाम में भंडारे का आयोजन विधायक शरद कोल के निज सचिव शिवेंद्र पटेल की भतीजी आन्वी सिंह पटेल जो बृजेश पटेल एवं डॉ नीतू पटेल की पुत्री हैं उनके जन्मदिन पर किया गया भंडारे में क्षेत्र के विधायक शरद कोल, सांसद प्रतिनिधि विमलेश मिश्रा, सौरभ शुक्ला मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, सचिन सिंह बघेल, रामबहोर तिवारी संदीप सिंह धीरज पटेल राम लखन गुप्ता, अंगद पांडे, रितेश श्रीवास्तव मनोज केसरवानी बसंत गुप्ता रमेश यादव इंजीनियर,अमन शुक्ला ,विकास तिवारी, पद्मापणि द्विवेदी ,सुरेश साहू, महावीर साहू,राम सुनील पनिका, संतोष द्विवेदी, पुष्पेंद्र पाठक, राकेश माना , सहित हजारों लोग जन्मदिन पर आयोजित भंडारे में सम्मिलित हुए।

## खलिहान में रखी गेहूं की फसल में लगी -आग, लाखों का हुआ नुकसान

**जागरण ब्यौहारी ।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम खुटेहरा के रामप्रकाश यादव की गेहूं की फसल गहाई के लिए रखी हुई थी जिसमें किसी ने जलन बस आग लगा दी आग लगने से उनके लाखों रुपए की फसल स्वाहा हो गई 25 कुंटल गेहूं की फसल जल गई जब आग लगी तब राम प्रकाश किसी काम से बाजार गया हुआ था जैसे ही सूचना मिली पहुंचा और बड़े ही मशक्कत से आग पर काबू पाया गया घटना की सूचना ब्यौहारी- थाने में दी गई है आग लगाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है एवं शासन से छतिपूर्त दिलाये जाने की मांग की है।

# महिलाओ से बैंक लोन जमा करने के नाम पर गबन करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**कटनी।** थाना माधवनगर अंतर्गत अपराध कायमी के 3 दिन बाद आरोपी शिवम शर्मा को सोमवार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कटनी में पेश किया गया। यह सफलता पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में हासिल हुई। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार आवेदक जयहिन्द राजभर पिता मोतीलाल राजभर उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम रानीताल पोस्ट गोसलपुर जिला जबलपुर वर्तमान ब्रान्च मैनेजर भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड के व्दारा एक लिखित आवेदन दिया। आवेदन अनुसार जांच की गई जिसमें आशु यादव पिता ओंमकार यादव निवासी बहोरीबंद, अभिषेक श्रीवास्तव पिता कमलेश श्रीवास्तव निवासी ग्राम कोडा कलां तहसील जबेरा दमोह, शिवम शर्मा पिता अरूण शर्मा निवासी बंजारी विजयराघवगढ व्दारा बैंक में संगम मैनेजर के पद पर कार्य करते हुये अपने पद का दुरूपयोग कर भारत फाईनेन्स के समूह मेम्बरो की महिलाओं से दिनांक 25 मार्च 2024 से 30 नवम्बर 2024 के मध्य महिलाओं से लोन की किस्त एवं प्री पेमेन्ट लिये गये, लोन को नियत अवधि के पूर्व लोन क्लोज करना, अन्य सीएसपी ऐप के माध्यम से महिला सदस्यों से यह कहकर कि आपके नाम से बैंक से लोन हुआ है या नही चेक करने के नाम पर बायोमैट्रिक मशीन में अगूठा लगवाकर समूह की महिलाओं के बैंक खातों से पहले से प्राप्त लोन को निकाल लिया एवं महिलाओं से लोन की किस्त की राशि जिसे बैंक में जमा कराया जाना था उसे अपने व्यक्तिगत लाभ के लिये समपरिवर्तित कर लिया गया। अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आरोपीगणो की तलाश की गई। आरोपी शिवम शर्मा ट्रांसपोर्ट नगर कुठला मे मिलने पर आरोपी शिवम शर्मा को गिरफ्तार ज्यूडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायायालय कटनी मे पेश किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी उनि प्रियंका राजपूत, सउनि शशिभूषण सिंह, प्रआर राजेश चौधरी, आरक्षक सुरेश कोरी, जज कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बजरंगबली की स्थापना की गई



**कटनी।** विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने बरही के भक्तो की भावनाओं का सम्मान करते हुए हनुमान जी की विशाल प्रतिमा स्थापित कराई, मंदिर निर्माण भी होगा जल्द। बरही पार्षद इकबाल पवार द्वारा विधायक संजय पाठक जी से निवेदन कर हनुमान भक्तो की मंशा जताई गयी थी इकबाल पवार ने बताया की लोगो की भक्तिभावना भरी मांग की जानकारी के साथ निवेदन विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के समक्ष बात रखी गयी थी जिसके बाद विधायक जी ने नगर परिषद बरही के वार्ड न 15 हीरापुर मे हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल बजरंगबली की मूर्ति स्थापित कराई। बरही के सभी भक्तो ने विधायक संजय सत्येंद्र पाठक का ह्दय से आभार व्यक्त किया है। भक्तो ने बड़े उत्साह के साथ मंदिर के चबूतरे का निर्माण विधायक जी के मार्गदर्शन पर प्राण प्रतिष्ठा कर मूर्ति स्थापना की है। विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने कहा की ईश्वर को मै कुछ दे सकूं इस योग्य नहीं, उनकी सेवा सिर्फ कुछ अंश कर खुशी प्राप्त कर लेता हूं भक्तो की मंशा और भाव को देख कर मेरा एक छोटा सा प्रयास था की हनुमान जी की पूजा इस जगह पर होनी चाहिए।

## सनशाइन एकेडमी के बच्चों ने उठाया कठपुतली शो का लुफ्त



**कटनी।** सनशाइन एकेडमी में 15 अप्रैल को विशेष कठपुतली शो का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक था अच्छे शिष्टाचार पर कठपुतली शो। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य था सभी बच्चों को अच्छे संस्कारों को नई तारीख से सिखाना, सभी शिक्षकों ने अलग-अलग कठपुतली का उपयोग करना शुरू किया। अलग-अलग कहानी से अच्छे शिष्टाचार के बारे में बताया। सभी बच्चों ने जादुई शब्द सिखाए और साथ ही अच्छे शिष्टाचार का इस्तेमाल करने का वादा भी किया। सभी बच्चों ने जाना कि छात्र जीवन में अच्छे संस्कारों का कितना महत्व है इस एक्टिविटी को करवाने का उद्देश्य यह था की बच्चे खेल-खेल में खूब मस्ती किया। सभी बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया व कठपुतली शो से संबंधी जानकारी हासिल की। संपूर्ण एक्टिविटी में बच्चे बहुत ही उत्साहित दिखाई दिए। विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की बच्चों के बेहतर प्रदर्शन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बलदेवगढ़ में घर में आगजनी करने वाले आरोपी को दिल्ली से पकड़ा

## पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु उद्घोषित किया था 5000 का ईनाम



**टीकमगढ़।** को बलदेवगढ़ में घर में सो रही महिला एवं उसके परिजनों पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना घटित हुई थी जिसकी सूचना पर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचकर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा घायलों के स्वास्थ्य का जायजा लिया गया था पुलिस अधीक्षक द्वारा रात्रि में बलदेवगढ़ की उपरोक्त घटना के आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एएसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे एउप पुलिस अधीक्षक दिलीप पांडे के नेतृत्व अलग.अलग पुलिस टीम गठित की गई थी एवं आरोपी की गिरफ्तारी हेतु ?5000 के ईनाम की उद्घोषणा की गई । उपरोक्त पुलिस टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों पर दबिश दी गई साथ ही साइबर सेल एवं मुखबिर तंत्र की मदद लेकर आरोपी की जानकारी निकाली गई जो घटना कारित कर दिल्ली भाग गया था पुलिस टीमों द्वारा दिल्ली जाकर संभावित स्थानों पर दबिश देकर आरोपी राजेश रायकवार को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आरोपी के विरुद्ध जिला बदर सहित अन्य प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है । उपरोक्त कार्यवाही में तत्कालीन निरीक्षक मनोज सोनी एउप निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह घोषएप्रधान आरक्षक मुकेश रायएआरक्षक केशव लोधीएनरेन्द्र जाट एरितेश मिश्राएअनिल पचौरी का सराहनीय योगदान रहा है ।

# रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड में निर्माणाधीन सड़क एवं पार्क बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण



**कटनी।** रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड स्थित अमीरगंज में एमएसडब्ल्यू प्लांट से खेर माई माता मंदिर, अमीरगंज चौराहा तक कायाकल्प अभियान के तहत कराए जा रहे सड़क डामरीकरण कार्य एवं पार्क बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का सोमवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य जयनारायण निषाद सुभाष साहू, डॉ.रमेश सोनी सहित वार्ड पार्षद विनोद यादव सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

सड़क डामरीकरण कार्य के निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद के दौरान प्राथमिकता से मूलभूत सुविधाएं मुहैया करने की बात कही जाकर, निर्माण कार्य के दौरान सड़क किनारे नाली के ऊपर के अतिक्रमण स्वेच्छा से अलग करने तथा निर्मित नई सड़क से तत्काल आवागमन करने का आग्रह किया। ताकि गुणवत्ता पूर्ण निर्मित सड़क का नागरिकों को अधिक समय तक लाभ प्राप्त हो सके। स्थानीय पार्षद विनोद यादव ने बताया कि सड़क निर्माण होने से जहां एक ओर आवागमन सुचारू होगा। वही क्षेत्रीय नागरिक पार्क का उपयोग मनोरंजन एवं अन्य स्वास्थ्य गतिविधियों के लिए कर सकेंगे। संवाद के दौरान स्थानीय नागरिकों ने विकास कार्य स्वीकृत किए जाने पर महापौर श्रीमती सूरी एवं स्थानीय पार्षद विनोद यादव को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मास्टर अक्षत खम्परिया ने जीता अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट



**कटनी।** मध्यप्रदेश के पहले इंटरनेशनल मास्टर शतरंज खिलाड़ी अक्षत खम्परिया ने अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतते हुए कटनी सहित पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। अक्षत ने बोस्निया और हर्जेगोविना में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में दुनिया भर के खिलाड़ियों को पराजित करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। अक्षत ने बताया कि बोस्निया और हर्जेगोविना के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी स्टीवोजार ग्लिगोरिक के नाम से ग्रैंड मास्टर टूर्नामेंट आयोजित होता है।

इस टूर्नामेंट में मेजबान बोस्निया और हर्जेगोविना के अलावा भारत, अजरबैजान, बुल्गारिया, अमेरिका, सर्बिया के खिलाड़ी शामिल थे। जिसमें से तीन ग्रैंड मास्टर थे जबकि तीन इंटरनेशनल मास्टर और तीन फीडे मास्टर खिलाड़ियों ने अपनी चुनौती पेश की। राउंड राबिन आधार पर मुकाबले खेले गएए जिसमें सभी को एक दूसरे के खिलाफ खेलने का अवसर मिला।

अक्षत की यह उपलब्धि कई मायनों में खास रही। पहली तो यह कि वे इस टूर्नामेंट की वरीयता सूची में नौवें क्रम के खिलाड़ी थे यानी उनकी अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग दूसरी सबसे कम थी। स्वयं से अधिक रैंकिंग के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए उन्होंने यह सफलता हासिल की। इस खिताबी अभियान के दौरान उन्होंने दो ग्रैंड मास्टर खिलाड़ियों को पराजित किया। इनमें बुल्गारिया के ग्रैंड मास्टर दिमित्रोव रेडोस्लाव के खिलाफ सफेद मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज की। दिमित्रोव ने मुकाबला ग्रूनफील्ड ओपनिंग से खेला और अक्षत ने पलटवार करते हुए बाजी अपने पक्ष में मोड़ दी। वहीं बुल्गारिया के ग्रैंड मास्टर निकोलोव मोमचिव को भी सफेद मोहरों से खेलते हुए हराया। यह मैच निम्जो इंडियन शैली से खेला गया।

अक्षत ने बताया कि यह बहुत ही चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंट था। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय शतरंज में युवा खिलाड़ी बेहतर योजनाओं और आधुनिक तकनीकों के प्रयोग से तेजी से आगे आ रहे हैं। ऐसे में 36 वर्षीय अक्षत स्पर्धा में तीसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे। इस जीत से अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 20 रेटिंग पाइंट मिले। अक्षत मप्र तदर्थ समिति के संयोजक हैं और प्रदेश में खेल की गतविधियां संचालित करने के क्रम में स्पर्धाओं में कम हिस्सा लेते हैं। उनकी सफलता पर विधायक संजय पाठक, संदीप जायसवाल, महापौर प्रीति सूरी, कलेक्टर दिलीप यादव, एसपी अभिजित रंजन सहित प्रदेश शतरंज के संरक्षक अचल चौधरी, मुक्तेश सिंह, डा.सुनील सोमानी, एफ अनिल ने शुभकामनाएं दीं हैं। अक्षत की यह उपलब्धि गौरव पूर्ण होने के साथ साथ कटनी के खिलाडियों के प्रोत्साहन के रूप में भी काम कर कटनी चैस एसोसिएशन के तीसरा आई एम देने के लक्ष को भी बल देगी।

# जल संवर्धन पर निबंध सहित कई प्रतिस्पर्धा हुई आयोजित




**चितरंगी।** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा 30 मार्च से 30 जून 2025 से जल संवर्धन अभियान चलाया गया है। जिसमे सभी प्रशासनिक अमला सामाजिक संस्था स्वैक्षिक संगठनो को एक नैतिक जिम्मेदारी दी गई है। कि अपने अपने क्षेत्रों के जल स्रोतों को साफ स्वच्छ कर पानी का बचाव करने के साथ साथ जन भागीदारी से लघु तालाब बोरी बंधान जैसे रचनात्मक कार्य किये जाय।

मप्र शिक्षा विभाग द्वारा जल संवर्धन अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में छात्र छात्राओं के साथ जल संवाद कर निबंध लेखन भाषण प्रतियोगिता चित्रकला जैसी प्रतियोगिता स्थापित कराने केलिए जिला शिक्षा अधिकारी सिंगरौली द्वारा आदेश जारी किया गया है। उसी कड़ी में आदेश के परिपालन में मप्र जन अभियान परिषद जिला सिंगरौली के निर्देशन में आज 15 अप्रैल 2025 को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चितरंगी में जल संवर्धन पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पांच छात्राओ ने प्रतिभागी रही। युक्त प्रतियोगिता में प्राचार्य बालेश्वर प्रसाद तिवारी नवांकुर संस्था से शिवेंद्र धर द्विवेदी रजनीश साहू उर्मिलेश पांडेय चंद्रशेखर जी उपस्थित रहे। जल संवर्धन अभियान को सफल बनाने केलिए सामाजिक संस्थाओं द्वारा अभूतपूर्व पहल किया जा रहा है।

## 19 अप्रैल को एनएससी में आयोवित होगा नि:शुल्क ह्रदय रोगी जांच शिविर

**चितरंगी।** नॉर्दनद कोलफ़ील्ड्स ललललिटेड (एनसीएल) के नेहरू शताब्दी लिलकत्सालय, जयंत द्वारा 19 अप्रैल 2025 (शलनवार) को लनि:शुल्क सुपरस्पेशललटी स्वास्थ्य लशलवर का आयोजन लकया जाएगा । यह लशलवर ह्दर्य रोग (कालडदयोलॉज़ी) से संबंलित होगा, लजसिंरीजों क़ी जाााँिक्स सुपर स्पेलशयललटी अस्पताल, नई लदल्ली से आए डॉ. राजीव राठी द्वारा क़ी जाएग़ी। इस स्वास्थ्य लशलवर का आयोजन एनएसस़ी,जयंत प्राति: 10:00 बजे से ‌पहर 01:00 बजे तक लकया जाएगा। यह लशलवर एनस़ीएल द्वारा किदिररयों और उनके पररवारों व स्थाऩीय लोगों के स्वास्थ्य कल्याण क़ी लर्शा उठाया गया एक सराहऩीय कर्है, लजससे न केवल ह्दर्य रोग क़ी सिय रहते पहिान हो सकेग़ी, बल्कल्क इसके प्रलत जागरूकता भ़ी बढेग़ी।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# परिवर्तन को स्वीकारे समाज

**सु**प्रीम कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने हाल ही में एक आयोजन में वैवाहिक विवादों के बढ़ते मामलों को जिस तरह समाज के समयानुकूल न बदल पाने का नतीजा बताया है, उस पर ध्यान दिये जाने की जरूरत है। न्यायमूर्ति नागरत्ना बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट की फैमिली कोर्ट्स कमेटी द्वारा आयोजित साउदर्न जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं, जिसका विषय था, 'फैमिली : द बेसिस ऑफ इंडियन सोसाइटी'. उनका कहना था कि देशभर में वैवाहिक विवादों के बढ़ते मामले न्यायालयों पर अत्यधिक बोझ डाल रहे हैं। वैवाहिक विवाद इस स्तर पर पहुंच जा रहे हैं कि पति-पत्नी के बीच समझौते की झीनी-सी संभावना भी खत्म हो जाती है। इसका कारण यह है कि एक ही मामले में घरेलू हिंसा, गुजारा भत्ता जैसी याचिकाओं का अंबार लगता जाता है। इसका नतीजा छोटे-छोटे बच्चे भुगतते हैं। अलबत्ता उनका कहना था कि तलाक और वैवाहिक विवादों के निरंतर बढ़ते जाने के लिए स्त्रियों की आर्थिक स्वतंत्रता कतई जिम्मेदार नहीं है। शिक्षा और रोजगार तक लड़कियों की तेज पहुंच, बढ़ते शहरीकरण, बढ़ती महत्वाकांक्षा और महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता में वृद्धि के कारण भारतीय परिवारों का पारंपरिक ढांचा बहुत तेजी से बदल रहा है। उनके मुताबिक, महिलाओं की यह सामाजिक-आर्थिक मुक्ति स्वागतयोग्य भी है और आवश्यक भी महिलाओं के इस रूपांतरण को समाज द्वारा प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, क्योंकि ये महिलाएं सिर्फ अपने परिवारों के लिए नहीं कमा रहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए भी योगदान कर रही हैं। लेकिन हमारा समाज इस बदलाव को

> **न्यायमूर्ति नागरत्ना बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट की फैमिली कोर्ट्स कमेटी द्वारा आयोजित साउदर्न जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं, जिसका विषय था, 'फैमिली : द बेसिस ऑफ इंडियन सोसाइटी'. उनका कहना था कि देशभर में वैवाहिक विवादों के बढ़ते मामले न्यायालयों पर अत्यधिक बोझ डाल रहे हैं।**

स्वीकारने के लिए तैयार नहीं है। हमारे दृष्टिकोण और व्यवहार समय के अनुरूप अद्यतन नहीं हो रहे हैं। ऐसे में, पारिवारिक विवाद बढ़ रहे हैं। इस संबंध में आंकड़ा पेश करते हुए उन्होंने कहा कि बीते दशक में लगभग 40 प्रतिशत शादियां तलाक के कारण प्रभावित हुई हैं। जाहिर है, परिवार और परंपरा को प्रमुखता देने वाले भारत जैसे देश में यह आंकड़ा बहुत बड़ा है। इसका समाधान क्या है? उनके मुताबिक, भारतीय परिवारों तथा समाजों को अपना रवैया और व्यवहार बदलने की आवश्यकता है। उनके अनुसार, इसके अलावा परिवार अदालतों में दोनों पक्षों की मुलाकात के दौरान वकील की मौजूदगी मशीनी नहीं होनी चाहिए। इसके विपरीत माहौल ऐसा होना चाहिए, जिससे दोनों पक्ष अच्छी तरह बातचीत कर सकें। उनका यह भी कहना था कि अगर दोनों विवादित पक्ष एक दूसरे को समझें, एक दूसरे का सम्मान करें तथा खुद आत्मनिरीक्षण करें, तो तलाकों के मामलों में निश्चित तौर पर कमी आ सकती है।

# पाकिस्तान की खामोशी से उठ रही हैं आवाजें

### आतंकवाद पर चुप्पी

**पा**'किस्तान को मुंबई में हुए आतंकी हमले का सामना करना ही पड़ेगा, जिसकी योजना उसकी धरती पर बनी। इसके लिए उसे सच्चाई का सामना करने की ज़रूरत है। सुरक्षा तंत्र को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लंबे समय से लंबित इस जघन्य आतंकी हमले के अपराधियों और मास्टरमाइंड को न्याय के कठघरे में खड़ा जाए।'
अगर आप सोचते हैं कि क्या पाक एक नया अध्याय शुरू करेगा और उसने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों को अंजाम देने वालों के बारे में ईमानदारी बरतने का फ़ैसला ले लिया है - ख़ास तौर पर तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किए जाने की प्रतिक्रिया स्वरूप-तो एक बार फिर से सोचें। यह पैराग्राफ़ 3 अगस्त, 2015 को पाकिस्तान के अख़बार 'डॉन' में तारिक खोसा द्वारा लिखे गए लेख से लिया गया है, जोकि पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी के पूर्व मुखिया हैं और उन्होंने 2009 में मुंबई आतंकी कांड की जांच की थी। खोसा ने लेख लिखते समय शायद सच की घुट्टी पी रखी होगी! ठीक उसी प्रकार, जब पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ ने 2018 में 'डॉन' को दिए एक साक्षात्कार में कुबूल किया था = 'आतंकवादी संगठन (अभी भी) सक्रिय हैं' और सवाल उठाया था कि क्या पाक को उन्हें 'सीमा पार करके मुंबई में 150 लोगों को मारने की अनुमति देनी चाहिए थी'? इतना भर कहने पर नवाज़ पर देशद्रोह का केस जड़ दिया गया था।

अहम यह कि दोनों लेख अभी भी डॉन की वेबसाइट पर पढ़े जा सकते हैं - महत्वपूर्ण इसलिए कि यदि पिछले कुछ दिनों आपने पाकिस्तानी अखबार देखे हों,तो आपको यह सोचने के लिए माफ़ कर दिया जाएगा कि कहीं आप किसी और देश के समाचारपत्र तो नहीं पढ़ रहे। पाक मूल के कनाडाई नागरिक राणा के बारे में एक शब्द तक नहीं है, जो 2008 के मुंबई हमलों के दो प्रमुख षड्यंत्रकारियों में से एक है, जिसे हाल ही में भारत प्रत्यर्पित किया गया है। एक भी शब्द नहीं। शहबाज़ शरीफ़ सरकार बलूचिस्तान के मसले से जिस तरह निपट रही है, उस पर आलोचनात्मक लेख? हां है। पाकिस्तान सुपर लीग पर संपादकीय? हां है। अर्थव्यवस्था पर निराशाजनक टिप्पणी? हां है। लेकिन राणा की वापसी पर, और विस्तार से मुंबई हमलों पर, जब पाकिस्तानी सेना द्वारा प्रशिक्षित 10 पाकिस्तानी कराची से मुंबई के लिए भेजे गए, और उन्होंने नवंबर 2008 में लगभग तीन दिनों तक भारत के वित्तीय केंद्र को बंधक



> **खोसा ने लेख लिखते समय शायद सच की घुट्टी पी रखी होगी! ठीक उसी प्रकार, जब पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ ने 2018 में 'डॉन' को दिए एक साक्षात्कार में कुबूल किया था 'आतंकवादी संगठन (अभी भी) सक्रिय हैं' और सवाल उठाया था कि क्या पाक को उन्हें 'सीमा पार करके मुंबई में 150 लोगों को मारने की अनुमति देनी चाहिए थी'?**

**ज्योति मल्होत्रा**

बनाए रखा - एक शब्द तक नहीं, पूरा वाक्य तो दूर की बात है।
आपको हैरानी नहीं हो रही, जानते हैं कि क्यों। एक ओर, पाक सरकार ने अपने दरवाजे खोल दिए और पाकिस्तान के लोगों ने अपने दिल - और 6,500 सिख तीर्थयात्रियों को वीजा दिए, ताकि वे ननकाना साहिब, पंजा साहिब, करतारपुर साहिब और अन्य गुरुद्वारों में बैसाखी मना सकें। द ट्रिब्यून और अन्य समाचार पत्रों में इस मौके पर हाथ जोड़े खुशी-खुशी जा रहे वरिष्ठ नागरिकों की तस्वीरें छापीं, जो एक आनंदमयी तीर्थयात्रा की शुरुआत है। दूसरी ओर, 17 लंबे सालों से, निर्वाचित सरकारों और अपनी जनता को बंधक बनाकर रखने वाले पाक सैन्य प्रतिष्ठान ने न केवल प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार पर, बल्कि पूरे मीडिया पर भी कड़ा शिकंजा कस रखा है - ताकि मुंबई के भयावह कांड पर प्रकाशक की कलम से निकलकर एक भी शब्द पन्ने पर छप न पाए। और इसलिए इस कांड में शामिल लश्कर-ए-तैयबा के सह-संस्थापक हाफिज सईद से शुरू करके ज़की-उर-रहमान लखवी तक के तमाम साजिशकर्ता खबरों से गायब हैं। शिकागो जेल में बंद दूसरे मास्टरमाइंड डेविड हेडली का भी कोई जिक्र नहीं है। मेजर इकबाल हो या साजिद मीर या अब्दुल रहमान, हाशिम सैयद या फिर इलियास कश्मीरी, इनपर भी कोई बात नहीं है - सभी के खिलाफ एनआईए ने आरोप पत्र दायर कर रखा है और वे आज भी पाकिस्तान में खुलेआम घूम रहे हैं।
मुंबई के उन दिनों और रातों की यादें पाक पर कफन की तरह मंडरा रही हैं। आमतौर पर तेवर रखने वाला पाकिस्तानी मीडिया, वह जो अतीत में अयूब खान से लेकर टिक्का खान तक के तानाशाहों और निरंकुश शासकों के सामने डटा रहा - जब पत्रकारों को पीटा गया, जेल में डाला गया, प्रताड़ित किया गया, उनके परिजनों को धमकाया गया- ऐसा लगता है कि अब उनका मुंह बंद हो चुका है, वे थक चुके हैं, बुढ़ा गए हैं। हो सकता है उन्होंने होंठ इसलिए सिल रखे हों कि उन्हें नई सुबह का इंतजार हो शायद मुंबई के बारे में कुछ ऐसा है, जिसने चुप्पी का लिहाफ ओढ़े रखना सुनिश्चित कर रखा है। नवाज़ शरीफ को देशद्रोह का केस झेलने के अलावा, पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जनरल महमूद दुर्रानी को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी थी, जब उन्होंने 2009 में स्वीकारा कि कसाब एक पाक नागरिक है। केवल खोसा बचे रहे। इसी बीच, पाक सेना की नज़र-ए-इनायत इमरान खान से हटकर नवाज के छोटे भाई शहबाज़ और नवाज़ शरीफ की बेटी मरियम, जोकि पंजाब की मुख्यमंत्री हैं, की तरफ हो गई है। पाक के आधे अभिजात्य वर्ग के पास दोहरे पासपोर्ट हैं, लिहाजा उनका एक पांव पश्चिम में रहता है, और हालात प्रतिकूल होते ही वहां खिसक लेते हैं। अर्थव्यवस्था खस्ताहाल है। चीन का साया और गहराता एवं पुख्ता होता जा रहा है। तथापि खोसा के 2015 के लेख के हर शब्द की गूंज बनी हुई है। न तो वे कभी अपनी इस कथनी से पीछे हटे,न ही डॉन, भले ही इन दोनों ने अब चुप्पी साधी हो।

खोसा ने उस लेख में मुंबई कांड के सूत्रधारों पर फेडरल एजेंसी की जांच में कहा 'सर्वप्रथम, कसाब एक पाक नागरिक है, जिसके घर, प्रारंभिक स्कूल व आतंकी संगठन से जुड़ने का जांचकर्ताओं ने पता लगा लिया था। दूसरे, लश्कर-ए-तोयबा के आतंकवादियों को सिंध के थट्टा के पास प्रशिक्षण दिया गया और उन्हें समुद्र के रास्ते रवाना किया गया। जांचकर्ताओं ने प्रशिक्षण शिविर की शिनाख्त की और जांच हेतु कब्जे में ले लिया। मुंबई में प्रयुक्त विस्फोटक उपकरणों के खाली बक्से शिविर से बरामद हुए थे । तीसरा,आतंकी जिस भारतीय नौका से मुंबई पहुंचे थे, उसको अगवा करने के पहले आतंकवादियों के ट्रॉलर को वापस बंदरगाह पर लाया गया, उसे रंगा गया और छिपा दिया गया। इसकी बरामदगी से आरोपियों की कड़ी जुड़ी। चौथा, मुंबई बंदरगाह के पास आतंकियों ने जो 'डिंगी' लावारिस छोड़ी, उसके इंजन पर लगे पेटेंट नंबर के जरिए जांचकर्ताओं ने जापान से लाहौर और फिर कराची में खेल का सामान बेचने वाली दुकान तक पहुंचने तक के आयात-रूट का पता चला लिया। वहीं से लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक आतंकी ने इसे डिंगी सहित खरीदा था। जांच आरोपी से जुड़ी, उसे गिरफ्तार किया गया। पांचवां, कराची का वह ऑपरेशन रूम, जहां से कांड को निर्देशित किया गया, उसे भी जांचकर्ताओं ने कब्जे में लिया। वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल के जरिए स्थापित संचार तंत्र का पता लगा। छठा, कथित कमांडर व उसके सहयोगियों की पहचान हुई, उन्हें गिरफ्तार किया गया। सातवां, विदेशों में बसे कुछ फाइनेंसरों व सुविधा प्रदानकर्ताओं को गिरफ्तार कर मुकदमे हेतु पाक लाया गया।'
लेख के अंत में खोसा ने कहा कि भारतीय आधिकारियों नें 2009 में यह माना था कि पाक ने अपनी जांच को पेशागत दक्षता से अंजाम दिया, जिसमें सात साजिशकर्ताओं पर आरोप तय हुए, लेकिन उन्होंने चेताया कि 'बाकी गायब कड़ियों' को जोड़ने की जरूरत भी है।

# टैरिफ युद्ध : आत्मनिर्भरता की तरफ ठोस कदम बढ़ाए भारत

### वैश्विक अर्थव्यवस्था

**डो**नाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका का राष्ट्रपति पद संभालते समय वादा किया था कि वे विश्व में शांति के प्रतीक बनेंगे। उन्होंने इस्राइल-हमास संघर्ष को समाप्त कराने और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मित्रवत संबंधों के आधार पर रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की बात कही थी। लेकिन धरातल में ये संभव न हुआ। अब युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं, आर्थिक मोर्चे पर भी लड़े जा रहे हैं। देश और नेता, जो मूलतः व्यापारी मानसिकता रखते हैं, अब टैरिफ के ज़रिए एक-दूसरे को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। इस आर्थिक युद्ध में जनता की आजीविका, देश की अर्थव्यवस्था और व्यापारिक स्थिरता बुरी तरह प्रभावित होती है।

डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने कार्यकाल में दर्जनों देशों के खिलाफ टैरिफ वॉर की शुरुआत की। इन देशों पर अमेरिका ने 10 से 50 प्रतिशत तक शुल्क बढ़ाया। इस नीति का असर केवल वैश्विक व्यापार पर ही नहीं, बल्कि मंदी, बेरोजगारी और आर्थिक अस्थिरता के रूप में साफ दिखने लगा है। अमेरिका ने भारत से आने वाले उत्पादों पर भी शुल्क लगाकर स्पष्ट कर दिया कि वह अब अपनी 'उदार' नीतियों में बदलाव लाएगा। नतीजतन भारत में महंगाई बढ़ेगी, शेयर बाजार गिरे, और आर्थिक योजनाएं प्रभावित हुईं। भारत, जो अमेरिका से जो उत्पाद आयात करता है, अब मूल्य और कर दोनों के दबाव में है। यदि अमेरिका इन वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क लगाता है, तो भारतीय बाजार में महंगाई बढ़ेगी। आरबीआई की मौद्रिक नीतियां भी अस्थिरता से प्रभावित हो रही हैं। अमेरिका का कहना है कि



> **डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने कार्यकाल में दर्जनों देशों के खिलाफ टैरिफ वॉर की शुरुआत की। इन देशों पर अमेरिका ने 10 से 50 प्रतिशत तक शुल्क बढ़ाया। इस नीति का असर केवल वैश्विक व्यापार पर ही नहीं, बल्कि मंदी, बेरोजगारी और आर्थिक अस्थिरता के रूप में साफ दिखने लगा है। अमेरिका ने भारत से आने वाले उत्पादों पर भी शुल्क लगाकर स्पष्ट कर दिया कि वह अब अपनी 'उदार' नीतियों में बदलाव लाएगा।**

**सुरेश सेठ**

भारत और अन्य देश अपने निर्यात पर अत्यधिक शुल्क लगाते हैं, इसलिए वह भी जवाबी शुल्कों की एक श्रृंखला लागू करने की तैयारी कर रहा है। अमेरिका इस कदम को अपने लिए 'मुक्ति दिवस' के रूप में देख रहा है, जबकि उसकी आम जनता इस नीति से पूरी तरह सहमत नहीं है। अमेरिका का मानना है कि समय आ गया है जब उसे अपनी अब तक की उदार व्यापार नीतियों में बदलाव करना चाहिए। इस नीति का सीधा प्रभाव भारत जैसे देशों पर पड़ेगा, जहां घरेलू उत्पादन पर दबाव बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा में गिरावट आ सकती है। यदि अन्य देश भी जवाबी टैरिफ वॉर शुरू कर देते हैं, तो यह न केवल अमेरिका बल्कि भारत जैसे विकासशील देशों के आम नागरिकों के हितों को भी नुकसान पहुंचा सकता है। चाहे अमेरिका का उद्देश्य यही है कि इतना अधिक शुल्क लगाने वाले देशों को भी मजबूरन अपना शुल्क कम करना पड़े परन्तु दुनिया के पिछड़े देशों और भारत के लिए भी अमेरिका अभी तक आशा की एक किरण रहा है। वह इन देशों से जितना माल खरीदता है, उससे कम सामान बेचता है। इन पिछड़े देशों का ऊंचा टैक्स भार उठाते हुए और उन्हें उदार कर देते हुए वह हमेशा घाटे का सौदा करता है। भारत लंबे समय से अमेरिका पर व्यापारिक सहयोग के लिए निर्भर रहा है, लेकिन अब अमेरिका पहले जैसी उदारता दिखाने को तैयार नहीं है। वह अपने यहां आने वाले उत्पादों पर ऊंची टैरिफ दरें लगाकर वैश्विक व्यापार को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में भारत के सामने दो ही विकल्प हैं एक, अमेरिका के साथ एक विस्तृत द्विपक्षीय व्यापार समझौता कर लिया जाए; दूसरा, टैरिफ युद्ध से डरकर अपने निर्यात उत्पादों पर शुल्क कम कर दिया जाए, ताकि यह करों की लड़ाई बेलगाम न हो जाए।

परंतु अमेरिका से टैरिफ युद्ध लड़ना भारत जैसे आयात-आधारित अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए बेहद कठिन है। हमारे यहां जिन वस्तुओं का आयात होता है, उनकी मांग इतनी लचीली है कि यदि उनकी आपूर्ति में बाधा आए तो देश का उत्पादन और निवेश प्रभावित हो सकता है। ट्रम्प की इन आक्रामक नीतियों से आर्थिक अस्थिरता और भी बढ़ गई है। इसका समाधान यह नहीं कि भारत अपनी टैरिफ दरें घटाकर अपने ही उत्पादकों और निवेशकों को नुकसान की स्थिति में पहुंचा दे। कृषि क्षेत्र में तो स्थिति और भी जटिल है– भारत अपने कृषि उत्पादों का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा रियायती दरों पर गरीबों में वितरित करता है। ऐसे में यदि इन्हीं उत्पादों को ऊंची दरों पर अमेरिका को निर्यात किया जाएगा, तो घरेलू कीमतों को संतुलित रखना मुश्किल हो जाएगा। भारत ने इसका एक संभावित समाधान खोजा है– व्यापार की दिशा का वैविध्यकरण और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते। हालांकि, अमेरिका की ओर से लगातार अतिरिक्त शुल्क लगाने की धमकियां भारत की नीतिगत स्थिरता को प्रभावित करती हैं। इसलिए अब भारत को यह ठान लेना चाहिए कि वह आयात-निर्भर आर्थिक ढांचे से बाहर निकले और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए।

## प्रसंगवश

# राज्यपाल द्वारा धार्मिक नारा लगवाना धर्मनिरपेक्षता पर आघात

**अजीत सिंह**

**भा**रत विविधतापूर्ण, बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक देश है, जिसकी आत्मा उसकी धर्मनिरपेक्षता में बसती है। भारतीय संविधान न केवल सभी धर्मों को समान सम्मान देने की बात करता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि राज्य और उसके प्रतिनिधि किसी एक धर्म का प्रचार नहीं करेंगे। हाल ही में तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि द्वारा एक निजी कॉलेज के कार्यक्रम में मंच से 'जय श्री राम' का नारा लगवाना न केवल इस संवैधानिक मूलभूत सिद्धांत का उल्लंघन है, बल्कि यह लोकतंत्र और शिक्षा परिसर की पवित्रता पर भी आघात है।

राज्यपाल,राज्य में, राष्ट्रपति के प्रतिनिधि होते हैं और संविधान के अनुसार उनका आचरण राजनीतिक व धार्मिक रूप से निष्पक्ष होना चाहिए। भारतीय संविधान में राज्यपाल की शक्तियाँ और जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गई हैं। ये शक्तियाँ राज्यपाल को केवल प्रशासनिक और विधायी मामलों तक सीमित नहीं रखतीं, बल्कि यह भी अपेक्षा करती हैं कि वे संवैधानिक नैतिकता का पालन करें। भारत की संविधान सभा की बहसों में बार-बार इस बात पर बल दिया गया था कि भारत का राज्य किसी एक धर्म से नहीं जुड़ा होगा। संविधान की प्रस्तावना स्पष्ट रूप से भारत को 'धर्मनिरपेक्ष' राष्ट्र घोषित करती है। इसका अर्थ यह है कि राज्य और उसके किसी भी अंग, चाहे वह राज्यपाल हो, राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री - को किसी विशेष धर्म का समर्थन नहीं करना चाहिए। 'जय श्रीराम' भले ही एक धार्मिक उद्घोष हो, लेकिन समकालीन राजनीति में यह एक खास विचारधारा और पार्टी से जुड़ गया है। इस पृष्ठभूमि में राज्यपाल द्वारा इस नारे को मंच से लगवाना, राज्य के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को कमजोर करता है। कॉलेज और विश्वविद्यालय केवल ज्ञानार्जन के केंद्र नहीं होते, वे सामाजिक विवेक, आलोचनात्मक सोच और बहुलता को बढ़ावा देने वाले संस्थान होते हैं। शिक्षा का मंच तटस्थ और समावेशी होना चाहिए, जहाँ छात्रों को धार्मिक, जातीय या वैचारिक पूर्वाग्रहों से मुक्त रखा जाए। राज्यपाल का कॉलेज के कार्यक्रम में ऐसा नारा लगवाना, उस संस्थान की वैचारिक स्वतंत्रता पर भी सवाल उठाता है। क्या यह छात्रों पर एक विशेष विचारधारा थोपने का प्रयास नहीं है? क्या यह अकादमिक स्वतंत्रता की भावना के विरुद्ध नहीं है? जब उच्च पदों पर आसीन लोग धर्म विशेष के प्रतीकों का




तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि

सार्वजनिक समर्थन करते हैं, तो यह शिक्षा संस्थानों को धार्मिक या वैचारिक ध्रुवीकरण की ओर ढकेलता है, जो किसी भी लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है।
'जय श्रीराम' का उद्घोष सदियों से धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा है। लेकिन पिछले एक दशक में इस नारे का राजनीतिकरण हो गया है। इसे कई बार अल्पसंख्यक समुदायों को डराने या बहुसंख्यक वर्चस्व स्थापित करने के उपकरण की तरह भी इस्तेमाल किया गया है। जब कोई संवैधानिक पदधारी इस नारे को सार्वजनिक मंच पर दोहराता है, तो यह एक संदेश जाता है कि वह भी उसी राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा है।
राज्यपाल का यह कृत्य इस चिंता को और गहरा करता है कि क्या वे वास्तव में एक गवर्नर हैं या फिर किसी खास विचारधारा के ब्रांड एम्बेसडर?

यह पहली बार नहीं है जब आर. एन. रवि पर संविधान की मर्यादा का उल्लंघन करने का आरोप लगा हो। इससे पहले भी वे तमिलनाडु सरकार के साथ टकराव में रहे हैं - चाहे वह विधानसभा में अभिभाषण के अंश को हटाना हो या मंत्रियों की नियुक्ति को अनावश्यक रूप से रोकना।

ये घटनाएँ बताती हैं कि राज्यपाल की भूमिका, जो मूलतः एक शांत और निष्पक्ष मध्यस्थ की होनी चाहिए, अब कहीं न कहीं एक सत्ताधारी विचारधारा का विस्तार बनती जा रही है। दरअसल, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता, वह उन मूल्यों - समावेशिता, निष्पक्षता और बहुलता से जीवित रहता है, जिन्हें संविधान ने आत्मसात किया हुआ है। जब शिक्षा संस्थानों में धार्मिक नारे लगवाए जाते हैं, और वह भी संवैधानिक पद पर बैठे हुए व्यक्ति द्वारा, तो यह संविधान की आत्मा पर सीधा प्रहार है। अब समय आ गया है कि नागरिक समाज, छात्र, शिक्षक और समस्त लोकतांत्रिक शक्तियां इस प्रकार के कृत्यों के विरुद्ध एकजुट होकर संविधान की रक्षा के लिए खड़े हों। धर्म और राजनीति का का घालमेल खतरनाक है और लोकतंत्र की आत्मा को चोट पहुंचा सकता है।

## ॥गीता॥



**श्लोक : धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः।**
**मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत सञ्जय ॥**

**भावार्थ :** भगवद्गीता एक बहुपठित आस्तिक विज्ञान है जो गीता-माहात्म्य में सार रूप में दिया हुआ है। इसमें यह उल्लेख है कि मनुष्य को चाहिए कि वह श्रीकृष्ण के भक्त की सहायता से संवीक्षण करते हुए भगवद्गीता का अध्ययन करे और स्वार्थप्रेरित व्याख्याओं के बिना उसे समझने का प्रयास करे।

## जीवन दर्शन

# जर्जर महलों का शहर 'चेट्टीनाड'

**ह**मारे देश और इस दुनिया में खान-पान, वेशभूषा आदि को लेकर जितनी विविधताएं हैं, उतने ही रहस्य भी हैं। कुछ रहस्य जिनका खुलासा नहीं हो पाया। कुछ रहस्य मानव निर्मित भी हैं और कुछ के बारे में जानने की सतत कोशिशें जारी हैं। कुछ बातें ऐसी भी हैं जो वर्षों से हैं, लेकिन ज्यादातर लोगों को इसकी जानकारी ही नहीं।
दक्षिण भारत में तमिलनाडु राज्य के दक्षिणी भाग में स्थित चेट्टीनाड में कार्यरत फ्रांसीसी वास्तुकार बर्नार्ड ड्रैगन का कहना था कि चेट्टियार अपने भाई, चचेरे भाई, पड़ोसी आदि से होड़ में रहते थे, कि वे दूसरों से बेहतर सुंदर इमारत बना सकें। लेकिन इस क्षेत्र में निर्मित लगभग 11,000 महलों में से कई अब जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं। महलों और हवेलियों के वर्तमान मालिक अपने रखरखाव का खर्च वहन करने में असमर्थ हैं या स्वामित्व विवादों में फंसे हुए हैं। चेट्टीनाड की



पारंपरिक राजधानी और सबसे बड़ा शहर कराईकुडी है। चेट्टीनाड नट्टुकोट्टई चेट्टियार या नागरथर का घर है, जो एक समृद्ध व्यापारिक और बैंकिंग समुदाय है। जिसके कई सदस्य 19वीं शताब्दी और 20वीं शताब्दी के प्रारंभ में सीलोन और दक्षिण पूर्व एशिया (विशेष रूप से बर्मा, मलाया और वियतनाम) में प्रवास कर गए थे। आज चेट्टीनाड समुदाय के लोग संयुक्त राज्य अमेरिका, सिंगापुर और मलेशिया सहित अन्य स्थानों पर रह रहे हैं। चेट्टीनाड अपने व्यंजनों, सुंदर हवेलियों और मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। यहां आने वाले पर्यटक इन हवेलियों और मंदिरों को देखते हैं। 19वीं शताब्दी के मध्य से, चेट्टियार व्यापारियों ने एशिया में अपनी आर्थिक गतिविधियों से एकत्रित धन का उपयोग करके इस क्षेत्र में महलों का निर्माण किया। यहां के बहुत से महल खाली हो चुके हैं, अभी भी उनके वंशजों के पास हैं। इनका रखरखाव महंगा होता है, इसलिए कुछ को तोड़कर उन निर्माण सामग्रियों के बदले बेच दिया जाता है जिनसे वे बने होते हैं। दो फ्रांसीसी वास्तुकारों, बर्नार्ड ड्रैगन और मिशेल एडमेंट ने 2000 के दशक के प्रारंभ में एक गैर-सरकारी संगठन बनाया, ताकि तमिलनाडु सरकार के साथ उनके संरक्षण की वकालत की जा सके। अनेक फिल्म निर्माताओं को भी यहां के महल और उनमें छिपी कहानियों के प्रति रुचि जगाई है। वैसे महलों के ये वारिस इन्हें संजोने में जुटे ही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### वक्फ बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई

**विसं भोपाल।** वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं लगाई गई हैं। पिटिशन दायर करने वाले याचिकर्ताओं में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता अब्बास हफीज भी शामिल हैं। सभी याचिकाकर्ताओं ने वक्फ बिल पर रोक लगाने की मांग की है। बिल को असंवैधानिक बताया है। याचिकाकर्ता अब्बास हफीज ने बताया कि बिल में लिमिटेशन एक्ट को लागू किया गया है। जिससे वक्फ की संपत्ति पर कब्जा करना आसान होगा। एक्ट में वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्यों को शामिल किए जाने का प्रावधान रखा गया है। जबकि गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में इस बात से इनकार किया था। दूसरी तरफ कब्जा करने वालों के खिलाफ गैर जमानती वारंट को जमानती कर दिया गया है। जिससे कब्जा करने वालों के मंसूबे बढ़ेंगे। सरकार इस बिल को वक्फ की संपत्ति का रक्षक बता रही है। लेकिन बिल से वक्फ की संपत्ति खतरे में आ गई है। बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं पर 16 अप्रैल को पहली सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता अब्बास हफीज का दावा है कि यह असंवैधानिक बिल सुप्रीम कोर्ट में नहीं टिकेगा पहले ही सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट से स्टे मिलने की उम्मीद है।

### मेनका गांधी और उनकी बहन अंबिका की अपील पर नोटिस

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक सिंह की युगलपीठ ने भाजपा नेत्री मेनका गांधी और उनकी बहन अंबिका शुक्ला की अपील पर भोपाल निवासी वीएम सिंह, कलेक्टर भोपाल सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने सभी पक्षों को अपनी-अपनी लिखित दलीलें पेश करने स्वतंत्र किया है। मामला राजधानी भोपाल स्थित कृषि भूमि के विवाद से संबंधित है। इसे लेकर मेनका गांधी व उनके ममेरे भाई वीएम सिंह के बीच विवाद गहरा गया हे। मेनका गांधी व उनकी बहन अंबिका की ओर से अधिवक्ता आदिल उसमानी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि भोपाल की हुजूर तहसील के अंतर्गत लाउखेड़ी की जमीन पर मेनका के ममेरे चचेरे भाई ने पूर्व में हाईकोर्ट से नामांतरण करवाने का एक आदेश कराया। इस मामले में उन्होंने मेनका व उनकी बहन को पक्षकार नहीं बनाया। उनकी जानकारी में लाए बिना ही जमीन का नामांतरण अपने नाम करा लिया। लिहाजा, हाई कोर्ट में अपील दायर की। वहीं दूसरी ओर वीएम सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा मेनन व उमेश त्रिपाठी ने घोर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने दलील दी कि मेनका अनावश्यक आपत्ति पेश कर रही हैं। मेनका की मां अमतेश्वर की जिन आपत्तियों को सुप्रीम कोर्ट निरस्त कर चुकी हैं, पुनः वही आपत्ति लगाई जा रही है। दलील दी गई कि अपील 1691 दिन के विलंब से की गई, इसलिए उसे निरस्त किया जाए। उन्होंने बताया कि दरअसल, मेनका की मां ने मध्य प्रदेश की सभी संपत्तियों से स्वयं और वारिसानों का हक त्याग कर दिया था और ये जमीनें वीएम सिंह के नाम कर दी गई थीं।

**भोपाल स्थित कृषि भूमि के विवाद का मामला**

### 61 प्रतिशत जिला उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष ही नहीं

**जागरण, जबलपुर।** मध्य प्रदेश के 61 प्रतिशत जिला उपभोक्ता आयोगों में अध्यक्ष के पद रिक्त पड़े हैं। यह जानकारी स्वयं राज्य उपभोक्ता आयोग की वेबसाइट में दर्शायी गई है। जनवरी, 2025 तक की स्थिति में 51 जिलों में से 31 में अध्यक्ष के पद रिक्त थे। वहीं नरसिंहपुर आदि में विगत चार वर्ष से नियमित अध्यक्ष की बाट जोही जा रही है। जिन आयोगों में अध्यक्ष के पद रिक्त हैं, उनमें इंदौर-एक, शिवपुरी, धार, सतना, मुरैना, हरदा, बुरहानपुर, सीहोर, बड़वानी, मंडलेश्वर, मंडला, डिंडौरी, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, शाजापुर, देवास, रायसेन, झाबुआ, नीमच, उमरिया, सीधी, शहडोल, अनूपपुर, राजगढ़, अशोकनगर, दतिया, श्योपुर, टीकमगढ़, पन्ना, बैतूल शामिल हैं। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, जबलपुर के अध्यक्ष डा.पीजी नाजपांडे ने उक्त समस्या को गंभीरता से लेकर हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को पत्र भेजा है। जबकि विधि व उपभोक्ता मामलों के सचिव को सूचना पत्र प्रेषित किया है। इससे पूर्व हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष भी यह समस्या रेखांकित की जा चुकी है। डा. नाजपांडे के अनुसार अध्यक्ष के पद रिक्त होने से उपभोक्ताओं के परिवाद लंबित हैं। शीघ्र निराकरण मुमकिन नहीं हो पा रहा है। लंबित प्रकरणों का अंबार लग गया है। साथ ही नए परिवाद भी बढ़ते जा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव, अधिवक्ता वेदप्रकाश अधौलिया, ब्रजेश साहू ने शीघ्र कार्रवाई पर बल दिया है।



**उपभोक्ता मामलों के सचिव को भेजा सूचना पत्र**

# प्रमोशन की तैयारी में सरकार, खाली पद बनेगी समस्या

## पदोन्नति के बाद प्रदेशभर में दो लाख से अधिक पद होंगे खाली, कर्मचारी संगठन फार्मूले से सहमत नहीं

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार जल्द ही अपने कर्मचारी-अधिकारियों को पदोन्नति का लाभ दे सकती है। ऐसा माना जा रहा है कि सरकार जल्द ही स्थानांतरण पर लगी रोक हटाते हुए पदोन्नति अधिकारी कर्मचारियों की नए सिरे से पदस्थापना कर सकती है। सूत्रों की मानें तो इसी माह से पदोन्नति सूचियां जारी हो सकती हैं। हालांकि सरकार के सामने अहम समस्या कर्मचारी संगठनों को अपने फार्मूले के अनुसार सहमत कराने की होगी। गौरतलब है कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने एलान किया था कि जल्द ही राज्य के अधिकारी कर्मचारियों को पदोन्नत किया जाएगा। इस एलान के बाद प्रशासनिक स्तर पर तैयारी भी शुरू हो गई है। इससे तकरीबन 8 साल बाद अधिकारी कर्मचारी पदोन्नत हो सकेंगे। जानकारों का कहना है कि सरकार पहले पूर्ण तबादला नीति लाकर राज्य में स्थानांतरण पर लगी रोक को हटाएगी और फिर पदोन्नति आदेश के साथ अधिकारी कर्मचारियों की नए सिरे से पदस्थापना की जाएगी। बताया गया है कि फिलहाल राज्य शासन स्तर पर मुख्य सचिव अनुराग जैन के निर्देशानुसार विभागों में पदोन्नति को लेकर आवश्यक प्रक्रिया जारी है।

**खाली पदों को भरने की भी तैयारी:** सूत्रों की मानें तो इस संबंध में पिछले दिनों उच्च स्तरीय बैठक हुई थी, जिसमें पदोन्नति के उपरांत खाली होने वाले दो लाख से अधिक पदों की वजह सरकारी कामकाज प्रभावित होने की बात रखी गई थी। इस बारे में सीएम को भी अवगत करा दिया गया है। बताया गया है कि इस समस्या से निजात पाने के लिए सरकार अगले तीन सालों में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग और ईएसबी से भर्ती कराएगी।

### संगठनों को साधना टेढ़ी खीर

राज्य सरकार के इस प्रयास पर फिलहाल अपाक्स और सपाक्स जैसे संगठन रोडे अटका सकते हैं, जिन्हें साधना सरकार के लिए टेढ़ी खीर साबित हो सकती है। बताया गया है कि सरकार जो फार्मूला तैयार किया है, उसमें इन कर्मचारी संगठनों की अपने-अपने तरह से सोच है।



### ऐसा होगा फार्मूला

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने पदोन्नति को लेकर जो फार्मूला तैयार किया है, उसमें तय कर दिया गया है कि जिस श्रेणी में कर्मचारी की नियुक्ति हुई है, उसी श्रेणी में उसकी पदोन्रति होगी। जितने पद रिक्त होंगे, उतने ही पद उसी वर्ग में पदोन्रति से भरे जाएंगे। चाहे पद खाली ही रह जाएं। इस सिस्टम से जुड़े एक अधिकारी ने उदाहरण देते हुए बताया कि यदि किसी विभाग में कार्यालय अधीक्षक के 50 पद खाली हैं तो एसटी 20 प्रतिशत और एससी को 16 प्रतिशत पदों पर पदोन्रति दी जाएगी। शेष 32-33 पदों को सामान्य वर्ग को प्रमोशन देकर भरा जाएगा।

### 4 लाख को मिलेगा पदोन्नति का लाभ

जानकारों की मानें तो सरकार की इस पहल का लाभ तकरीबन 4 लाख अधिकारी कर्मचारियों को मिलेगा। सूत्रों का कहना है कि सरकार योजना बना रही है कि अधिकारी कर्मचारी की जिस वर्ग में भर्ती होगी, उसी में उसे पदोन्नत मिलेगी। सरकार आने वाले दो वित्तीय वर्ष यानि कि 2026-27 और 2027-2028 में एक-एक लाख पदों पर राज्य लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से भर्ती करेगी। जिसके लिए सरकार ने अपनी योजना तैयार कर ली है।

### 2017 के ड्राफ्ट के आधार पर हो निर्णय

अजाक्स के प्रांतीय प्रवक्ता विजय शंकर श्रवण का कहना है कि हम लोगों ने काफी समय पहले पदोन्नति में आरक्षण की मांग की थी,इस आधार पर विधि विशेषज्ञों की मौजूदगी में एक समिति का गठन किया गया था,जिसने सभी वर्गो की बात समाहित कर निर्णय लिया था। जिसे पदोन्नति 2017 ड्राफ्ट के रुप में जाना गया। अब एक बार फिर से नया ड्राफ्ट सामने आ रहा है। जिसमें फिर से रिव्यू करने की बात कही जा रही है। हमारी मांग है कि 2017 के ड्राफ्ट के आधार पर ही प्रमोशन के निर्णय लिए जाने चाहिए।

### पदोन्नति में आरक्षण नहीं होना चाहिए

सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एवं सपाक्स की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वीणा घाणेकर का कहना है कि पदोन्नति में आरक्षण नहीं होना चाहिए। क्योंकि इससे योग्य अधिकारियों के मौलिक अधिकारों का क्षरण होगा। संविधान में भी इस बात का उल्लेखन है कि किसी भी व्यक्ति के अधिकारों का हनन नहीं हो। यदि पदोन्नति में आरक्षण होगा,तो कई योग्य अधिकारी पदोन्नत नहीं हो सकेंगे। आखिर कब तक पदों को रिक्त रखा जाएगा। सरकार भले ही समयमान वेतन देने की दलील देती हो,लेकिन अधिकारी कर्मचारियों का कद भी तो बढ़ना चाहिए।

# मूल्यांकन का काम 80 फीसदी पूरा, मई में आ सकता है 10वीं और 12वीं का रिजल्ट

**उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य दस जिलों में पीछे**

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** एमपी बोर्ड की 10वीं-12वीं का मूल्यांकन कार्य औसतन अस्सी फीसदी पूरा हो चुका है। प्रदेश के 10 जिलों का मूल्यांकन कार्य 50 फीसदी भी नहीं हुआ है। उक्त जिलों की लेटलतीफी के कारण रिजल्ट में विलंब हो सकता है। मुख्यमंत्री ने डॉ. मोहन यादव ने 10वीं-12वीं के रिजल्ट जारी करने स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों को अल्टीमेटम दे दिया है। सीएम यादव ने उन्हें परीक्षा परिणाम मई के पहले सप्ताह में जारी करने के निर्देश दिए हैं। एमपी बोर्ड की 10वीं-12वीं परीक्षा 25 फरवरी से शुरू होकर 25 मार्च को समाप्त हो चुकी हैं। दोनों परीक्षाओं में करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं। वर्तमान में दोनों परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य जारी है। जिलों में औसतन 80 फीसदी मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। कुछ जिलों में मूल्यांकन कार्य में कछुआ की चाल के समान चल रहा है। शिक्षकों की ज्यादा रूचि नहीं होने से मूल्यांकन कार्य पिछड़ रहा है। मंडल ने मूल्यांकन कार्य पूरा कर मई के दूसरे सप्ताह में रिजल्ट घोषित करने की तैयारी की थी, लेकिन तीन दिन पहले मुख्यमंत्री डॉ यादव ने स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों की समीक्षा बैठक में बताया गया कि रिजल्ट मई के दूसरे सप्ताह में जारी किए जाने की संभावना है। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि रिजल्ट मई के दूसरे सप्ताह की जगह पहले सप्ताह में जारी किया जाएं।



### रिजल्ट बनाने में लगेंगे 15 दिन

एमपी बोर्ड ने मूल्यांकन कार्य खत्म करने का लक्ष्य 25 अप्रैल तय किया है। सभी जिलों ने मूल्यांकन कार्य 25 अप्रैल के पहले समाप्त कर दिया, तो माशिमं को रिजल्ट बनाने में करीब दस दिन का समय लगेगा। इससे रिजल्ट मई के पहले सप्ताह में पांच मई के आसपास घोषित किया जा सकता है।

### उमरिया में हुआ पचास फीसदी मूल्यांकन

प्रदेश में औसतन 80 फीसदी मूल्यांकन हो चुका है। उमरिया जिले में 10वीं की कापियां 50 फीसदी भी पूरी नहीं हो पाई हैं। 10वीं के मूल्यांकन में सिंगरौली, आगर-मालवा, शहडोल, देवास, डिंडौरी, श्योपुर में 60 फीसदी मूल्यांकन नहीं हो पाया है। धार जिले में 10वीं का मूल्यांकन 100 फीसदी हो चुका है। रीवा व सागर में एक-दो दिन में मूल्यांकन पूरा हो जाएगा। इसी तरह 12वीं में डिंडौरी, उमरिया व मंडला में 50 फीसदी के आसपास मूल्यांकन हुआ है। भोपाल में मूल्यांकन कार्य 70 फीसदी तक पहुंचा है, जबकि छिंदवाड़ा और धार में मूल्यांकन कार्य 100 फीसदी हो गया है। रीवा, सिवनी, अलीराजपुर में मूल्यांकन कार्य अंतिम चरण में है।

# डेयरी खोलने पर एससी-एसटी वर्ग को मिलेगा 30 प्रतिशत अनुदान

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा साहेब ने समूचे समाज को आरक्षण जैसी व्यवस्था प्रदान की। अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता जो कभी मात्र 1.5 प्रतिशत थी, आज 59 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि अगर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कोई व्यक्ति दूध डेयरी खोलेगा, तो उसे हमारी सरकार द्वारा 30 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। डॉ. यादव सोमवार को महू के अंबेडकर नगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भविष्य में जब कठिनाई आएगी, हम सर्वहारा वर्ग के सशक्तिकरण का ध्यान रखेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. अम्बेडकर से जुड़े सभी स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में मान्यता दी। राज्य सरकार द्वारा भीम जन्मस्थली महू में धर्मशाला निर्माण के लिए 3.5 तीन एकड़ जमीन दी जा रही है। इससे यहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, सभी आगंतुकों की संपूर्ण सुविधा का प्रबंध राज्य सरकार की ओर से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संवैधानिक सामाजिक न्याय एक चिंतन पुस्तक का विमोचन किया। सीएम ने इंदौर के रवीन्द्र नाट्यगृह में आम नागरिक शपथ विधि समारोह को भी संबोधित किया। इस समारोह की अध्यक्षता नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने की। डॉ. यादव ने कहा कि भारत को आजादी एक दिन में नहीं मिली। इसके लिये हमें वर्षों संघर्ष करना पड़ा। पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी से लेकर कई क्रांतिकारियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर वर्षों की गुलामी की बेड़ियों से देश को आजाद कराया। भारत का संघर्ष काल एक हजार वर्ष से भी अधिक पुराना है।

# परिवीक्षा अवधि समाप्त कराने भटक रहे 12 हजार शिक्षक

## डीपीआई आदेश जारी कर भूला और ट्राइबल ने नहीं की कोई कार्रवाई

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग (ट्राइबल) के स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती जरूर कर दी है, लेकिन दोनों विभागों में नियुक्त हुए करीब 12 हजार शिक्षक साढ़े तीन साल पूरे होने के बाद भी परिवीक्षा अवधि समाप्त कराने यहां-वहां भटक रहे हैं। नियुक्ति की अनिश्चितता और पूरा वेतन नहीं मिलने से शिक्षक निराश होकर सेवाएं देने को मजबूर बने हुए हैं। दोनों विभागों ने अक्टूबर 2022 में 12 हजार उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक शिक्षा की नियुक्ति की थी। नियुक्ति के नियम अनुसार 3 साल की परिवीक्षा अवधि पूर्ण करना अनिवार्य है। उक्त सभी शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि के तीन साल की अवधि अक्टूबर 2024 में पूरी हो चुकी है। यहां तक छह माह का अतिरिक्त समय बीत गया है। अब उक्त नवनियुक्त शिक्षकों की परिवीक्षा भी पूर्ण करने के आदेश का इंतजार है। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने स्कूल शिक्षा के शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्त करने के आदेश तो दिए, लेकिन अधिकारियों ने उसे हवा में उड़ा दिया है। दूसरी तरफ ट्राइबल विभाग ने अभी तक अपने शिक्षकों के लिए कोई आदेश निर्देश जारी नहीं किए हैं।

### परिवीक्षा अवधि समाप्त नहीं होने के नुकसान


परिवीक्षा अवधि पूरी होने के बाद ही सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों की नियुक्ति नियमित होती है। इससे उनका स्थानांतरण भी सरकार नहीं कर पाएगी। इसके साथ ही परिवीक्षा अवधि समाप्त नहीं होने की वजह से वेतन निर्धारण एवं महंगाई भत्ते का एरियर्स का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा ग्वालियर और रीवा में अभी भी शिक्षकों को 90 परसेंट सैलेरी मिल रही है।

> स्कूलों में शिक्षक मेहनत कर विद्यार्थियों को अध्ययन कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड रहे हैं, लेकिन विभाग उनकी तरफ देख ही नहीं रहा है। उनकी शीघ्र ही परिवीक्षा अवधि समाप्त होना चाहिए। इस संबध में जल्द ही स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह को ज्ञापन देकर समस्या बताई जाएगी।
>
> ■ **अमित गौतम**, प्रदेश अध्यक्ष, न्यूली अपॉइंटेड टीचर एसोसिएशन, मप्र

# विक्रमादित्य का मंचन उस युग को जीवंत करने का प्रयास : सीएम

**दिल्ली में हुआ तीन दिवसीय महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का समापन**





**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ऐतिहासिक महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन उस युग को जीवंत करने का प्रयास है। यह विश्व में भारत द्वारा सुशासन और लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित करने की दिशा में कारगर रहेगा। फिल्मों के निर्माण और डिजिटल युग के बावजूद प्राचीन नाट्य परम्परा से परिचित करवाने वाले इस महानाट्य के अंश अविस्मरणीय रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को नई दिल्ली में तीन दिवसीय महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य के मंचन के समापन अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विरासत के संरक्षण के साथ विकास का मंत्र दिया है। वास्तव में वर्तमान काल अदभुत है। प्रधानमंत्री श्री मोदी स्वयं को प्रधान सेवक मानते हैं। आज भारत की गरिमा विश्व में निरंतर बढ़ रही है। नाट्य विधा एक प्राचीन विधा है। आज के डिजिटल युग में भी इस विधा का महत्व बरकरार है। फिल्मों के निर्माण के साथ अनेक माध्यमों से कला और संस्कृति के दर्शन होते हैं लेकिन महानाट्य से सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और शासन काल को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

इस मौके पर केंदीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत के इतिहास के महान योद्धा और कुशल शासक सम्राट विक्रमादित्य की स्मृति में आयोजित महानाट्य के माध्यम से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इनकी गौरवगाथा को राष्ट्रीय पटल पर लाने का श्रेष्ठ काम किया है। भविष्य में इसे विश्व पटल पर भी पहुंचाया जाएगा। राज्यसभा उपसभापति हरिवंश ने कहा कि अतीत के प्रेरक प्रसंगों से भविष्य गढ़ने की ताकत और ऊर्जा मिलती है। वर्तमान युग भारत के पुनर्जागरण का युग है, ऐसे में इतिहास के गौरवशाली प्रसंग प्रेरणा देते हैं। जनमानस की स्मृति में ताजा करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव बधाई के पात्र हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के जीवन को महानाट्य रूप में प्रस्तुत करने का सौभाग्य दिल्ली को प्राप्त हुआ है। ऐसे आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश देते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकारें को अपने गौरवशाली इतिहास और संस्कृतियों का आदान-प्रदान कर शीर्ष पर ले जाने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विभिन्न प्रदेशों की संस्कृतियों को माला के मोतियों की तरह पिरो कर जनता तक पहुंचाने की शुरुआत की है।

**तकरार** | पटवारी और वर्मा ने देवास के प्रसिद्ध माता टेकरी के पुजारियों से की मुलाकात

# सत्ता की ठसक और अंहकार भाजपा में : जीतू



**विसं, भोपाल।** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने सोमवार को देवास के प्रसिद्ध माता टेकरी पहुंचकर पुजारियों से मुलाकात की। इस मौके पर जीतू ने कहा कि भाजपा में सत्ता की ठसक और अंहकार भर गया है। इन दोनों नेताओं ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और पुजारी परिवार से भेंट की। पटवारी ने सोशल मीडिया में इसकी जानकारी देते हुए लिखा वे अपने बड़े भाई सज्जन सिंह वर्मा के साथ मंदिर पहुंचे,जहां उन्होंने पुजारी परिवार को न्याय दिलाने का निर्णायक शंखनाद किया। उन्होंने लिखा कि पर्याप्त सबूतों के बावजूद असली दोषियों को बचाने की सरकारी कोशिश को प्रदेश की जनता गंभीरता से देख-समझ रही है। भाजपा को ये गलतियां बहुत भारी पड़ेंगी।

### जीतू ने कहा-पवित्र नगर में हो रही शराब की बिक्री

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रविवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो जारी कर पवित्र नगर उज्जैन में शराब की बिक्री होने का आरोप लगाया है। पटवारी ने एक्स में लिखा कि सरकार का दावा है कि प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों और ग्राम पंचायतों में 1 अप्रैल 2025 से शराबबंदी लागू है। सीएम स्वयं इसका खूब प्रचार करते है। आज मैं आपको मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र उज्जैन की ही नशीली दुनिया से रुबरु करवा रहा हूं। देखिए कैसे धर्म क्षेत्र में 1500 से ज्यादा लोग एक साथ खुलेआम शराब पी रहे हैं। सरकारी संरक्षण में चल रहे इस नशीले कारोबार में भी लूट-कमीशन की भाजपाई संस्कृति काम कर रही है। दाम कुछ छपा है और लूट की मंहगी शराब सरेआम बिक रही है। पटवारी ने आगे लिखा कि बाबा महाकाल की पवित्र नगरी का यह दृश्य ने केवल निंदनीय,बल्कि पाप कर्म की श्रेणी में रखा जाना चाहिए।

### किसी का भी बेटा हो सख्त कार्रवाई होगी : वीडी

**विशेष संवाददाता भोपाल।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि देवास में माता टेकरी में हुए विवाद में कानून अपना काम करेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी का भी बेटा हो,उन पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। शर्मा ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि देवास के प्रसिद्ध माता टेकरी मंदिर में शुक्रवार देर रात एक कथित घटना सामने आई। इस मामले में चाहे कोई भी हो, किसी पद पर हो या किसी का बेटा हो, अगर उसनेअनुशासनहीनता की है तो कार्रवाई तय है। प्रशासन मामले की जांच कर रहा है और जो भी दोषी होगा, उसे छोड़ा नहीं जाएगा। शर्मा ने नीमच में जैन मुनियों पर हुए हमले की निंदा करते हुए कहा कि हमारे समाज में संतों और मुनियों के प्रति गहरी श्रद्धा और सम्मान है। जैन मुनि तप और त्याग के प्रतीक होते हैं। उनके साथ किसी भी प्रकार की दुर्भावनापूर्ण हरकत करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। भाजपा सरकार ऐसे अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। ऐसे लोगों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा।



# आगामी 3 सत्र के लिए बीबीए और बीसीए की फीस तय करेगी कमेटी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रवेश एंव शुल्क विनियामक कमेटी ने आगामी तीन सत्रों के एक ब्लॉक के लिए फीस निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत सत्र 2024-25, 2025-26, 2026-27 के लिए निजी कॉलेजों से फीस निर्धारित कराने के लिए 30 अप्रैल तक आवेदन जमा होंगे। फीस कमेटी पहली बार बीबीए और बीसीए की फीस भी निर्धारित करेगी। अभी तक फीस कमेटी एमसीए और एमबीए की फीस तय करती है। एआईसीटीई ने दोनों डिग्री कोर्स अपने दायरे में ले लिए हैं, जिसके कारण फीस कमेटी को दोनों कोर्स की फीस निर्धारित करना होगी। वहीं कालेजों को एआईसीटीई से मान्यता लेकर फीस निर्धारित करना भी जरूरी होगा। फीस कमेटी प्रोफेशनल कोर्स में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, आर्किटेक्चर, होटल मैनेजमेंट, नर्सिंग, विधि, बीएड और मेडिकल कोर्स संचालित करने वाले कालेजों की फीस निर्धारित करता रहा है। प्रदेश के करीब 500 कालेज उक्त दोनों कोर्स का संचालन करते हैं। फीस कमेटी को वर्तमान में करीब 1200 कालेजों की फीस निर्धारित करना है। अभी तक फीस कमेटी को ज्यादा आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं और जो आवेदन मिले हैं उनमें से भी कई अधूरे हैं। कालेजों ने जहां वर्तमान वित्तीय वर्ष की बैलेंस शीट नहीं लगाई है, तो कुछ ने वर्तमान सत्र की संबंधित विवि से प्राप्त संबद्धता और मान्यता संबंधि दस्तावेज तक नहीं लगाए हैं। इससे फीस कमेटी उलझन में फंस गई है कि किन कालेजों की फीस निर्धारित की जाए। फीस कमेटी ओएसडी देव आनंद हिंडोलिया ने बताया कि बीबीए और बीसीए जैसे यूजी कोर्स एआईसीटीई की परिधि में आ गए हैं। इसलिए कमेटी उक्त दोनों कोर्स की फीस भी निर्धारित करेगी।

# सौरभ की काली कमाई से प्रॉपर्टी बनाने वालों पर कसेगा शिकंजा



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** बहुचर्चित सौरभ शर्मा केस में ईडी पूरक (सप्लीमेंट्री) चालान भी पेश करेगा। इस चालान में आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईडी ने सौरभ के यहां छापों में मिली प्रॉपर्टी, बरामद की गई डायरी की डिटेल और कॉल रिकॉर्ड्स के आधार पर इनके खिलाफ जांच भी शुरू कर दी है। इनमें से कई को पूछताछ के लिए जल्द ही ईडी समन जारी कर तलब कर सकती है। ईडी से मिली जानकारी के मुताबिक विगत 8 अप्रैल को स्पेशल ईडी कोर्ट में दाखिल किए गए आरोप पत्र (चालान) के बाद अब ईडी उन सभी एंगल पर जांच में जुटी है, जो सौरभ की काली कमाई से जुड़े हुए हैं। पूरक चालान में सौरभ की सास रेखा तिवारी, उनके साले की पत्नी अनुभा तिवारी, शरद जायसवाल की मां कृष्णा जायसवाल, राजमाता भारत माता शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के उपाध्यक्ष दीपक अरोरा, मेंबर शुभम तिवारी समेत भोपाल के कुछ कारोबारियों को भी आरोपी बनाया जा सकता है।

### मनी लॉड्रिंग के जरिए खरीदा गया था सोना

ईडी को जांच के दौरान यह जानकारी भी मिली है कि 19 दिसंबर की अलसुबह मेंडोरी में निवय हासवानी के प्लॉट से मिली इनोवा कार में जो 52 किलो सोना मिला है, वह भोपाल और इंदौर के ही कुछ व्यापारियों से खरीदा गया था। ईडी ने सौरभ, शरद और चेतन को सात दिन की रिमांड पर लेकर इस कार से मिले सोने और 10 करोड़ की नकदी की गुत्थी सुलझा ली थी। ईडी से जुड़े सूत्रों की मानें तो हवाला और सर्राफा कारोबारी रडार पर हैं। इनमें से दो सर्राफा व्यापारी नए और पुराने भोपाल में ज्वेलरी शोरूम संचालित करते हैं। सूत्रों की मानें तो इनसे सौरभ के जरिए बड़ी मात्रा में सोने की खरीद फरोख्त की गई थी। ईडी की जांच का एक एंगल यह भी है कि जब्त हुआ 52 किलो सोना भले ही विदेशी हो, लेकिन यह भोपाल और इंदौर से ही खरीदा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान जाने पर 3 महीने का बैन बढ़ाया

**इस्लामाबाद।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पोलियो को लेकर चिंताओं के कारण पाकिस्तान पर यात्रा प्रतिबंधों को 5 महीने के लिए बढ़ा दिया है। यह निर्णय 8 मार्च को आपातकालीन समिति की 41वीं बैठक के दौरान लिया गया। पोलियो प्रभावित देशों के अधिकारियों ने वर्चुअली बैठक में भाग लिया। संगठन के अनुसार, समिति ने पोलियो के वैश्विक प्रसार, पाकिस्तान की स्थिति और वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने सरकार के प्रयासों की समीक्षा की। निष्कर्षों में कहा गया कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान वैश्विक स्तर पर किए जा रहे पोलियो उन्मूलन प्रयासों के लिए खतरा बने हुए हैं। दोनों देशों को पोलियो वायरस के वैश्विक प्रसार के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। इस वर्ष अब तक पाकिस्तान में पोलियो के 6 पुष्ट मामले सामने आए हैं। पिछले साल 74 मामले थे। संगठन ने दोनों देशों में डब्ल्यूपीवी1 के प्रसार पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, यह वायरस अब वैश्विक स्तर पर दो देशों तक ही सीमित है।

### बांग्लादेशी नहीं जा सकेंगे इजराइल

**ढाका।** बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने बांग्लादेशी लोगों के इजराइल जाने पर रोक लगाई है। गाजा में इजराइली सेना के हमलों के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए सरकार ने ये फैसला लिया है। बांग्लादेशी लोगों के पासपोर्ट्स पर सरकार ने फिर से 'इजराइल के लिए मान्य नहीं' लिखना शुरू कर दिया है। 2021 में शेख हसीना सरकार ने पासपोर्ट्स से ये लाइन हटाने का निर्देश दिया था। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने पासपोर्ट और इमिग्रेशन डिपार्टमेंट ने विदेश जा रहे नागरिकों के ट्रैवल परमिट पर फिर से ये लाइन लिखने का निर्देश जारी किया है- ये पासपोर्ट इजराइल को छोड़कर सभी देशों में वैध है।' गृह मंत्रालय के सिक्योरिटी सर्विसेज डिवीजन की डिप्टी सेक्रेटरी नीलिमा अफरोज ने बताया कि ये आदेश 7 अप्रैल को जारी किया गया है। 17 करोड़ की आबादी वाला मुस्लिम बहुल बांग्लादेश इजराइल के साथ डिप्लोमैटिक संबंध नहीं रखता है और आजाद फिलिस्तीन का समर्थन करता है।

### चुनाव से पहले पारस ने तोड़ा एनडीए से रिश्ता

**पटना।** डॉ. बीआर आंबेडकर की जयंती पर सोमवार को पटना के बापू सभागार में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के संकल्प महासम्मेलन में पार्टी प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने एनडीए से नाता तोड़ने की घोषणा की। उन्होंने वक्फ संशोधन कानून को लेकर केंद्र और चौकीदार-दफादार में पासवान जाति की उपेक्षा को लेकर नीतीश सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा, भाजपा की नेतृत्व वाली केंद्र व राज्य की एनडीए सरकार घोर दलित और अल्पसंख्यक विरोधी है। पारस ने कहा, आज डॉ. आंबेडकर जयंती पर एनडीए से पार्टी का नाता तोड़ने की घोषणा करता हूं। हम अब एक नया बिहार बनाएंगे और सभी 243 विधानसभा सीटों पर पार्टी को मजबूत करेंगे, जो गठबंधन उचित सम्मान देगा, उसमें शामिल होंगे। पार्टी बड़े जन आंदोलन की तैयारी में है। दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने रामविलास पासवान को भारत रत्न देने, निजी क्षेत्र की नौकरियों में आरक्षण लागू करने की मांग सरकार से की। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि एक-एक कार्यकर्ता का सम्मान पार्टी का सम्मान है। रालोजपा विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसमें हमारे तमाम कार्यकर्ताओं की बड़ी भूमिका होगी। हमारी पार्टी जनता के वोट से जनता के लिए काम करनेवाली सरकार बनाएगी। लोक गायक आलोक पासवान ने रालोजपा की सदस्यता ग्रहण की।

---

पीएम मोदी ने वक्फ कानून पर कांग्रेस से पूछा सवाल, बोले

# ..तो मुस्लिमों को पंचर बनाकर जिंदगी नहीं गुजारनी पड़ती

**हिसार, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हरियाणा के हिसार में एक समारोह में कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टीकरण के उदाहरण गिनाते हुए बड़ी बात कह दी। मोदी ने कहा, वक्फ कानून के जरिए कांग्रेस ने मुस्लिम समाज के कट्टरपंथियों को ही खुश किया, गरीब-बेसहारा,विधवा लुटते रहे। मोदी भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। पीएम ने हिसार एयरपोर्ट से अयोध्या के लिए पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाई। पीएम ने कहा, वक्फ कानून को संविधान से ऊपर रख कांग्रेस ने बाबा साहब का अपमान किया। कांग्रेस को अगर मुस्लिम की चिंता होती तो आज नौजवान पंक्चर बनाकर गुजारा करने को मजबूर नहीं होता। वक्फ के नाम पर लाखों हेक्टेयर जमीन है। इस जमीन, प्रॉपर्टी से गरीब, बेसहारा महिलाओं और बच्चों का भला होना था पर नहीं हुआ। ईमानदारी से उसका उपयोग हुआ होता तो मेरे मुसलमान नौजवानों को साइकिल के पंचर बनाकर जिंदगी नहीं गुजारनी पड़ती, लेकिन इससे मुट्ठीभर भूमाफिया का भला हुआ।

### 14 साल का व्रत पूरा, पीएम ने पहनाए जूते



कैथल। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यमुनानगर में रामपाल कश्यप को जूते पहनाए। रामपाल ने 14 साल पहले कसम खाई थी कि जब तक मोदी पीएम नहीं बन जाते और उनसे खुद नहीं मिल लेते, तब तक जूते नहीं पहनेंगे। इस इंतजार में 14 साल तक नंगे पांव रहे। मोदी हरियाणा के हिसार पहुंचे थे। इस दौरान वे कैथल के रहने वाले रामपाल से मिले। पीएम ने कहा, ऐसा व्रत दोबारा ना करें। मोदी ने वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया।

### कट्टरपंथी मुसलमानों को खुश करती रही

पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस हमेशा मुस्लिम कट्टरपंथियों को खुश करती रही और गरीब तबका बेहाल होता रहा। उन्होंने कहा, कांग्रेस की तुष्टीकरण का नुकसान मुस्लिम समाज को भी हुआ है। कांग्रेस ने सिर्फ कुछ कट्टरपंथियों को ही खुश किया है, बाकी समाज बेहाल रहा, अशिक्षित रहा, गरीब रहा। कांग्रेस की इस कुरीति का सबसे बड़ा प्रमाण वक्फ कानून है।

### लूटने के लिए आदिवासी की ओर नहीं देख पाएगा बोर्ड

मोदी ने कहा, वक्फ बोर्ड अब किसी आदिवासी की संपत्ति नहीं लूट पाएगा। सबसे बड़ी बात, हमने एक बहुत बड़ा महत्वपूर्ण काम किया है। हमने इस वक्फ कानून में एक और प्रावधान किया है। अब नए कानून के तहत, वक्फ के कानून के तहत किसी भी आदिवासी की जमीन को, हिंदुस्तान के किसी भी कोने में आदिवासी की जमीन को, उसके घर को, उसकी संपत्ति को ये वक्फ बोर्ड हाथ भी नहीं लगा पाएगा।

### मुसलमान को अध्यक्ष क्यों नहीं बनाती कांग्रेस?

मोदी ने कहा, ये कहते हैं कि उन्होंने मुसलमानों के हित में काम किया। मैं वोटबैंक के भूखे इन राजनेताओं से कहना चाहता हूं अगर सच्चे अर्थ में आपके दिल में मुसलमानों के लिए थोड़ी भी हमदर्दी है, तो कांग्रेस अध्यक्ष मुसलमान को बनाए। क्यों नहीं बनाती है? संसद में टिकट देते हैं, 50 फीसदी मुसलमानों को दो, जीतकर आएंगे तो अपनी बात बताएंगे, लेकिन ये नहीं करना है, यही कांग्रेस की सच्चाई है।

---

रूसी हमले से परेशान यूक्रेनी राष्ट्रपति ने दिया न्योता

# ट्रंप से बोले जेलेंस्की, आइए और देखिए क्या हाल हो गया हमारा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रूस और यूक्रेन के बीच जंग लंबी कवायद के बाद भी थमती नहीं दिख रही है। दोनों देशों में शांति स्थापित कराने के लिए अमेरिका समेत कई देश लगातार प्रयास कर रहे हैं। एक और शांति वार्ता की कोशिश की जा रही है, तो दूसरी तरफ दोनों देश एक दूसरे पर हमले करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। हाल ही में रूस ने यूक्रेन के सूमी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला बोला। इसमें 34 लोगों की मौत हुई थी। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेंलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यूक्रेन आने और युद्धग्रस्त इलाकों का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया है। जानकारी के अनुसार, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की चाहते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति एक बार यूक्रेन का दौरा करें।

निमंत्रण देने के पीछे की वजह है कि जेलेंस्की ट्रंप को दिखाना चाहते हैं इस युद्ध से यूक्रेन का क्या हाल हो गया है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने ट्रंप से आग्रह किया वह किसी भी फैसले पर पहुंचने से पहले एक बार यूक्रेन का दौरा करें और वहां की वास्तविक स्थिति को देखें। बता दें कि यूक्रेनर राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करने से पहले और किसी भी नतीजे पर पहुंचने से पहले एक बार यूक्रेन आना चाहिए और यहां के अस्पतालों, चर्चों, आम नागरिकों और योद्धाओं से मिलना चाहिए।



### अब तक 34 की मौत, 100 से ज्यादा घायल

ध्यान देने वाली बात है कि रूस ने रविवार को यूक्रेन के सूमी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला बोला। इस हमले में 34 लोगों की जान गई है। वहीं 100 से अधिक लोगों के घायल होने की भी खबर सामने आई है। इस हमले को लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति ने चिंता जाहिर की और रूसी हमले की निंदा की है। 24 फरवरी 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। दोनों देश एक-दूसरे पर लगातार हमला कर रहे हैं। इस युद्ध को समाप्त कराने को लेकर अमेरिका समेत कई देश लगातार प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक कोई बात नहीं बन सकी है।


### ट्रंप बोले-यूक्रेन वॉर बाइडेन का युद्ध, मेरा नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रपति जेलेंस्की के यूक्रेन आने के न्योते पर कहा, रूस यूक्रेन का युद्ध बाइडेन का युद्ध है, मेरा नहीं। इस युद्ध से मेरा कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन मैं मौत और तबाही को रोकने के लिए पूरी लगन से काम कर रहा हूं। अगर 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली नहीं हुई होती, तो यह भयानक युद्ध कभी नहीं होता। राष्ट्रपति जेलेंस्की और बाइडेन ने इस लड़ाई को शुरू होने दिया, इसे शुरू होने से पहले रोकने के बहुत सारे तरीके थे, लेकिन अब बीते वक्त की बात है। अब हमें इसे जल्द रोकना होगा। इससे पहले ट्रंप ने यूक्रेन के शहर सूमी पर रूसी हमले के कमतर आंकते हुए कहा था कि यह एक गलती थी। मुझे लगता है कि पूरा युद्ध एक भयानक बात है।

---

## आतंकी राणा ने मांगी पेन, नोटपैड और कुरान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से एनआईए ने सोमवार को चौथे दिन पूछताछ की। मुख्य जांच अधिकारी जया रॉय के नेतृत्व में एनआईए के अधिकारियों की एक टीम राणा से रोज 8 से 10 घंटे पूछताछ कर रही है। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान राणा सहयोग भी कर रहा है। पिछले 4 दिन में राणा ने केवल तीन चीजें मांगी हैं, एक कलम, कागज या नोटपैड और कुरान। ये तीनों उसे दिए गए हैं।



हालांकि, उसने अभी तक किसी खास तरह के खाने की मांग नहीं की है। इसलिए उसे स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल के मुताबिक दूसरे आरोपियों को दिया जाने वाला खाना मिल रहा है। राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में आतंकवाद विरोधी एजेंसी के हेडक्वॉर्टर के अंदर एक हाई सिक्योरिटी सेल में रखा गया है। यहां चौबीसों घंटे सुरक्षाकर्मी उसकी निगरानी करते हैं। शनिवार की पूछताछ में एक कर्मचारी बी का नाम आया है, इसने राणा के कहने पर हेडली के लिए ऑपरेशन और लॉजिस्टिक में मदद की थी। अब एनआईए राणा और कर्मचारी बी को बिठाकर पूछताछ करेगी। एजेंसी के मुताबिक कर्मचारी बी को आतंकी साजिश की जानकारी नहीं थी।

---

अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के नंद्याला ने रचा इतिहास

## 14 साल के सिद्धार्थ ने बनाया ऐप, 7 सेकंड में बता देगा दिल की बीमारी

**हैदराबाद, जेएनएन।** जब ज्यादातर बच्चे 14 साल की उम्र में होमवर्क और खेल-कूद में व्यस्त रहते हैं, तब डलास (अमेरिका) में रहने वाले भारतीय मूल के सिद्धार्थ नंद्याला ने एक ऐसी खोज कर ली है, जो लाखों जिंदगियों को बचा सकती है। सिद्धार्थ ने एआई आधारित ऐप बनाया है, जो दिल की बीमारियों का पता सिर्फ 7 सेकंड में लगा सकता है। ऐप को इस्तेमाल करना बेहद आसान है। मोबाइल को दिल के पास रखकर 7 सेकंड तक दिल की धड़कनों को रिकॉर्ड करना होता है। इसके बाद ऐप एक रिपोर्ट जनरेट करता है, जो बताता है कि दिल की धड़कन सामान्य है या किसी तरह की समस्या है। ऐप में एआई और मशीन लर्निंग की मदद से दिल की आवाज को पढ़ा जाता है और उसमें छिपे संकेतों से बीमारी की पहचान की जाती है। इसमें नॉइस-कैंसलेशन तकनीक भी शामिल है, जिससे शोर-शराबे वाले



माहौल में भी सटीक नतीजे मिलते हैं। सिद्धार्थ के ऐप की टेस्टिंग अमेरिका में 15,000 से ज्यादा और भारत में 700 मरीजों पर की जा चुकी है। भारत में यह टेस्ट गुंटूर गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल में हुआ था। नतीजों में ऐप ने 96 फीसद से ज्यादा सटीकता दिखाई है। उन्हें ओराकिल और एआरएम जैसी नामी कंपनियों से एआई सर्टिफिकेशन मिला है, जिससे वे दुनिया के सबसे युवा एआई सर्टिफाइड प्रोफेशनल बन गए हैं।

### नायडू बोले-आंध्र प्रदेश को गर्व


आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने भी सिद्धार्थ की जमकर तारीफ की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस 14 साल के बच्चे ने दिल की बीमारी पहचानना आसान बना दिया है। मैं सिद्धार्थ से मिलकर बेहद खुश हूं। वह पूरे देश और खासकर आंध्र प्रदेश का गर्व हैं। सीएम ने कहा कि इतनी कम उम्र में मानवता के लिए टेक्नोलॉजी का ऐसा इस्तेमाल करना प्रेरणादायक है। उन्होंने सिद्धार्थ को भविष्य में हर तरह का सहयोग देने का भी भरोसा दिलाया।

---

## पहली बार अंतरिक्ष की सैर कर लौटीं छह महिलाएं

### जेफ बेजोस की मंगेतर लॉरेन भी शामिल

**टेक्सास, जेएनएन।** पहली बार 6 महिलाओं ने सोमवार को एक साथ स्पेस की सैर की। इनमें मशहूर हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी, अमेरिकी बिलेनियर जेफ बेजोस की मंगेतर लॉरेन सांचेज शामिल हैं। अमेरिकी उद्योगपति जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन कंपनी के रॉकेट से उन्होंने यह यात्रा की। रॉकेट ने शाम 7 बजे टेक्सास के वेन होर्न लॉन्च पैड से उड़ान भरी। करीब 11 मिनट के बाद मिशन वापस लौटा। इस दौरान रॉकेट ने आना-जाना मिलाकर कुल 212 किमी का सफर तय किया। 1963 के बाद अंतरिक्ष यात्रा पर जाने वाला ये पहला ऑल विमेन क्रू है। इससे पहले 1963 में रूसी इंजीनियर वेलेंटिना तेरेश्कोवा ने अकेले अंतरिक्ष की यात्रा की थी। कैटी पेरी ने धरती पर लौटते ही जमीन को चूमा और एक डेजी फूल को आसमान की ओर उठाया। कैटी पेरी की बेटी का नाम डेजी है। वहीं जेफ बेजोस ने अंतरिक्ष से वापस लौटी अपनी मंगेतर का गले लगाकर वेलकम किया। अंतरिक्ष की सैर करने के बाद केरियन फ्लिन ने हाथ फैलाकर खुशी जाहिर की।



### 11 मिनट के सफर की कीमत 1.15 करोड़

ब्लू ओरिजिन रॉकेट से स्पेस में 11 मिनट सैर करने की कीमत लगभग 1.15 करोड़ रुपए है। ब्लू ओरिजिन के प्रवक्ता बिल किर्कोस ने बताया कि आज की उड़ान में कुछ ने किराया दिया, जबकि कुछ ने फ्री में यात्रा की। हालांकि, उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि उनका किराया किसने चुकाया। यह मिशन जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन कंपनी के न्यू शेपर्ड प्रोग्राम का हिस्सा है, जिसे एनएस-31 नाम दिया गया है। कैटी पेरी और लॉरेन के अलावा टीवी प्रेजेंटर गेल किंग, मानवाधिकार कार्यकर्ता अमांडा गुयेन, फिल्म निर्माता केरियन फ्लिन और नासा की पूर्व रॉकेट साइंटिस्ट आइशा बोवे भी अंतरिक्ष की सैर पर गई थीं।




### स्पेस टूरिज्म क्या है?

स्पेस टूरिज्म आम लोगों की एक महंगी अंतरिक्ष यात्रा है। इसमें यात्री कुछ मिनटों या घंटों के लिए पृथ्वी की कक्षा या उप-कक्षा में भेजे जाते हैं। इस दौरान उन्हें जीरो ग्रेविटी का अनुभव होता है और पृथ्वी को अंतरिक्ष देख पाते हैं। यह अनुभव रोमांचकारी और अनोखा होता है, लेकिन अभी केवल अमीर लोगों की पहुंच में है। अमेरिकी बिजनैसमेन डेनिस टीटो ने 2001 में रूसी एजेंसी की मदद से अंतरिक्ष की यात्रा की थी। आज वर्जिन गैलेक्टिक, ब्लू ओरिजिन और स्पेसएक्स जैसी प्राइवेट कंपनियां स्पेस टूरिज्म के सेक्टर में काम कर रही है। उड़ान से पहले यात्रियों को स्पेशल ट्रेनिंग दी जाती है। हालांकि, इसमें रोमांच है, लेकिन खतरे भी हैं। पर्यावरण पर नकारात्मक असर और स्पेस में कचरे जैसी चिंताएं भी इससे जुड़ी हैं।

---

## चारधाम सड़क परियोजना से जुड़े कार्य तेजी से हो रहेः धामी

**देहरादून, जेएनएन।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सीएम हाउस से वर्चुअली कर्णप्रयाग (चमोली) में बैशाखी धार्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक एवं विकास मेला-2025 को संबोधित किया। सीएम ने कर्णप्रयाग में सरस्वती शिशु मन्दिर से बाजार की ओर पिण्डर नदी पर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य, कर्णप्रयाग में बाजार के समीप पार्किंग, नंदा देवी राजजात यात्रा को देखते हुए कनखुल टैक्सी स्टैण्ड के समीप बहुमंजिला पार्किंग, शिमली में मोटर पुल के समीप पार्किंग, राजकीय इंटर कॉलेज से सांकरीसेरा, पलेठी एवं पाडली तक सड़क का निर्माण कराए जाने की घोषणा की। धामी ने कहा, आपदा पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। चारधाम सड़क परियोजना, विभिन्न पर्वतीय नगरों को हेली सेवा से जोड़ना, सरकारी हेली एंबुलेंस की



कर्णप्रयाग में बैशाखी मेले को किया संबोधित

शुरुआत एवं प्रदेश के कोने-कोने में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे कार्य तेजी से आगे बढ़े हैं। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना के पूर्ण होने से पहाड़ों में रेल पहुंचाने का सपना भी साकार होने जा रहा है, जिससे कर्णप्रयाग सहित पूरे क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं बढ़ेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार विकास कार्यों के साथ प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में कार्य कर रही है। केदारनाथ धाम में करोड़ों से वृहद स्तर प पुनर्विकास के कार्य किए जा रहे हैं। बद्रीनाथ धाम में 424 करोड़ से मास्टर प्लान के अंतर्गत विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। बाबा केदारनाथ धाम और हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे निर्माण की भी स्वीकृति भारत सरकार से प्रदान हो गई है।

---

## अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश स्थापित

### योगी बोले-तीर्थस्थल बनाने सरकार प्रयासरत

**अयोध्या, जेएनएन।** भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण ने सोमवार को एक और ऐतिहासिक पड़ाव पार कर लिया। ब्राह्मणों की उपस्थिति में वैदिक विधि-विधान के साथ मुख्य शिखर पर कलश स्थापित किया गया। यह पवित्र कार्य सुबह 9.15 बजे शुरू हुआ और 10.30 बजे शिखर पर कलश की स्थापना पूरी हुई। इस दौरान अयोध्या में उत्सव का माहौल रहा और स्थानीय लोगों ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। राम मंदिर के निर्माण और अयोध्या के कायाकल्प से न केवल उप्र, बल्कि पूरे देश में रामभक्तों में खुशी की लहर है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि वैशाखी और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के पर यह कार्य हुआ। अब मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वजदंड स्थापना की



प्रक्रिया शुरू होगी। मंदिर निर्माण प्रगति पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि राम मंदिर का निर्माण आध्यात्मिक, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा की अयोध्या में श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण देशवासियों की आस्था और संकल्प का परिणाम है। यह भारत की सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर और सशक्त करेगा।

योगी ने ट्रस्ट और निर्माण कार्य से जुड़े सभी लोगों की सराहना की और इसे नए भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। अयोध्या को विश्वस्तरीय तीर्थस्थल बनाने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। सड़क, रेल और हवाई संपर्क के साथ-साथ पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

---

अनोखा | गुजरात के इस शहर में मीट खाना, बेचना और जानवरों को मारना अपराध

# दुनिया का पहला एकमात्र शाकाहारी शहर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत अपनी विविधता और खानपान के लिए दुनियाभर में पहचाना जाता है। यहां शाकाहारी के साथ बहुतायत में मांसाहारी भी हैं। दुनियाभर में मांस का खूब सेवन किया जाता है। यह प्रोटीन का मुख्य सोर्स माना जाता है। हालांकि, शाकाहार स्वस्थ्य शरीर के लिए बहुत जरूरी बताया गया है। लेकिन क्या आपने सोचा है कि दुनिया में कोई ऐसा शहर है, जो सिर्फ शाकाहारी है। तो इसका जवाब है हां। एक ऐसा भी शहर है, जहां नॉनवेज पर पूरी तरह बैन लगा हुआ है।



दरअसल, गुजरात के भावनगर जिले में स्थित पालिताना दुनिया का एकमात्र शहर है, जहां मांसाहारी भोजन पर प्रतिबंध लगा हुआ है। यहां मीट खाना, बेचना और जानवरों को मारना अपराध माना गया है, इस शहर को पूरी तरह से शाकाहारी घोषित किया गया है। पालिताना को पवित्र शहर माना जाता है। ऐसे में यहां न ही कोई मांस बेच सकता है और न ही कोई इसे यहां काट सकता है, इस नियम को तोड़ने पर आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।

### हिंसा नहीं होनी चाहिए

बता दें कि यह फैसला 200 जैन साधु-संतों के विरोध प्रदर्शन के बाद लिया गया। उन्होंने यहां 200 से अधिक मीच की दुकानों को बंद करने की मांग की थी। उनका मानना था कि शहर में हिंसा नहीं होनी चाहिए। जैन समुदाय में किसी भी जीवित प्राणी को मारना गलत माना जाता है। इस समुदाय के लोग मांसाहार का विरोध करते हैं, इसलिए पालिताना में इस पर पूरी तरह बैन लगाने की मांग की गई थी। पालिताना को जैन धर्म में सबसे पवित्र तीर्थस्थलों में से एक माना जाता है। इस शहर की शत्रुंजय पहाड़ियों पर 800 से ज्यादा मंदिर स्थित हैं, जिनमें से सबसे प्रमुख आदिनाथ मंदिर को माना जाता है।

---

## 'मल्लिका' पर अदिति राव के बिगड़े बोल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी फिल्मों के बाद वेब सीरीज को लेकर भी चर्चा में है। इस बीच अब उनका एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इससे वह सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं। इसमें वह फिल्म इंडस्ट्री की बोल्ड और पॉपुलर एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत पर टिप्पणी करती नजर आ रही हैं। हैदरी का एक वीडियो क्लिप वायरल हो रहा है, जो मर्डर 3 के प्रमोशन की है। मर्डर के पहले पार्ट में मल्लिका, इमरान हाशमी नजर आए थे। दूसरे में जैकलीन को मौका मिला और तीसरे में अदिति ने काम किया। एक्ट्रेस ने फ्रेंचाइजी में नजर आ चुकी मल्लिका पर निशाना साधा तो वहां मौजूद रणदीप हुड्डा शर्म से लाल हो गए। अदिति ने कहा,मैं सच में मानती हूं कि सिर्फ कामुकता से कहीं ज्यादा कुछ है। किसी भी इंसान के लिए यह ज्यादा जरूरी है कि उसकी आत्मा में स्टील हो ना कि उसके सीने में सिलिकॉन। लेकिन यह सच है।

---

## बुंदेलखंड में कांग्रेस वापसी के प्रयास में

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस पॉवरफुल जिलाध्यक्ष बनाने से पहले सूबे क हर अंचल की नब्ज टटोल रही है। इसी क्रम में कांग्रेस का लक्ष्य बुंदेलखंड में अपनी खोई ताकत को वापस लाने की है, जिसके लिए पार्टी का प्रदेश नेतृत्व यहां की हर विधानसभा में रात्रि विश्राम करेगा। जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी पहले चरण में सागर टीकमगढ़ और छतरपुर जिले में आने वाली सभी विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेंगे। उल्लेखनीय है कि इन दोनों क्षेत्रों में कांग्रेस का अपना जनाधार था,किन्तु पिछले कुछ विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को इन क्षेत्रों में हार का सामना करना पड़ा है। विशेषकर कमलनाथ सरकार के गिरने के बाद इस क्षेत्र से भी कांग्रेस का काफी नुकसान उठाना पड़ा है। जानकारों का कहना है कि प्रवास के दौरान कांग्रेस के नेता अपने वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ताओं और नेताओं से सीधे संवाद करेंगे और उनके निवास पर रुककर पार्टी कैसे मजबूत हो सके,इसकी रणनीति पर चर्चा करेंगे।

### झांसी से करेंगे प्रवेश

जानकारी के अनुसार दोनों नेता झांसी में मिलकर ओरछा पहुंचेंगे और वहां रात्रि विश्राम करेंगे। इस दौरान उनके साथ टीकमगढ़ विधायक यादवेन्द्र सिंह सहित दूसरे नेता मौजूद रहेंगे। दूसरे दिन इन नेताओं द्वारा अलग-अलग स्थानों पर बैठकें और कार्यकर्ताओं से मुलाकात का कार्यक्रम रहेगा। वे किसी विधानसभा क्षेत्र में रात्रि विश्राम भी कर सकते है। चौधरी और पटवारी 18 अप्रैल को छतरपुर पहुंचेंगे जहां कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के पश्चात सुबह 11 बजे छतरपुर में ही जिले के विधानसभावार कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक लेंगे। नेताद्वय का रात्रि विश्राम छतरपुर में रहेगा । इन नेताओं का 19 अप्रैल को सागर पहुंचने का कार्यक्रम है। जहां उनके द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन विधानसभावार कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक ली जाएगी।

# लंबित शिकायतों का समय सीमा में करें प्रभावी निराकरण : कलेक्टर

## लापरवाह सचिव एवं रोजगार सहायकों को निलंबित करने के निर्देश



**जागरण, पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने मंगलवार को कलेक्टेªट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान समस्त विभागीय अधिकारियों को समयावधि में प्रभावी निराकरण के लिए निर्देशित किया। आगामी 28 अप्रैल को प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के दृष्टिगत विभागवार चयनित विषयों से संबंधित तथा प्रत्येक विभाग की 100 दिवस से अधिक अवधि की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का भी 20 अप्रैल के पूर्व शत.प्रतिशत संतोषप्रद निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वर्तमान में सी एवं डी ग्रेड वाले विभाग के अधिकारियों को पुरानी शिकायतों के साथ वर्तमान माह की नवीन शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। एल.1 स्तर पर शिकायत अटेंड नहीं करने पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पन्ना एवं बीएमओ प्रशांत सिंह भदौरिया के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश भी दिए। इसी तरह आरसीएमएस पोर्टल पर अधिक संख्या में लंबित नामांतरण प्रकरणों के निराकरण सहित लोक सेवा गारंटी अधिनियम की सेवाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा टीएल एवं जनसुनवाई की नस्तियां भी अविलंब प्रेषित करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री कुमार ने जनपद पंचायतवार ग्राम पंचायतों की साप्ताहिक समग्र ई.केवाईसी प्रगति की जानकारी लेकर गुनौर विकासखण्ड अंतर्गत कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और लापरवाह पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायको के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही के निर्देश दिए। अन्य जनपद पंचायत तथा नगरीय निकायों में भी अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश देते हुए आगामी 30 अप्रैल तक ई.केवाईसी कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के लिए कहा।

### कुपोषित बच्चों को एनआरसी में कराएं भर्ती

कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्थापित समस्त पोषण पुनर्वास केन्द्रों में चिन्हांकित कुपोषित बच्चों को भर्ती कर आवश्यक उपचार प्रदान करें। समस्त एनआरसी का क्षमता अनुसार संचालन सुनिश्चित हो। मेडिकल ऑफिसर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी द्वारा इस कार्य में आवश्यक समन्वय किया जाए। कुपोषण दूर करने के प्रयासों में कोई कमी न रहे। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी और संबंधित एसडीएम को एक सप्ताह में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। एनआरसी की अव्यवस्थाओं के संबंध में त्वरित रूप से सूचना प्रदान करने के निर्देश दिए।

टीएल बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित ग्राम पंचायतों में वन अधिकार समिति की बैठक आयोजित करनेए न्यायालयीन मामलों में प्राथमिकता से जबावदावा दाखिल करनेए असफल ई.भुगतान का समय सीमा में निराकरणए गेहूं उपार्जन कार्य में गति बढ़ाने और समन्वय के साथ कार्य कर समस्याओं के त्वरित निराकरण सहित ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्याओं के निराकरणए केन.बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत शेष मुआवजा एवं पुनर्वास राशि के शत.प्रतिशत वितरण तथा नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना 2०0 के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने हेतु सर्वेक्षण दल के गठन के लिए भी निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन एवं खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर संबंधित के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही के निर्देश समस्त एसडीएम एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को दिए। इसके अलावा एसडीएम एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को दुकान संचालन में अनियमित्ता पर कार्यवाही सहित बुधवार को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इसी तरह जल निगम के अधिकारी को पेयजल योजना के कार्यों में लोक निर्माण विभाग की सड़कों के मरम्मत के निर्देश भी दिए गए। टीएल बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की प्रगति के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावीए अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदीए अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रए एसडीएम संजय नागवंशी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों को ई-ट्रायसिकिल एवं लैपटॉप का वितरण



**जागरण, पन्ना ।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मंगलवार को जनपद पंचायत पन्ना कार्यालय प्रांगण में दिव्यांगजन उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंहए जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजेए उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादवए नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधिए कलेक्टर सुरेश कुमारए जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावीए अतिरिक्त सीईओ एवं उप संचालक सामाजिक न्याय अशोक चतुर्वेदीए परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा अस्थिबाधित दिव्यांगो को ई.ट्रायसिकिल एवं मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दृष्टिबाधित मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप का वितरण किया गया। दिव्यांगजनों का माला पहनाकर स्वागत भी किया गया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी गई। पूर्व मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि दिव्यांगजनों ने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी उपयोगिता साबित की है। सरकार द्वारा भी जरूरतमंद दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर दिव्यांगजन आगे बढ़ें। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा दिव्यांगो की सहायता के लिए उपकरण वितरण शिविर आयोजन की सराहना की गई। उन्होंने दिव्यांगजनों की अन्य मांगो व जरूरत के संबंध में ध्यान आकृष्ट कराया। जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी दी।

# चंपतपुर में आगजनी की घटना में घर एवं गृहस्थी का सामान जलकर खाक





**जागरण, पन्ना ।** अजयगढ़ जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत नारायण पुर के ग्राम चंपतपुर में अज्ञात कारणों के चलते अचानक भोला लोध पिता जुराखन लोध के घर मे आज दोपहर 1रू00 बजे अचानक आग लग जाने के कारण घर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया एवं ग्रस्थी का सामान भी जलने की खबर बताई जा रही है साथ ही घर में रखें नगद 1 लाख 65000 भी जलकर खाक हो गए जिसे ग्रामीणों की मदद से बामुश्किल आग पर काबू पाया गया तब तक घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया था । प्रशासन से अनुरोध है कि आज देने की घटना घटित होने पर उन्हें आर्थिक मदद पहुंचाई जाए ताकि उनका भरण पोषण हो सके।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश



**जागरण, पन्ना ।** कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की संपन्न हुई बैठक में आवश्यक सड़क सुरक्षा उपायों को लागू करने सहित उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर कलेक्टर सुरेश कुमार ने निर्धारित एजेंडा पर चर्चा कर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही शासकीय सेवकों द्वारा दो पहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का पालन सुनिश्चित कराने के लिए कहा। तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने डायमंड चौराहा सहित अन्य स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए सीएमओ और यातायात पुलिस को पुनः अभियान चलानेए पन्ना.बृजपुर मार्ग पर स्पीड ब्रेकर स्थापित करानेए एनएमडीसी से स्मृति वन तक सड़क के दोनों किनारों पर प्राथमिकता से लोक निर्माण विभाग द्वारा साइड सोल्डर लगाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक कार्यालय गेट के सामने की सड़क पर भी स्पीड ब्रेकर बनाने तथा आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए भी जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही में जिले में 168 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। इनमें 41 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 245 व्यक्ति घायल हुएए जबकि गत वर्ष के प्रथम त्रैमास में दर्ज 123 सड़क दुर्घटनाओं में 36 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 159 व्यक्ति घायल हुए।

### ऑटो रिक्शा स्टैण्ड का भ्रमण कर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें

कलेक्टर ने कहा कि पन्ना नगर में सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के उद्देश्य से चार स्थानों पर ऑटो एवं ई.रिक्शा स्टैण्ड के लिए स्थल का चिन्हांकन किया गया है। अजयगढ़ मार्ग के लिए चंद्रशेखर पार्क के सामनेए पहाड़ीखेरा रोड के लिए गल्ला मंडी के पासए छतरपुर मार्ग के लिए बेनीसागर पार्क तथा देवेन्द्रनगर मार्ग के लिए बीटीआई तिराहा में ऑटो एवं ई.रिक्शा स्टैण्ड प्रस्तावित है। संबंधित अधिकारी निर्धारित स्थल का भ्रमण कर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कराएं। उन्होंने अमानगंज नगर में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने के निर्देश भी दिए। इस क्रम में मोहन निवास चौराहा से लिश्यू आनंद स्कूल तक सड़क मरम्मत तथा जिला अस्पताल के सामने स्थापित दुकान के दुकानदारों को निर्धारित सीमा के भीतर सामान रखने की समझाईश देने के लिए कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी सहित अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहानए कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जेण्पीण् सोनकर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं समिति सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

# पवई में डॉ अंबेडकर की जयंती पर भाजपा मंडल ने दी श्रद्धांजलि



**जागरण, पवई ।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पवई द्वारा डॉण् भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अंबेडकर पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुईए इसके पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर डॉण् अंबेडकर को नमन किया। मंडल अध्यक्ष निधि पटेरियाए पुष्पेंद्र पटेल और जमुना खटीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉण् अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। उन्होंने देश को मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया और जीवन भर समाज में समानताए शिक्षा तथा सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया। उनके विचार आज भी प्रेरणास्रोत हैं और समाज को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अंबेडकर जयंती केवल श्रद्धांजलि देने का अवसर नहींए बल्कि उनके विचारों को आत्मसात कर समाज में समानता व न्याय की स्थापना का संकल्प लेने का दिन है। कार्यक्रम में चंद्रभूषण गौतमए मंकू श्रीवास्तव सतपाल सिंह सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर डॉण् अंबेडकर के योगदान को याद किया और उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।

# पवई में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में भाजपा मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया की सराहनीय भूमिका



**जागरण, पवई ।** पवई नगर में हनुमान जन्मोत्सव की शोभा यात्रा के दौरान एक संवेदनशील स्थिति उत्पन्न हो गईए जब यात्रा मार्ग पर मांस के टुकड़े पाए गए। इस घटना से नगर के धार्मिक वातावरण में तनाव की स्थिति बन गई। इसे लेकर सर्व हिंदू समाज एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा 15 अप्रैल 2025ए मंगलवार को पवई नगर बंदए चक्का जाम और धरना प्रदर्शन की घोषणा की गई थी। हालांकिए प्रशासन द्वारा इस आयोजन की अनुमति नहीं दी गई। इसके बावजूद नगर के अधिकांश स्थानों पर दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद रखीं। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर रहा। ऐसे समय में जब हल्की चूक से भी नगर में अशांति फैल सकती थीए तब भाजपा पवई मंडल अध्यक्ष सुश्री निधि पटेरिया ने संयमए सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए नगर में शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निधि पटेरिया ने समाज और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हुए दोनों पक्षों के साथ लगातार संवाद बनाए रखा। उन्होंने समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों से संपर्क कर उन्हें शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया। उनके प्रयासों से मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में सर्व हिंदू समाज एवं विहिप के कुछ कार्यकर्ता तहसील परिसरए तहसीलदार पवई प्रीतिपंथी के समक्ष पहुंचे और उन्हें पन्ना कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में लेख किया गया कि शोभायात्रा की पूर्व सूचना दिए जाने के बावजूद नगर पालिका ने उचित सफाई व्यवस्था क्यों नहीं की घ् यदि यह वोमिटिंग का मामला था तो 1 घंटे पूर्व की घटना होते हुए भी उसे हटाने की जिम्मेदारी किसकी थी और वह क्यों नहीं निभाई गई घ् नगर में संचालित अंडा मुर्गा की दुकानों को पूर्व में कई बार बंद करने की मांग की जा चुकी है किंतु ना तो उन्हें बंद किया गया और ना ही नगर से बाहर स्थानांतरित किया गया । 10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक की घटना क्षेत्र की सीसीटीवी फुटेज कॉल डिटेल्स एवं व्हाट्सएप चैट की जांच कराई जाए इस घटना में लापरवाह मुख्य नगर पालिका अधिकारी को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए यह घटना नगर पालिका सहित अन्य की लापरवाही का परिणाम है संपूर्ण घटना की सीबीआई जांच कराई जाए ताकि दोषियों को निष्पक्ष रूप से चिन्हित कर सजा दी जा सके। निधि पटेरिया के शांतिपूर्ण प्रयासों और संतुलित नेतृत्व की बदौलत नगर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई और संभावित तनावपूर्ण स्थिति को पूरी तरह टाल दिया गया। उनका यह प्रयास न केवल प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय का उदाहरण बनाए बल्कि यह भी सिद्ध किया कि जिम्मेदार नेतृत्व से किसी भी संवेदनशील परिस्थिति को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया जा सकता है। उनकी सक्रिय भूमिका के चलते पवई नगर में शांतिए सौहार्द और व्यवस्था बनी रहीए यह घटना इस बात का प्रतीक है कि जब नेतृत्व मजबूत और निष्ठावान होए तो समाज में सामूहिक रूप से सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

# केन बेतवा लिंक परियोजना : आईएल एमणपी के संबंध में कर्णावती हाल मडला में बैठक संपन्न



**पन्ना ।** केन बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत इंटीग्रेटेड लैंडस्केप मैनेजमेंट प्लान के क्रियान्वयन के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक के एवं वन बल प्रमुख उत्तर प्रदेश तथा मुख्य वन्य जीव अभिरक्षक मध्य प्रदेश की अध्यक्षता में कर्णावती हाल मडला में बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपसंचालक पन्ना टाइगर रिजर्व ने अपना प्रस्तुतीकरण करते हुए इंटीग्रेटेड लैंडस्केप मैनेजमेंट प्लान के विभिन्न पहलुओं तथा बाघ संरक्षणए घड़ियाल संरक्षणएजैव विविधता संरक्षणएगिद्ध संरक्षणएसामुदायिक प्रबंधन आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इन्टरग्रेटेड लैंडस्केप मैनेजमेंट प्लान में मध्य प्रदेश के आठ वन मंडल एवं उत्तर प्रदेश के तीन वन मंडल शामिल हैं। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उपरोक्त बिंदुओं के आधार पर वन मंडलवार वार्षिक कार्य योजना तैयार की जाएगी वार्षिक कार्य योजना शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार तैयार की जाएगी वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन जो वन मंडल वार तैयार होगी उसका अनुमोदन ग्रेटर पन्ना लैंडस्केप कमेटी करेगी ।

# नवीन शराब दुकान के विरोध में कलेक्टर के नाम ज्ञापन देने पहुंचे भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता



**जागरण, रैपुरा ।** भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि 2025.26 की शराब नीति के तहत एक नई दुकान रैपुरा के मुख्य चौराहे कटनी तिराहा के पास खोली गई है। अनुचित है। भगवती मानव कल्याण संगठनए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ता व समस्त रैपुरा क्षेत्रवासियों की मांग है कि यह नवीन शराब दुकान जल्द ही हटाई जाए अन्यथा हम भगवती मानव कल्याण के कार्यकर्ता व समस्त क्षेत्रवासी एकजुट होकर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी पन्ना के जिला अध्यक्ष राजू लोधीए उपाध्यक्ष बेडीलाल आदिवासी प्रवक्ता रामेश्वर धुर्वेए जागेश्वर लोधीए राहुल यादवए राजू लोधीएपूरन बंजारा सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे यह की स्थित शासकीय कन्या हाई स्कूल की बाउंड्री से सटाकर खोली गई है। जबकी स्कूल या शैक्षणिक संस्थाए से न्यूनतम दूरी का उलंघन है यह दुकान राजकीय राजमार्ग क्रमांक 14 से मात्र 50 मीटर से भी कम दूरी पर स्थित है।यह दुकान कस्बे के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के सामाने स्थित है जिसकी मंदिर से दूरी लगभग 50 मीटर है।



### जनसुनवाई में हुई 34 आवेदनों पर कार्यवाही

**पन्ना ।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 34 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र द्वारा जिला मुख्यालय पर पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए ।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक



**जागरण, पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में श्रम विभाग अतंर्गत गठित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। इस दौरान बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम के प्रावधानों पर चर्चा कर बाल श्रम प्रथा के विरूद्ध व्यापक प्रचार.प्रसार एवं जनजागरण अभियान संचालित करने के लिए निर्देश दिए गए। जागरूकता गतिविधियों के लिए शिक्षा एवं अन्य विभागों सहित अशासकीय संगठनों की सहभागिता पर चर्चा की गई ।कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि जिले में कार्यरत बाल श्रमिकों के जनजागरणए विमुक्तिकरण और पुनर्वास के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित कार्य योजनानुसार कार्यवाही की जाए। बाल एवं कुमार श्रमिकों के पुनर्वास के लिए संयुक्त अभियान भी चलाएं। उन्होंने कहा कि किसी संस्था में बाल श्रम पाए जाने पर नियोजकों के विरूद्ध बाल श्रम अधिनियम तथा अन्य श्रम कानूनों सहित जेण्जेण् एक्ट व पॉक्सो एक्ट में सख्त कार्यवाही करें। दोषी नियोजकों से पुनर्वास निधि में निर्धारित राशि भी जमा कराई जाए। बैठक में निर्देश दिए गए कि शाला त्यागीए शाला से निरंतर अनुपस्थित तथा ड्रॉप आउट बच्चों के किसी संस्थान में कार्यरत होने के बारे में भी जानकारी एकत्र करें। केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा बाल श्रम से संबंधित शिकायतों के लिए संचालित पेंसिल पोर्टल के बारे में भी बैठक में चर्चा हुई। इस दौरान जिला टास्क फोर्स के उद्देश्यए की जाने वाली कार्यवाहीए बाल एवं कुमार श्रमिकों की पहचानए धारा 14 के तहत बाल श्रम नियोजन के दण्डात्मक प्रावधानए कचरा बीनने वाले बच्चों के पुनर्वासए विमुक्त कराए गए बालकों को तत्काल सहायता प्रदान करने की प्रक्रियाए विमुक्ति उपरांत कार्य सहित अन्य सुविधाओं व शिकायतों के प्रभावी निराकरण तथा प्रावधानों के तहत अन्य यथोचित कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावीए अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रए श्रम निरीक्षक वेदमणि दाहिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# एनसीएल परिवार ने बाबा साहेब की जयंती पर किया नमन

**जागरण, सिंगरौली**

भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड के मुख्यालय में सोमवार को भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। देश के महान न्यायविद, शिक्षाविद, समाज सुधारक, एवं स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब को एनसीएल परिवार ने उनकी जन्मजयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कंपनी के निदेशक (कार्मिक) मनीषकुमार, निदेशक, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, (तकनीकी/परियोजना एवं योजना)



सुनील प्रसाद सिंह, जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्यामधर दुबे, एचएमएस से अशोक पांडे, सीएमओएआई प्रतिनिधि सर्वेश सिंह, सिस्टा पदाधिकारीसहित अन्य महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्षगण एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे व बाबा साहेब को पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बाबा साहेब द्वारा बताये गये मूल्यों को याद कर उन्हें अपने दैनिक जीवन में लागू करने का संकल्प लिया गया। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में भी भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया एवं अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की मनाई गई जयंती

चितरंगी विकासखंड के अंतर्गत ग ?वानी में ग्राम पंचायत स्तर पर भारत रत्न व संविधान निर्माता बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई जिसमे मुख्यथिति के रूप में बरगवा नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रमिला साकेत के उपस्थिति में हुई वही पर बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और वही पर सरपंच सुषमा साकेत ने बाबा साहब के बारे में अपना विचार रखते हुए सबको शुभकामनाएं प्रदान किये इस मौके पर भाजपा पूर्व मंडल महामंत्री पुष्पराज सिंह बैस,मण्डल महामंत्री देवेंद्र सिंह बैस नटवार, मंत्री जग्गनाथ सिंह, वरिष्ठ नेता आनंद बैस,पुष्पेंद्र साकेत,अजय साकेत,सहित ग्रामीण जन मौके पर जयंती में शामिल रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली में भारतरत्न बोधिसत्व डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह का आयोजन

सिंगरौली। शक्तिनगर में बीते 14 अप्रैल 2025 को भारतरत्न बोधिसत्व डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री जोसे बास्टीयन, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) द्वारा स्थानीय अंबेडकर भवन में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा मोमबत्ती प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री आर एस राम, सचिव, अनु. जाति/ अनु. जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा किया गया।

एनटीपीसी सिंगरौली के आवासीय परिसर में स्थित डॉ अंबेडकर विद्यालय के छात्रों द्वारा बौद्ध वंदना, स्वागत प्रस्तुति, एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जोसे बास्टीयन ने अपने सम्बोधन में भारत के संविधान के निर्माता, महिला अधिकारों की हिमायत, एवं दलित उत्थान में डॉ अंबेडकर के अद्वितीय योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने बताया की बाबा साहेब भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे जिनकी अध्यक्षता में भारतीय संविधान, दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान तैयार किया गया था। इस कार्यक्रम में अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा भी अंबेडकर जयंती पर विचारों को संबोधित किया गया। डॉ अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# केपी मेमोरियल स्कूल में नाईट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन



**जागरण, सिंगरौली।** जनकसेवा सेवा संस्थान करैला के तत्वाधान में के पी मेमोरियल पब्लिक स्कूल बिरकुनिया में तीन दिवसीय अंतरराज्यीय प्रो नाईट वॉलीबॉल प्रतियोगता के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय श्री कांतदेव सिंह राजा साहब (प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश) के उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक सिंगरौली आदरणीय रामलल्लू बैस द्वारा की गई विशिष्ट अतिथि के रूप में आदरणीय रामनिवास साह (विधायक सिंगरौली), आदरणीय रामशकल बैस (पूर्व राज्यसभा एवं लोकसभा सांसद), आदरणीय तीरथराज बैस (पूर्व विधायक राबर्ट्सगंज), आदरणीय जागबली बैस (पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष सिंगरौली), आदरणीय विश्राम बैस (नगर पंचायत अध्यक्ष अनपरा), जनक सेवा संस्थान करैला के अध्यक्ष संत कुमार पांडेय,श्री अरविंद कुशमाकर (संरक्षक के पी मेमोरियल स्कूल बिरकुनिया), स्कूल के श्रीमती नीता सिंह स्कूल के प्राचार्य नीलम बैस एवं भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी गण, समस्त वालीबाल के खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी व स्कूल के बालक बालिकाए,रेफरी एवं दर्शक गण एवं ग्रामीण वरिष्ठ जन एवं युवा मौजूद रहे। उपविजेता जय हिंद क्लब भलुग एवं विजेता के पी मेमोरियल स्कूल बिरकुनिया रही।

# हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा की ऐतिहासिक सफलता के लिए हृदयस्पर्शी धन्यवाद

**जागरण, सिंगरौली।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और हनुमान जन्मोत्सव सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित विशाल शोभायात्रा ने भक्ति, एकता और समरसता का ऐसा अलौकिक संगम प्रस्तुत किया, जो हर सनातनी के हृदय में अमिट छाप छोड़ गया। यह भव्य आयोजन केवल एक शोभायात्रा नहीं, बल्कि प्रभु श्री हनुमान के प्रति हमारी अटूट श्रद्धा और सनातन संस्कृति के गौरव का जीवंत उत्सव था। इसकी अभूतपूर्व सफलता के लिए मैं समस्त सनातनी प्रेमियों, सहयोगी संगठनों, कार्यकर्ताओं और समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रति हृदय की अतल गहराइयों से आभार प्रकट करता हूँ। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के समर्पित कार्यकर्ताओं ने रात-दिन एक कर, बैठकों, नगर सज्जा और हर छोटी-बड़ी व्यवस्था में अपनी आत्मा झोंक दी। दुर्गा वाहिनी की बहनों और मातृशक्ति ने अपनी अदम्य ऊर्जा और उत्साह से इस आयोजन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। सभी प्रखंड पदाधिकारियों, व्यापारियों और समाज के हर वर्ग ने अपने प्रेम और सहयोग से इस शोभायात्रा को भव्यता का अनुपम रंग प्रदान किया। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था में अपनी अहम भूमिका निभाकर हम सभी के हृदय जीत लिए। आप सभी को नमन और साधुवाद!

इस शोभायात्रा के स्वागत में प्रिंस टीवीएस एजेंसी, सी-2 हॉस्पिटल, सत्या होटल, लायंस क्लब, मुस्लिम समाज, सिंधी समाज, सोनी कटरा व्यापार समाज, गंगोत्री परिवार और अन्य सामाजिक संगठनों ने जिस उत्साह और श्रद्धा से योगदान दिया, वह हृदय को गदगद कर देने वाला था। विशेष रूप से मुस्लिम समाज के भाइयों और बहनों द्वारा शोभायात्रा का खुले हृदय से स्वागत न केवल सामाजिक समरसता का प्रतीक बना, बल्कि प्रभु हनुमान की कृपा से हम सभी को एक सूत्र में बाँध गया।

इस ऐतिहासिक उत्सव को अविस्मरणीय बनाने में संघ परिवार, गायत्री परिवार, जयगुरुदेव परिवार, टीटीएस हनुमान मंदिर, प्रेमनगर श्रीराम सेवा समिति, ब्राह्मण समाज, करणी सेना, सरस्वती शिशु मंदिर, भारत विकास परिषद, व्यापार मंडल, श्याम प्रेमी मंडल, स्वतंत्र सेवा समिति, शिव मंदिर सेक्टर - 4, अग्रहरि समाज, साहू समाज, सोनी समाज, वैश्य समाज, सिंधी समाज, बीजेपी, युवा मोर्चा, शिव चर्चा ,पीएम आवास के रहवासी और संपूर्ण सनातनी समाज ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आप सभी ने न केवल शोभायात्रा में शामिल होकर, बल्कि अपने प्रेम, श्रद्धा और समर्पण से सनातन धर्म के गौरव को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष डॉ. डीके मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन हमारी एकता, भक्ति और सनातन संस्कृति के प्रति निष्ठा का प्रतीक बन गया। आप सभी के सहयोग ने इसे एक ऐसे उत्सव में बदल दिया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। मेरे पास शब्द कम पड़ रहे हैं, पर भावनाएँ अथाह हैं। आप सभी के प्रेम, समर्पण और अटूट विश्वास के लिए मैं सभी का धन्यवाद ज्ञापित हूँ।

# सरई तथा लंघाडोल मंडलों में सम्मेलन एवं गोष्ठियों का आयोजन सम्पन्न

**जागरण, सिंगरौली।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी का सम्मेलन विधानसभा देवसर के सरई मंडल के गन्नई गांव मे सम्पन्न हुआ तथा अंबेडकर जी पर एक गोष्ठी लंघाडोल मंडल के ग्राम गोरा में सम्पन्न हुई। संबंधित कार्यक्रम जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के मुख्य आतिथ्य तथा देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम के विशिष्ट आतिथ्य एंवं मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र अग्रहरी एवं के डी वैश्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुये। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने कहा कि कांग्रेस समेत भारत के सभी राजनीतिक दलों ने केवल अंबेडकर जी के नाम पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकी हैं तथा किसी ने उनको वास्तविक सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस जैसी पार्टी ने तो उन्हें लोकसभा तक मे नहीं पहुंचने दिया तथा उनको नेहरू जी ने चुनाव हरवा दिया। अंबेडकर जी हर अनुसूचित वर्ग के व्यक्ति को समान शिक्षा का अधिकार देना चाहते थे किंतु सभी पार्टियों ने समाज के बहुसंख्यक वर्ग को शिक्षा से दूर रखा और उनका शोषण करते रहे। नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने बाबा साहेब की जयंती को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया तथा संसद भवन के प्रांगण मे उनकी प्रतिमा स्थापित कराई। बाबा साहेब से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया तथा उनके नाम की कई योजनाएं चलाई।अपने उद्बोधन में विधायक राजेंद्र मेश्राम जी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति करती रही है।







## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 06 | 04 | 02 | 08 | 1.081 |
| दिल्ली | 05 | 04 | 01 | 08 | 0.899 |
| बेंगलुरु | 06 | 04 | 02 | 08 | 0.672 |
| लखनऊ | 07 | 04 | 03 | 08 | 0.086 |
| कोलकाता | 06 | 03 | 03 | 06 | 0.803 |
| पंजाब | 05 | 03 | 02 | 06 | 0.065 |
| मुंबई | 06 | 02 | 04 | 04 | -0.104 |
| राजस्थान | 06 | 02 | 04 | 04 | -0.838 |
| हैदराबाद | 06 | 02 | 04 | 04 | -1.245 |
| चेन्नई | 07 | 02 | 05 | 04 | -1.276 |

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| निकोलस (लखनऊ) | 357 |
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 329 |
| मिचेल मार्श (लखनऊ) | 295 |
| श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 250 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| नूर अहमद (चेन्नई) | 12 |
| खलील अहमद (चेन्नई) | 11 |
| शार्दुल ठाकुर (लखनऊ) | 11 |
| कुलदीप यादव (दिल्ली) | 10 |



## बाउंड्री मीटर



536 छक्के
933 चौके
61 अर्धशतक

विकेट के पीछे 200 शिकार करने वाले एमएस धोनी पहले खिलाड़ी बन गए। धोनी ने लखनऊ के खिलाफ ये उपलब्धि हासिल की। लिस्ट में दूसरे नंबर पर दिनेश कार्तिक (182 शिकार) हैं।

# पंजाब की घर में केकेआर पर बड़ी जीत

जेएनएन, मुल्लांपुर

पंजाब किंग्स ने आईपीएल के 31वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 16 रन से शिकस्त दी। मेजबान पंजाब किंग्स पहले बल्लेबाजी करते हुए 111 रन पर सिमट गई। यह मौजूदा आईपीएल सत्र का दूसरा सबसे छोटा स्कोर है। जवाब में केकेआर की टीम 95 रन बना पाई। केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने सर्वाधिक 37 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 17 रन का योगदान दिया। इससे पहले पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर की अपने घरेलू मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने की रणनीति उल्टी पड़ गई क्योंकि सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (22) और प्रभसिमरन सिंह (30) को छोड़कर उनके सभी बल्लेबाज घरेलू मैदान पर संघर्ष करते दिखे। इन दोनों के अलावा केवल नेहल वढेरा (10), शशांक सिंह (18) और जेवियर बार्टलेट (11) ही दोहरे अंक में रन बना सकें। पंजाब किंग्स के कुछ बल्लेबाजों ने लापरवाही भरा और खराब शॉट खेलकर विकेट गंवाए। केकेआर के लिए हर्षित राणा (25 रन पर तीन विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे, जबकि वरुण चक्रवर्ती (21 रन पर दो विकेट) और सुनील नारायण (14 रन पर दो विकेट) ने दो-दो सफलता हासिल की। पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शतक जड़ने वाले आर्य ने एनरिक नोर्किया के खिलाफ दो चौके तो वहीं प्रभसिमरन सिंह ने वैभव अरोड़ा के खिलाफ लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का लगाकर पंजाब को तेज शुरुआत दिलाई। चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए हर्षित ने पहली गेंद पर छक्का खाने के बाद तीन गेंद के अंदर आर्य और कप्तान कप्तान श्रेयस अय्यर (शून्य) को चलता कर केकेआर की शानदार वापसी कराई। इन दोनों का शानदार कैच रमनदीप सिंह ने लपका। शानदार लय में चल रहे अय्यर हर्षित की गेंद को हवा में खेल बैठे और रमनदीप ने दौड़ लगाने के बाद डाइव मारकर गेंद को मैदान से कुछ इंच ऊपर से पकड़ लिया। पंजाब की खराब बल्लेबाजी इसके बाद भी जारी रही और जोश इंग्लिस (दो) को चक्रवर्ती ने बोल्ड कर दिया, जिससे घरेलू टीम पांचवें ओवर में तीन विकेट गंवा चुकी थी। प्रभसिमरन पर इन विकेटों का कोई असर नहीं हुआ और इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने छठे ओवर में हर्षित की गेंदों पर लगातार दो छक्के जड़े। वह हालांकि दो गेंद बाद ही इस गेंदबाज का तीसरा शिकार बने। उनका कैच भी रमणदीप ने ही पकड़ा। पावर प्ले में टीम 54 रन पर चार विकेट गंवा कर मुश्किल में थी और पारी को संवारने की जिम्मेदारी अनुभवी ग्लेन मैक्सवेल (सात) और वढेरा पर थी। दोनों ने दो ओवर संभल कर बल्लेबाजी की लेकिन नोर्किया ने अपने दूसरे स्पैल में वढेरा को पवेलियन की राह दिखा दी। मैक्सवेल का खराब फॉर्म जारी रहा जो चक्रवर्ती का शिकार बने। टीम ने 80 रन तक छह विकेट गंवा दिये थे और अनुभवी स्पिनर नारायण ने सुयांश शेडगे (चार) और मार्को यानसेन (एक) को आउट कर पंजाब के लिए वापसी की राह कठिन कर दी। शशांक और बार्टलेट ने नौवें विकेट के लिए 23 रन की साझेदारी के साथ टीम को 100 रन के पार पहुंचाया लेकिन दोनों तीन गेंद के अंदर आउट हो गये। शशांक को अरोड़ा ने पगबाधा किया तो वही बार्टलेट के रन आउट होने से पंजाब की पारी सिमट गयी।



## स्कोर बोर्ड

**पंजाब किंग्स : 111/10 (15.3 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश का. रमनदीप बो. हर्षित | 22 | 12 | 3 | 1 |
| प्रभसिमरन का. रमनदीप बो. हर्षित | 30 | 15 | 2 | 3 |
| श्रेयस का. रमनदीप बो. हर्षित | 0 | 2 | 0 | 0 |
| जोश इंग्लिस बो. वरुण | 2 | 6 | 0 | 0 |
| नेहल वढेरा का. वेंकटेश बो. नॉर्खिये | 10 | 9 | 2 | 0 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो. वरुण | 7 | 10 | 1 | 0 |
| शेडगे का. डीकॉक बो. नारायण | 4 | 4 | 0 | 0 |
| शशांक सिंह पगबाधा बो. वैभव | 18 | 17 | 1 | 1 |
| मार्को यानसन बो. नारायण | 1 | 2 | 0 | 0 |
| जेवियर बार्टलेट रनआउट | 11 | 15 | 1 | 0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 5, **कुल :** 15.3 ओवर में 111 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन :** 1-39, 2-39, 3-42, 4-54, 5-74, 6-76, 7-80, 8-86, 9-109, 10-111, **गेंदबाजी :** वैभव अरोड़ा 2.3-0-26-1, नॉर्खिये 3-0-23-1, हर्षित राणा 3-0-25-3, वरुण चक्रवर्ती 4-0-21-2, सुनील नारायण 3-0-14-2.

**कोलकाता नाइट राइडर्स : 95/10 (15.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डीकॉक का. शेडगे बो. बार्टलेट | 2 | 4 | 0 | 0 |
| सुनील नारायण बो. यानसन | 5 | 4 | 1 | 0 |
| रहाणे पगबाधा बो. चहल | 17 | 17 | 1 | 1 |
| रघुवंशी का. बार्टलेट बो. चहल | 37 | 28 | 5 | 1 |
| वेंकटेश पगबाधा बो. मैक्सवेल | 7 | 4 | 0 | 0 |
| रिंकू सिंह स्टं. इंग्लिस बो. चहल | 2 | 9 | 0 | 0 |
| आंद्रे रसेल बो. यानसन | 17 | 11 | 1 | 2 |
| रमनदीप का. श्रेयस बो. चहल | 0 | 1 | 0 | 0 |
| हर्षित राणा बो. यानसन | 3 | 6 | 0 | 0 |
| अरोड़ा का. इंग्लिस बो. अर्शदीप | 0 | 7 | 0 | 0 |
| नॉर्खिये नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 5, **कुल :** 15.1 ओवर में 95 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन :** 1-7, 2-7, 3-62, 4-72, 5-74, 6-76, 7-76, 8-79, 9-95, 10-95, **गेंदबाजी :** यानसन 3.1-0-17-3, जेवियर बार्टलेट 3-0-30-1, अर्शदीप सिंह 3-1-11-1, युजवेंद्र चहल 4-0-28-4, ग्लेन मैक्सवेल 2-0-5-1.

## श्रेयस अय्यर को मिला आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड

**दुबई, जेएनएन।** भारत की चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कलात्मक बल्लेबाज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को मार्च महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। श्रेयस ने चैंपियंस ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट में सर्वाधिक 243 रन बनाए थे। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पीछे छोड़ा।



वहीं महिला वर्ग में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को इस खिताब से नवाजा गया हैं। वोल ने हमवतन एनाबेल सदरलैंड और अमेरिका की चेतना प्रसाद को पछाड़ कर यह पुरस्कार जीता है। श्रेयस अय्यर ने कहा, मार्च महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अविश्वसनीय रूप से विशेष है। खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। एक ऐसा क्षण जिसे मैं हमेशा अपनी यादों में संजो कर रखूंगा। श्रेयस ने कहा, प्रत्येक क्रिकेटर का सपना होता है कि वह इतनी बड़ी प्रतियोगिता में भारत की जीत में योगदान दे। यह लगातार दूसरा महीना है, जबकि किसी भारतीय खिलाड़ी ने यह पुरस्कार हासिल किया। इससे पहले उभरते हुए बल्लेबाज शुभमन गिल ने फरवरी महीने के लिए यह पुरस्कार जीता था।

## अपने मैदान पर जीत का स्वाद चखने रॉयल्स के खिलाफ उतरेगी कैपिटल्स

जेएनएन, नई दिल्ली

सीजन की शानदार शुरुआत के बाद अपने मैदान पर पहली हार झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स बुधवार को आईपीएल के 32वें मुकाबले में अपने होमग्राउंड पर पड़ोसी राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। इस साल के प्रदर्शन की बात की जाए तो दिल्ली को पांच मैचों में सिर्फ एक हार मिली है, वहीं राजस्थान छह में से चार हार के बाद जीत की लय तलाश रहा है। लगातार चार मैच जीतने के बाद अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली टीम को रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस ने हराया। इस हार के बाद दिल्ली शीर्ष स्थान से खिसककर दूसरे स्थान पर पहुंच गई। दूसरी ओर संजू सैमसन की कप्तानी वाली रॉयल्स लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। मुंबई के खिलाफ दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट के दिग्गज करुण नायर ने पदार्पण करते हुए 40 गेंद में 89 रन बनाए। दिल्ली के पास इस हार का दुख मनाने का समय नहीं था, क्योंकि दो दिन के भीतर ही उसे रॉयल्स के खिलाफ कल खेलना है। दिल्ली के लिए एक बार फिर सफलता की कुंजी स्पिनर साबित हो सकते हैं। पिछले मैच में हार के बावजूद कुलदीप यादव और 20 वर्ष के विपराज निगम ने शानदार प्रदर्शन किया। रॉयल्स की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है।

### हेड टू हेड

| | |
|---|---|
| कुल मैच | 29 |
| राजस्थान जीता | 15 |
| दिल्ली जीती | 14 |



दिल्ली में हुए मुकाबलों में दिल्ली का पलड़ा भारी है। टीम को नौ मैचों में छह में जीत मिली है। पिछले पांच मुकाबलों में भी ये नजदीकी अंतर देखने को मिलता है और राजस्थान को तीन, जबकि दिल्ली को दो में जीत मिली है।

### स्पिनरों की भिड़ंत

इस मैदान पर दिल्ली और मुंबई के बीच हुई पिछली भिड़ंत में स्पिनरों ने तेज गेंदबाजों के तीन विकेटों के मुकाबले कुल नौ विकेट चटकाए थे, जबकि उनकी तुलना में कम गेंदबाजी की थी। इस मैच में भी स्पिनरों की भूमिका निर्णायक होगी। जहां दिल्ली में कुलदीप, निगम और अक्षर पटेल की भारतीय स्पिन तिकड़ी है, वहीं राजस्थान के पास वनिंदु हसरंगा और महीश तीक्षणा की लंकाई जोड़ी है। जिनके स्पिनर बेहतर करेंगे, वही इस मैदान पर बाजी मार सकता है।

## 11 साल बाद बांग्लादेश में सिर्फ सीमित ओवरों की सीरीज खेलेगी टीम इंडिया

### 13 अगस्त से तीन वनडे और तीन टी-20 मैचों की सीरीज

**ढाका, जेएनएन।** भारतीय टीम अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी सीमित ओवरों की सीरीज के दौरान मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में चार और चटगांव में दो मैच खेलेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत को 13 अगस्त को ढाका पहुंचना है। बांग्लादेश दौरे पर भारत तीन वनडे और इतने ही टी-20 मैच खेलेगा। यह बांग्लादेश में भारत की पहली टी-20 द्विपक्षीय सीरीज और 2014 के बाद सिर्फ सीमित ओवरों का पहला दौरा होगा। शुरुआती दो वनडे और आखिरी दो टी-20 मुकाबले मीरपुर में खेले जाएंगे, जबकि तीसरा वनडे और पहला टी-20 चटगांव में होगा। यह दौरा एशिया कप टी-20 की तैयारी में भी मदद करेगा। भारत इस टूर्नामेंट का मेजबान है, लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह प्रतियोगिता पूरी तरह से श्रीलंका, बांग्लादेश या यूएई में आयोजित की जाएगी या नहीं क्योंकि दोनों देशों के बीच हुए समझौते के अनुसार पाकिस्तान की टीम भारत की यात्रा नहीं करेगी। भारतीय टीम 13 अगस्त को ढाका पहुंचेगी और 17 अगस्त से वनडे सीरीज शुरू होगा। दूसरा और तीसरा वनडे क्रमशः 20 और 23 अगस्त को होगा, जबकि 26 अगस्त से टी-20 सीरीज की शुरूआत होगी। 29 और 31 अगस्त को क्रमशः दूसरा और तीसरा टी-20 खेला जाएगा। बीसीबी के मुख्य कार्यकारी निजामुद्दीन चौधरी ने कहा कि यह सीरीज हमारे घरेलू कैलेंडर में सबसे रोमांचक प्रतियोगिता में से एक होगी। भारत ने सभी प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मानक स्थापित किए हैं और दोनों देशों के लाखों क्रिकेट प्रेमी इन मुकाबलों का आनंद जरूर लेंगे।

## पहले मिनट में किए गए गोल से बोर्नमाउथ ने फुलहम को हराया



**बोर्नमाउथ (इंग्लैंड), जेएनएन।** बोर्नमाउथ ने पहले मिनट में किए गए गोल के दम पर सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर फुलहम को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में छह मैच में अपनी पहली जीत दर्ज की। बोर्नमाउथ की तरफ से एंटोनी सेमेन्यो ने पहले मिनट में ही गोल कर दिया था। घाना के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने एलेक्स स्कॉट से पास पर यह महत्वपूर्ण गोल किया, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से बोर्नमाउथ 32 मैच में 48 अंक लेकर आठवें स्थान पर पहुंच गया है और उसने अगले सत्र में यूरोपीय लीग में जगह बनाने की अपनी उम्मीद जीवंत रखी है। फुलहम के भी 32 मैच में 48 अंक हैं, लेकिन गोल अंतर के कारण वह बोर्नमाउथ से एक स्थान पीछे है।

## खेल एक नजर

### मीराबाई बनीं भारोत्तोलन संघ के खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू को मंगलवार को भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के खिलाड़ी आयोग का अध्यक्ष चुना गया। चानू ने अपनी नियुक्ति को साथी भारोत्तोलकों की आवाज को बुलंद करने का अवसर बताया। ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय भारोत्तोलक चानू ने कहा, साथी भारोत्तोलकों की आवाज का प्रतिनिधित्व करने और उसे बुलंद करने का अवसर मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। मैं इस भूमिका के साथ आने वाली जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेने का संकल्प लेती हूं। मैं सभी प्रमुख मंच पर खिलाड़ियों की आवाज और दृष्टिकोण को फैलाने की दिशा में काम करूंगी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम बाहरी कारकों से विचलित हुए बिना खेल पर ध्यान केंद्रित करना जारी रख सकें।



### सुदीरमन कप फाइनल्स में चुनौती पेश करेंगे सिंधू-सेन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन चीन में 27 अप्रैल से चार मई तक होने वाले सुदीरमन कप बैडमिंटन फाइनल्स में भारत की चुनौती पेश करेंगे। अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर भारत ने इस प्रतिष्ठित मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया है। भारत को ग्रुप-डी में पूर्व चैंपियन इंडोनेशिया, दो बार के उपविजेता डेनमार्क और एक इंग्लिश टीम के साथ रखा गया है । भारत की 14 सदस्यीय टीम में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भी चोट से उबरकर वापसी हुई है। महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली फिटनेस कारणों से नहीं खेलेंगी। उनकी जगह प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा महिला युगल वर्ग में उतरेंगे। वहीं पुरुष युगल में सात्विक और चिराग के बैकअप के तौर पर हरिहरन ए और रूबेन कुमार को रखा गया है।



### क्रिस जेनकिंस का राष्ट्रमंडल खेल अध्यक्ष पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** क्रिस जेनकिंस ने राष्ट्रमंडल खेल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इस खेल संस्था ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। राष्ट्रमंडल खेल की सीईओ केटी सैडलेयर के अनुसार, खेल के संविधान में मौजूदा अध्यक्ष के त्यागपत्र देने पर अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त करने का प्रावधान है। इसलिए डोनाल्ड रुकारे को इस साल नवंबर में अगली महासभा तक यह भूमिका सौंपी गई है। अपनी नियुक्ति पर रुकारे ने कहा, मैं इस पद पर अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हूं और मुझ पर विश्वास करने के लिए बोर्ड को धन्यवाद देता हूं। हम अपने खेलों के इतिहास में एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजरे हैं और अब हम 2026 में ग्लासगो में राष्ट्रमंडल खेलों के सफल आयोजन की तरफ कदम बढ़ा रहे हैं।

## प्रतीक शुक्ला की नाबाद 93 रन की पारी से भोपाल की टीम जीती

### एसएम खान बॉयज अंडर-18 लिमिटेड ओवर क्रिकेट टूर्नामेंट

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच प्रतीक शुक्ला (नाबाद 93 रन) की शानदार पारी की बदौलत भोपाल डिविजन ने एमपीसीए द्वारा आयोजित एसएम खान बॉयज अंडर-18 लिमिटेड ओवर क्रिकेट टूर्नामेंट में सागर को चार विकेट से शिकस्त दी। मंगलवार को फेथ क्रिकेट मैदान एक पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सागर की टीम 50 ओवर में 9 विकेट गंवाकर 193 रन बना पाई। टीम के लिए आदेश मिश्रा ने नाबाद 79 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। दीपेश ने 49 रनों का योगदान दिया। भोपाल के प्रथम सैंगर ने 9 ओवर में 29 रन देकर चार विकेट झटके। रुद्र प्रताप को दो सफलता मिली। युवराज सिंह और प्रतीक शुक्ला को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल डिविजन ने 49.4 ओवर में छह विकेट गंवाकर जरूरी रन बना लिए।



प्रतीक शुक्ला ने पांच चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 93 रन बनाए। रुद्र सिंह ने नाबाद 31 रनों का योगदान दिया। रबजीत ने 24 रनों की पारी खेली। सागर के साहिल चौरसिया और आकिब खान ने दो-दो विकेट झटके। अमन ठाकुर और लक्ष्य को एक-एक सफलता मिली।

## काव्यांश की घातक गेंदबाजी से जीती अभय क्रिकेट अकादमी

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच काव्यांश की शानदार गेंदबाजी की बदौलत अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी ने मंगलवार को छठवें साद अंसारी मेमोरियल अंडर-14 इंटर क्लब वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट में पठान अकादमी को 39 रन से शिकस्त दी। ऑल सेंट ग्राउंड पर अभय अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए। टीम के लिए वेदांत ने 35 और दिव्यांश ने 27 रन का योगदान दिया। पठान अकादमी के ऋतु, जिगर और देव ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पठान क्रिकेट अकादमी 26 ओवर में 104 रन पर सिमट गई। यश ने 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। अभय अकादमी के काव्यांश ने 7 ओवर में 30 रन देकर पांच विकेट झटके। दिव्यांश को 2 सफलता मिली। वेदांत, अंश और दर्श ने 1-1 विकेट लिया।



## मुख्यमंत्री को बेस्ट स्टेट फॉर प्रमोशन ऑफ स्पोर्ट्स अवार्ड

**भोपाल, खेप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एसीईएस अवॉर्ड-2025 के अंतर्गत बेस्ट स्टेट फॉर प्रमोशन ऑफ स्पोर्ट्स का अवार्ड प्रदान किया गया। खेल पत्रिका स्पोर्ट्स स्टार की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को यह पुरस्कार समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेलों को प्रोत्साहन के लिए ग्राम से लेकर राज्य स्तर तक प्रयास किए जा रहे हैं। सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक स्टेडियम स्थापित करने के लिए कार्य जारी है। महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में स्पोर्ट्स टीचर्स को महत्वपूर्ण दायित्व देने की प्रक्रिया भी आरंभ की गई है।



## सीनियर नेशनल हॉकी में पहली बार मध्यप्रदेश उपविजेता

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश पुरुष टीम 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर मेंस नेशनल चैंपियनशिप-2025 में उपविजेता रही। झांसी में खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल में मप्र को रोमांचक मुकाबले में पंजाब से 1-4 से शिकस्त मिली। मप्र की टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी। मध्यप्रदेश की तरफ से एकमात्र गोल प्रताप लाकरा (28वें मिनट) ने किया। पंजाब के लिए जुगराज सिंह (30वें व 49वें मिनट) ने दो गोल किए। जसकरण सिंह (38वें) और गुरिंदर सिंह (46वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मप्र टीम को बधाई दी। खेल संचालक राकेश गुप्ता ने कहा कि टूर्नामेंट में मप्र की युवा टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश हॉकी टीम में मप्र खेल अकादमी के 14 खिलाड़ी है। मध्यप्रदेश के इस शानदार प्रदर्शन में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी के मुख्य प्रशिक्षण समीर दाद और सहायक प्रशिक्षक लोकेन्द्र शर्मा, हबीब हसन की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।




**मप्र टीम** श्रेयश धुपे, सद्दाम अहमद, लव कुमार कनोजिया, सुंदरम सिंह रजावत, अली अहमद, युसुफ अफ्फान, गौरव भगतानी, प्रमोद, अक्षय दुबे, मोहित कर्मा, अंकित पाल, अर्जुन शर्मा, मो. जैद, नियाज रहीम प्रताप लकरा, वैभव कुशलानी, संजय, मो. जमीर।

## शतरंज में श्रेयस, बैडमिंटन में अक्षत नामदेव ने जीता खिताब

**भोपाल, खेप्र।** एलएनसीटी में आयोजित आठवें इंजीनियर्स ओलंपिक-2025 के तीसरे दिन शतरंज में श्रेयस जैन ने खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं बैडमिंटन स्पर्धा में अक्षत नामदेव चैंपियन रहे। मंगलवार को खो-खो, शतरंज, वॉलीबॉल, रस्साकशी और बैडमिंटन के फाइनल मुकाबले खेले गए। शतरंज पुरुष वर्ग में एलएनसीटी के श्रेयस विजेता और सत्यम गुप्ता उपविजेता रहे। खो-खो पुरुष वर्ग फाइनल में एलएनसीटी ने एसआईआरएटी को 16-15 से हराकर खिताब जीता। महिला वर्ग में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ने एलएनसीटी रायसेन कैंपस गर्ल्स को 15-09 से शिकस्त दी। बैडमिंटन पुरुष वर्ग सिंगल्स फाइनल में एलएनसीटी के अक्षत ने रिजवान अंसारी को 2-0 से हराया। डबल्स फाइनल में बीयू के शशांक जैन-गणेश साल्वे की जोड़ी ने एलएनसीटी के आर्यन-रिजवान को 2-1 से परास्त किया।



### लाडली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को सहायता राशि का अंतरण आज

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 16 अप्रैल को मण्डला जिले के ग्राम टिकरवारा से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को वर्तमान अप्रैल माह 2025 की मासिक सहायता राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिले के नगरीय निकाय वार्ड और ग्राम स्तर पर वेबकास्ट के जरिए सीधा प्रसारण भी दिखाया जाएगा।

### मैहर कलेक्टर ने भी सम्पूर्ण जिले को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड ने पेयजल संकट की संभावना के दृष्टिगत म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम के अंतर्गत सम्पूर्ण मैहर जिले की राजस्व सीमाओं में भी 30 जून तक बिना अनुमति नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिनियम के अंतर्गत जिले के सम्पूर्ण नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है।

# लड़की का विवाह नहीं किया तो आरोपी ने मां की कर दी हत्या

## कोलगवां पुलिस ने अंधे हत्याकांड का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, सतना**

बेलहटा के पास नहर में महिला का शव पाये जाने का कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने खुलासा कर दिया है। इस अंधे हत्याकांड का खुलासा करते हुये पुलिस ने बताया कि मृतिका ने अपनी बेटी की शादी आरोपी से नही की तो उसने मॉ की हत्या कर शव को नहर में फेक दिया। यह बात आरोपी ने स्वीकारी है। यह पूरी कार्यवाही कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने एसपी के निर्देश, एएसपी व सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में की है।

### ये थी घटना

पुलिस ने बताया कि मृत महिला का शव बेहलटा की नहर में पाया गया था। जिसकी शिनाख्त सीता गोड़ पति सुखदेव गोड़ उम्र 45 साल निवासी बस स्टैण्ड झोपड पट्टी के रूप में की गई थी। शव का पीएम कराकर पुलिस ने हत्या की विवेचना शुरू की। कई सीसीटीवी खंगालने के बाद पुलिस को सेमरिया चौक में मृतिका एक अज्ञात आरोपी के साथ जाती दिखाई दे रही है। पुलिस मुखबीरो को सक्रिय किया जिसके चलते संदेही आरोपी युवराज उर्फ राजसतनामी पिता मोतीलाल सतनामी उम्र 46 साल निवासी उचवा टोला थाना नागौद जिला सतना हाल निवास गोपाल कालोनी हनुमान मंदिर के पास टिकुरिया टोला को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि तकरीबन एक साल से मृतिका की पुत्री से उसके प्रेम संबंध थे लेकिन मृतिक का उसका विवाह कहीं और करना चाहती थी। मृतिका ने अपनी पुत्री की शादी एक मार्च को बीटीआई मैदान में अनिल निवासी विदिशा के साथ कर दी थी जिसके बाद युवराज उर्फ राज उसकी पुत्री पर बुरी नजर रखता और किसी भी कीमत पर पाना चाहता था 11 अप्रैल को आरोपी सुबह 8 बजे बस स्टैण्ड में घर के सामने मृतिका की पुत्री से मिलने आया था। सीता गोड जब शाम 5 बजे सेमरिया चौक पहुची तो आरोपी युवराज उसका इंतजार कर रहा था निवास प्रमाण पत्र बनवाने के बहाने उसे आटो से टिकुरिया टोला ले गया फिर बोला की जो प्रमाण पत्र बनाता है वह बेलहटा में मिलेगा दूसरे आटो से बेलहटा ले जाकर गला दबाकर आरोपी ने सीता गोड की हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने की नियत से शव को नहर में फेक दिया। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तीन दिवसीय प्रवास पर सतना एवं मैहर आयेंगे

**जागरण, सतना।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 16 अप्रैल को दोपहर 2.45 बजे मैहर जिले के झुकेही में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत टमस नदी के उद्गम स्थल पर पूजन एवं जन चर्चा करेंगे। इसके बाद संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री पटेल सायं 4.20 बजे सतना नगर के टाउन हाल में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर जनप्रतिनिधियों के सम्मेलन में शामिल होने के पश्चात सायं 6 बजे सतना जिले से कार द्वारा रीवा के लिये प्रस्थान करेंगे। मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रवास के दूसरे दिन 17 अप्रैल को रात्रि 8 बजे दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट आकर रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री श्री पटेल प्रवास के तीसरे दिन 18 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे मझगवां के मंदाकिनी नदी उद्म स्थल ;मढवाद्ध तथा दोपहर 12 बजे नागौद में अमरन नदी उद्गम के स्थल ;भिगोराद्ध में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पूजन एवं जन चर्चा कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री पटेल दोपहर 1.45 बजे उचेहरा पहुंचकर अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम और दोपहर 3 बजे मैहर जिले के एकलव्य छात्रावास में आयोजित पंच सरपंच सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। तदुपरांत मंत्री श्री पटेल सायं 5.30 बजे मैहर में मां शारदा देवी के दर्शन एवं पूजन करेंगे और सायं 6 बजे कार द्वारा मैहर से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



# जिला खनिज व मनरेगा मद से होने हैं विकास कार्य



## जिले के तिंदुहटा में कार्यक्रम आयोजित

### भाजपा सरकार इमानदारी से बदल रही गांवों की तस्वीर

**सतना।** मैहर में मंगलवार को कई विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण सतना सांसद गणेश सिंह द्वारा किया गया। मैहर जिले के तिंदुहटा में कार्यक्रम आयोजित किया गया था जहां जिला खनिज मद और मनरेगा मद से कई स्वीकृत कार्यो की आधारशिला रखी गई तो काम पूरे हो चुके हैं उनका लोकार्पण सांसद द्वारा किया गया है। जिले को सड़को व स्कूल भवनों की सौगात देने के बाद सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद ने श्री सिंह ने कहा कि देश में हो चाहे मप्र में भाजपा सरकार ही इमानदारी से गांवों की तस्वीर बदलने का काम कर रही है। सांसद ने कहा कि इसके पहले भी सरकारें आईं पर गांव के बारे में सोचा तो सबसे पहले भारत रत्न् अटल बिहारी बाजपेई ने। श्री सिंह ने कहा कि वो बाजपेई ही थे जिन्होने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना लाई और गांवो तक पहुंच मार्ग के लिए सड़क योजना लाकर दूर ग्रामों में पक्की सड़कों को पहुंचाया।

# तहसील कोठी क्षेत्र अंतर्गत भंवर हल्का के पटवारी निलंबित

**जागरण, सतना।** एसडीएम रघुराजनगर ग्रामीण एलआर जांगडे ने तहसील कोठी क्षेत्र अंतर्गत पटवारी हल्का भंवर के पटवारी शीवेन्द्र सिंह को निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों में 14 अप्रैल 2025 को प्रसारित खबर एवं वीडियो के अनुसार शीवेन्द्र सिंह पटवारी हल्का भंवर राजस्व निरीक्षक वृत्त झाली तहसील कोठी को प्रसारित खबरों में एवं वीडियो में ग्राम भंवर के कृषकों से पट्टा वितरण एवं ऋण पुस्तिका देने के एवज में 4 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये एवं 15 हजार रूपये दिये जाने की बात करते हुये दिखाया जा रहा है। वीडियो से प्रथम दृष्टया रिश्वत लेना प्रतीत होता है। एसडीएम एलआर जांगडे ने बताया कि पटवारी शीवेन्द्र सिंह के इस कृत्य से जिला प्रशासन एवं तहसील की छवि धूमिल हुई है, जो गंभीर कदाचरण की श्रेणी में होने के कारण म0प्र0 सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (1) एवं (3) के विरूद्व है तथा कदाचरण एवं अवचार की श्रेणी में आता है। पटवारी हल्का भंवर वृत्त झाली तहसील कोठी शीवेन्द्र सिंह को म0प्र0 सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय तहसीलदार तहसील रघुराजनगर ग्रामीण (आफिस कानूनगो शाखा) नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता नियमानुसार होगी।

## युवा संगम मेला आज सतना में एवं कल मैहर के न्यू रामनगर में

**जागरण, सतना।** शासकीय आईटीआई सतना एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना के सहयोग से सतना एवं मैहर जिले के न्यू रामनगर में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सतना जिले के शासकीय आईटीआई कॉलेज परिसर में 16 अप्रैल को एवं मैहर जिले के शासकीय आईटीआई कॉलेज परिसर न्यू रामनगर में 17 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में चैतन्य फाइनेंस, स्वतंत्र फाइनेंस, आमधने प्रा.लि. एवं संजीय प्रा.लि. ऑटो, एमआरएफ, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि., उन्नति एग्रोटेक, टाटा मोटर्स, टाटा इलेक्ट्रानिक, इनफिनिटी कैरियर सोल्यूशन, फ्लिपकार्ट सतना, देवा इंटरप्राइजेज एवं मदरशन सूमि पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# नगर निगम की जनसुनवाई में आये 27 आवेदन



**जागरण, सतना।** नगर निगम सभागार में मंगलवार को सम्पन्न हुई जनसुनवाई के दौरान कुल 27 आवेदन प्राप्त हुये जिसमें से सर्वाधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना लाभ प्राप्त करने के लिए आये है। महापौर योगेश ताम्रकार स्पीकार राजेश चतुर्वेदी एवं सहायक आयुक्त हरिमित्र श्रीवास्तव की मौजूदगी में जनसुनवाई का आयोजन 11 बजे दिन से दोपहर एक बजे तक किया गया। इस दौरान अतिक्रमण से संबंधित 05 , जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 03 , प्रधानमंत्री आवास योजना के 13 , विकास कार्य से संबंधित 02 , सामान्य प्रशासन से संबंधित 01 , सम्पत्ति कर से संबंधित 02 , भंडार शाखा से संबंधित 01 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटन, आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अहातन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों अतिक्रमण के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

# जिले में नरवाई जलाने की 16 घटनायें सैटेलाईट मैपिंग में आई सामने

**सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय भोपाल से प्राप्त सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट अनुसार 5 मार्च से 13 अप्रैल तक जिले के अलग-अलग अनुविभागों में कुल 16 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं। जिसमें सतना जिले की 10 एवं मैहर जिले की 6 घटनायें रिकार्ड की गई है। सतना जिले की विकासखण्ड मझगवां में 8 एवं उचेहरा में 2 नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है। उप संचालक कृषि ने संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारियों को सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट से अवगत कराते हुये जिला दंडाधिकारी के निर्देशों के अनुरुप कार्यवाही करने का अनुरोध किया है।

# मैहर एसपी ने की जनसुनवाई



**जागरण, मैहर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अयोजित जनसुनवाई में जिले भर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें को पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल सुना और फरियादी की समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

# कृष्णानंद सरस्वती महाराज की पुण्य तिथि पर हुआ संतसमागम एवं भंडारे का आयोजन

**जागरण, सतना।** ब्रह्मलीन दंडी स्वामी महाराज कृष्णानंद सरस्वती की चौथी पुण्यतिथि कोटर के पास तिहाई आश्रम में नारायण दण्डी स्वामी सगवारा कुटी चित्रकूट धाम विश्वरूप ब्रह्मचारी अयोध्या श्री दण्डी स्वामी भास्करानंद सरस्वती के मुख्य आतिथ्य में सभी पूज्य साधु संतों एमहात्माओं और क्षेत्रीय वासियोंए भक्तों की उपस्थिति में श्रीरामचरित मानस पाठ भजन कीर्तन और विशाल भव्य भंडारे के साथ बड़े उत्साह पूर्वक मनाई गई। जिसमें संपूर्ण तिहाई वासियों के साथ साथ क्षेत्रीय लोगों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। पुण्यतिथि के उपलक्ष में आज का कार्यक्रम सगवारा वाले स्वामी श्रीनारायण स्वामी और ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी अयोध्या एवं दंडी स्वामी भास्करानंद स्वामी के संरक्षण में आतिथ्य सत्कार में हमारे क्षेत्र के गणमान्य लोग जो इस क्षेत्र के महत्वपूर्ण लोग हैं सबके उपस्थिति में हजारों लोगों के बीच जिसमें सभी आगंतुकों को जलपान और भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से उग्रसेन पयासी, डॉ तारा प्रसाद शुक्ला, पं केसी शुक्ला कोटर समाजसेवी, द्वारका प्रसाद तिवारी, रोहिणी प्रसाद द्विवेदी, बलराम प्रसाद मिश्रा बारीअमराई, दिलीप मिश्रा कोटर थाना प्रभारी, पुष्पराज सिंह चूद आर एस एस, रामकृष्ण पांडेय,रामदयाल पयासी, पप्पू उर्मलिया, रामकृष्ण तिवारी मण्डल अध्यक्ष, दिलभरन पयासी, रामदास पयाशी, छोटेलाल पांडेय पूर्व सरपंच तिहाई प्रमोद त्रिपाठी, रामपाल पं राजललन त्रिपाठी, पंडित गोमती प्रसाद सोमचंद, राजा पाण्डेय,राजरूप पाण्डेय, राहुल पांडेय, हर्ष शुक्ला, मुरारी पयासी, बांकेलाल पांडेय, शक्ति पांडेय, श्रीकांत त्रिपाठी सचिव तिहाई शामिल रहे।

























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com